www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, रविवार, 26 अप्रैल 2026 शुक्ल पक्ष-दशमी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 76 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

# ईडी ने खोला राज, 95 करोड़ की विदेशी फंडिंग से छत्तीसगढ़ में ईसाई मिशन सक्रिय, बस्तर-धमतरी में 6.5 करोड़ खर्च

**रायपुर (नवप्रदेश)।** छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित इलाकों में ईसाई धर्म के प्रचार के लिए विदेशी फंडिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी जांच में बताया है कि अमेरिका से आए पैसों का इस्तेमाल बस्तर और धमतरी में धार्मिक गतिविधियों के विस्तार में की गई। ईडी का कहना है कि भारत में लगभग 95 करोड़ रुपये लाए गए हैं। जिसमें से 6.5 करोड़ रुपये बस्तर-धमतरी में खर्च किए हैं।

प्रवर्तन निदेशालय हेडक्वार्टर ऑफिस ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि, 18 और 19 अप्रैल, 2026 को कई राज्यों में छह जगहों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई रेगुलेटरी चैनलों को बायपास करके विदेशी बैंक के डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करके संदिग्ध निकासी और फंड के इस्तेमाल के संबंध में की गई है।

यह जांच भारत में 'द टिमोथी इनिशिएटिव (टीटीआई)' नाम के एक आंदोलन से जुड़ी गतिविधियों और इस आंदोलन से जुड़े लोगों से जुड़ी है। एजेंसी का मानना है कि इस पूरे मामले में अभी और बड़े खुलासे हो सकते हैं। देशभर में इस नेटवर्क से जुड़े कितने लोग सक्रिय हैं।

### प्रदेश के नक्सल प्रभावित इलाकों में किए गए खर्च

नक्सल प्रभावित इलाकों में इस तरह की पैरेलल कैश-बेस्ड इकॉनमी का उभरना भारत की सुरक्षा और फाइनेंशियल इंटीग्रिटी के लिए एक गंभीर खतरा है और इससे गैर-कानूनी कामों के लिए गैर-कानूनी फंड की आवाजाही आसान हो सकती है। जांच में पता चला कि एटीएम से ऐसे कैश निकालने और उसके इस्तेमाल का रिकॉर्ड रखने के लिए एक बिलिंग और अकाउंटिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया था। कहा जाता है कि इस प्लेटफॉर्म को भारत के बाहर से काम करने वाली एंटिटीज़ कंट्रोल करती हैं।

### भारत में लगभग 95 करोड़ रुपये लाए गए

जांच में यह भी पता चला है कि नवंबर 2025 से अप्रैल 2026 के बीच विदेशी बैंकों के कार्ड का इस्तेमाल करके भारत में लगभग 95 करोड़ लाए गए। तलाशी के बाद 25 विदेशी बैंकों के डेबिट कार्ड, 40 लाख रुपए कैश, कई तरह के डिजिटल सबूत, डिवाइस और डॉक्यूमेंट ज़ब्त किए गए। फ़िलहाल आगे की जांच जारी है।

### Truist Bank के डेबिट कार्ड से निकाले गए पैसे

जांच से पता चला कि Truist Bank, USA, जो एक विदेशी बैंक है, उससे जुड़े विदेशी बैंक डेबिट कार्ड भारत लाए गए और भारत के कई राज्यों में एटीएम से बार-बार कैश निकालने के लिए इस्तेमाल किए गए। निकाले गए कैश का इस्तेमाल बाद में भारत में टीटीआई की गतिविधियों से जुड़े खर्चों को पूरा करने के लिए किया गया, जो एक ऐसा संगठन है जो एफसीआरए रजिस्टर्ड नहीं है। जांच से भारत के अलग-अलग हिस्सों में कई लोगों के शामिल होने का भी पता चला है।

### ईडी ने मार्क को बेंगलुरु से किया गिरफ्तार

माइका मार्क के पास से 24 विदेशी डेबिट कार्ड मिले, जिन्हें ईडी की तरफ से जारी एलओसी के आधार पर बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ब्यूरो ऑफ़ इमिग्रेशन ने पकड़ा था। वे कार्ड भारत ला रहे थे। जांच में आगे पता चला कि छत्तीसगढ़ के धमतरी और बस्तर इलाके समेत एसडब्ल्यूई से प्रभावित इलाकों में इन विदेशी डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करके अजीब और संदिग्ध कैश निकाले गए हैं, जिसमें पिछले कुछ सालों में लगभग 6.5 करोड़ रुपये निकाले गए हैं। यह देखा गया है कि इन विदेशी डेबिट कार्ड का इस्तेमाल प्लान के साथ बड़ी मात्रा में कैश निकालने के लिए किया जा रहा है, जिससे पता चलता है कि इसमें ऑर्गनाइज़्ड नेटवर्क शामिल हो सकते हैं।

■ **छह राज्यों में ईडी की कार्रवाई:** मामले की गंभीरता को देखते हुए ईडी ने 18 और 19 अप्रैल को छह राज्यों में एक साथ तलाशी अभियान चलाया। इस कार्रवाई में कई अहम दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जुटाए गए हैं, जो इस नेटवर्क की गहराई को दर्शाते हैं। एजेंसी को संदेह है कि यह नेटवर्क देश के कई हिस्सों में सक्रिय है और इसमें कई लोग शामिल हो सकते हैं।

### आज बेबाक

हम आपके हैं कौन कहते हुए और यह गाते हुए कि अच्छा तो हम चलते हैं...। आम आदमी पार्टी के 7 सांसद निकल लिये। जिनका दोनों बांह पसार कर भाजपा ने यह गाते हुए स्वागत किया कि - आइए आपका हमें इंतजार था...। अब डर यह है कि पंजाब और नई दिल्ली के कई विधायक भी कहीं यह गाते हुए पतली गली से न सटक लें कि - तुमने पुकारा और हम चले आयें...। ऐसा हुआ तो उनका भी यह गाकर स्वागत होगा कि - आप आये बहार आई...। घुंघरू सेठ घुंघरू की तरह बजते रह जाएंगे और गाएंगे कि - घुंघरू टूट गये...।

**तापमान**

| अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|
| 43° | 26° |

**बाजार भाव**

| गोल्ड | सिल्वर |
|---|---|
| 1,54,040 | 244877 |

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 76,664.21 | 23,897.95 |
| 8,289,264,517 | 1,474,512,39 |

**वेदांता हादसा :** पॉवर प्लांट के हादसे में अब तक 25 मजदूरों की मौत हो चुकी

# अनिल अग्रवाल को बचाने प्रेशर पॉलिटिक्स शुरू, क्षेत्रीय सांसद जांगड़े का काउंटर अटैक

**रायपुर (नवप्रदेश)।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में स्थित वेदांता थर्मल पावर प्लांट में 14 अप्रैल को हुए भीषण हादसे के बाद प्रेशर पॉलिटिक्स का गेम शुरू हो गया है। पॉवर प्लांट के बॉयलर ट्यूब फटने से अब तक 25 मजदूरों की मौत हो चुकी है। कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। इस गंभीर घटना को लेकर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है। इधर, हादसे की जांच पूरी होने से पहले ही भाजपा के पॉवरफुल सांसद व उद्योगपति नवीन जिंदल ने प्रेशर गेम शुरू कर दिया। इसके जवाब में क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े ने मोर्चा खोल दिया है।

भाजपा सांसद नवीन जिंदल ने हादसे के चार दिनों बाद वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल का बचाव किया। जिंदल ने एक्स पर ट्वीट करते हुए हादसे को लेकर दर्ज एफआईआर में अनिल अग्रवाल का नाम शामिल किये जाने का विरोध ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### नवीन जिंदल ने जांच को लेकर सवाल उठाए

बता दें कि निष्पक्ष जांच को लेकर विपक्षी कांग्रेस ने हादसे के फौरन बाद कई सवाल खड़े किये थे। देश के बड़े उद्योगपतियों में शामिल भाजपा सांसद नवीन जिंदल के प्रेशर गेम से वेदांता हादसे की निष्पक्ष जांच को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इधर, भाजपा की जांजगीर चांपा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े ने प्रेशर गेम पर काउंटर अटैक कर दिया है। कमलेश जांगड़े ने अब तक की जांच की धीमी गति पर असंतोष जताते हुए तीन केंद्रीय मंत्रियों को पत्र लिखा है। कमलेश जांगड़े ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को पत्र भेजकर वेदांता हादसे की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### उद्योगों में अब तक 218 की मौत

इधर, सांसद कमलेश जांगड़े ने जिले में श्रमिक सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें एसपी प्रफुल्ल ठाकुर से जानकारी मिली है कि वेदांता के अलावा जिले के अन्य उद्योगों में कुल 218 लोगों की मौत हो चुकी है। बड़ी तादाद में हो रही मौतों के बावजूद जांच न होना दुर्भाग्यजनक है। सांसद के सवालों से औद्योगिक सुरक्षा विभाग और प्रशासन कटघरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि कारखानों में श्रम कानूनों को पालन नहीं हो रहा है। सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है।

### लापरवाही पर लीपापोती

जांच में पता चला है कि मशीनरी की नियमित देखभाल में लापरवाही बरती गई। ऑपरेशनल सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन नहीं हुआ। प्रेशर फ्लक्चुएशन को नजरअंदाज किया गया। इन सभी कारणों से बड़ा हादसा हुआ, जिसने कई जिंदगियां लील ली। लेकिन, हादसे के बाद अब जिस तरह से प्रेशर गेम शुरू हुआ है, उससे कयास लगाए जा रहे हैं कि फाइनल जांच रिपोर्ट में बड़े मगरमच्छ बच जाएंगे, छोटी मछलियां ही जांच के जाल में फंसेगी।

### जांच में बड़ी लापरवाही के संकेत

प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पता चला है कि प्लांट में सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा था। तकनीकी खामियों की जानकारी होने के बावजूद उत्पादन जारी रहा। विस्फोट की आशंका पहले से होने के बावजूद बॉयलर और अन्य इकाइयों की नियमित जांच नहीं की गई। हादसे के फौरन बाद वेदांता पावर प्लांट के प्रवक्ता ने सब-कॉन्ट्रैक्टर कंपनी एनजीएसएल पर दोष मढ़ दिया। उन्होंने कहा कि प्लांट का रखरखाव एनजीएसएल के कर्मचारी कर रहे थे। प्लांट प्रबंधन की दलील से साफ जाहिर है कि जांच का रुख दूसरी ओर मोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। सब कांट्रैक्टर कंपनी को हादसे के लिये जिम्मेदार बताने की वजह भी यही मानी जा रही है।

# महिला ने आरक्षक के घर घुसकर मां-बेटे की ली जान, बेटी गंभीर

■ **भिलाई के सुपेला क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात, महिला से हो रही पूछताछ**

**भिलाई (नवप्रदेश)।** भिलाई से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां अवैध संबंधों के चलते एक महिला ने पुलिस आरक्षक के परिवार को तबाह कर दिया। इस हमले में आरक्षक की पत्नी और उनके 9 साल के मासूम बेटे की मौत हो गई है, वहीं एक बच्ची की हालत गंभीर है। यह पूरा मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, बीजापुर में पदस्थ एसटीएफ आरक्षक ललितेश यादव इन दिनों 15 दिन की छुट्टी पर दुर्ग स्थित अपने घर आए हुए थे। शनिवार सुबह करीब 8 बजे ललितेश रेलवे स्टेशन पर टिकट रिजर्वेशन कराने गए थे। घर पर उनकी पत्नी रीना यादव, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### बेटियों ने खुद को बाथरूम में किया बंद

दूसरी बेटी ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया, जिससे उसकी जान बच गई। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने आरोपी महिला को रंगे हाथों पकड़ लिया और उसके हाथ से खून से सना चाकू छीन लिया। हमले में घायल पत्नी और बेटे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी महिला सरोजनी को हिरासत में ले लिया है।

### हत्याकांड में अवैध संबंधों का हो रहा जिक्र

पुलिस की शुरुआती जांच में इस हत्याकांड के पीछे अवैध संबंधों की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि, आरोपी सरोजनी भारद्वाज शुक्रवार दोपहर को भी ललितेश के घर आई थी, तब ललितेश ने उसे समझा-बुझाकर वापस भेज दिया था। आरोपी महिला दुर्ग में किराए का मकान लेकर रह रही थी। उसे पता था कि, ललितेश सुबह घर पर नहीं होगा, इसी का फायदा उठाकर उसने हमला किया।

### गरमा-गरम

पेज 12 में पढ़े
**खबरों की मरम्मत**

# अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले लौटे ईरानी विदेश मंत्री

■ **इस्लामाबाद में पाक पीएम और आर्मी चीफ से मुलाकात की, बातचीत की शर्तें सौंपी**

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (ए.)।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शनिवार शाम इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले ही लौट गए। उन्होंने अपने दौरे के दौरान पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की।

अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर शनिवार को इस्लामाबाद पहुंचने वाले थे। लेकिन अराघची उनसे मिले बिना ही रवाना हो गए। रवाना होते वक्त पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर विदाई दी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की शर्तें और अमेरिकी मांगों पर अपनी आपत्तियां भी सौंप दी हैं। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत करने से इनकार कर दिया है।

# तेलंगाना में छत्तीसगढ़ के 47 नक्सलियों का आत्मसमर्पण, 34 हथियार भी सौंपे

**जगदलपुर (नवप्रदेश)।** नक्सल डेडलाइन खत्म होने के बाद नक्सलियों का सरेंडर जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को तेलंगाना पुलिस के सामने 47 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। डीवीसी इंचार्ज हेमला आयतु उर्फ विज्जा और 9वीं बटालियन कमांडर पोड़ियम लच्छु उर्फ मनोज जैसे बड़े चेहरे शामिल हैं। 34 हथियारों और 515 जिंदा कारतूस के साथ तेलंगाना में सामूहिक आत्मसमर्पण किया।

एससीएम स्तर का 1, 3 डीवीसीएम, 24 एसीएम और 19 पार्टी सदस्य शामिल हैं। दक्षिण बस्तर डिवीजनल कमेटी पूरी तरह ध्वस्त हो ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### डीजीपी की मौजूदगी में दी गई सहायता राशि

डीजीपी शिवधर रेड्डी की मौजूदगी में सरेंडर करने वाले नक्सलियों को 1 करोड़ 50 लाख की सहायता राशि दी जाएगी। तेलंगाना में अब तक 260 नक्सलियों का आत्मसमर्पण किया है। अभियान को लगातार बड़ी सफलता मिल रही है, जिससे इलाके में शांति बहाली की हो रही है।

# सीएम साय ने जापान के प्रतिनिधिमंडल के साथ निवेश तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार पर की चर्चा

**रायपुर (वार्ता)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शनिवार को रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में जापान से आए प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक विकास और तकनीकी सहयोग के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने इस अवसर पर अपने जापान प्रवास का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार की उद्योगोन्मुखी और निवेश प्रोत्साहनकारी नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जापान तकनीकी दृष्टि से अग्रणी देश है और वहां की उन्नत विशेषज्ञता का लाभ छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के निवेश और सहयोग से प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। जापान से आए प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में निवेश के लिए अनुकूल और पारदर्शी वातावरण तैयार हुआ है, जिससे उद्योगों के विस्तार के लिए बेहतर संभावनाएं उपलब्ध हो रही हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में अपने निवेश को और बढ़ाने की इच्छा भी व्यक्त की। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा, सचिव पी. दयानंद, डायरेक्टर युकीहिरो मोमोसे, कोनोइके ट्रांसपोर्ट के एक्जीक्यूटिव ऑफिसर तोशीहीरो फूजीवारा, मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील दीक्षित तथा हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के पूर्व सीएमडी केडी दीवान उपस्थित थे।

# इकलौती संतान की मौत: 55 साल के पति और 49 की पत्नी को हाईकोर्ट ने दी आईवीएफ की अनुमति

■ **दंपती ने बेटी खोने के बाद दोबारा परिवार शुरू करने का निर्णय लिया**

**बिलासपुर (नवप्रदेश)।** हाईकोर्ट ने एक बेहद संवेदनशील मामले में इकलौती संतान खो चुके बिलासपुर निवासी दंपती को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उम्र सीमा की तकनीकी बाधा को किनारे रखते हुए कहा कि संतान सुख व्यक्ति के जीवन और गरिमा का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए 55 वर्ष पार कर चुके पति की उम्र आईवीएफ का अधिकार रोकने का आधार नहीं हो सकती।

बिलासपुर हाई कोर्ट कॉलोनी निवासी 49 वर्षीय महिला और उनके 55 वर्षीय पति की इकलौती बेटी का वर्ष 2022 में असामयिक निधन हो गया था। भावनात्मक आघात के बाद दंपती ने पुनः परिवार शुरू करने का फैसला लिया और बिलासपुर के एक निजी आईवीएफ सेंटर से परामर्श किया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### रिप्रोडक्टिव ऑटोनॉमी अनुच्छेद 21 का हिस्सा

जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच ने दंपती की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, रिप्रोडक्टिव ऑटोनॉमी यानी प्रजनन स्वायत्तता, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मूल अधिकार है। एआरटी एक्ट में उम्र सीमा व्यक्तिगत रूप से लागू होती है, सामूहिक रूप से नहीं। चूंकि पत्नी की उम्र 50 वर्ष से कम है और वह चिकित्सकीय रूप से सक्षम हैं, इसलिए पति की उम्र कुछ अधिक होने का आधार आईवीएफ रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**आस्था:** लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना, सुरक्षा-स्वास्थ्य, यातायात के लिए प्रशासन सतर्क

# खैरागढ़ में खुलेगी मण्डीप खोल गुफा, 27 अप्रैल को होंगे दर्शन

**खैरागढ़ (नवप्रदेश)।** छत्तीसगढ़ के खैरागढ़-छुईखदान-गंडई क्षेत्र स्थित ठाकुरटोला जमीदारी की प्रसिद्ध मण्डीप खोल गुफा एक बार फिर श्रद्धा का केंद्र बनने जा रही है। यह गुफा साल में सिर्फ एक दिन श्रद्धालुओं के लिए खोली जाती है और इस वर्ष 27 अप्रैल को दर्शन होंगे। इसे लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सुरक्षा, स्वास्थ्य, यातायात सहित सभी जरूरी व्यवस्थाएं लगभग पूरी कर ली गई हैं। मण्डीप खोल गुफा को लेकर स्थानीय मान्यता है कि यहां भगवान शिव ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### वैज्ञानिकों ने जताई पर्यावरणीय चिंता

विशेषज्ञों के अनुसार मण्डीप खोल गुफा का आंतरिक वातावरण बेहद संवेदनशील है। यहां अंधकार, नमी और स्थिरता बनी रहती है, जिससे एक खास प्रकार का जैव तंत्र विकसित हुआ है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अचानक बढ़ने वाली भीड़, शोर और प्रदूषण इस संतुलन को बिगाड़ सकते हैं और गुफा के जीव-जंतुओं व संरचना पर असर डाल सकते हैं। गुफा विशेषज्ञ डॉ. जयंत बिस्वास का कहना है कि गुफाओं को पूरी तरह साफकरना या अंदर धार्मिक गतिविधियां बढ़ाना सही नहीं है।

### कठिन रास्तों से होकर पहुंचते हैं श्रद्धालु

घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच स्थित इस गुफा तक पहुंचना आसान नहीं है। श्रद्धालुओं को ऊबड़-खाबड़ रास्तों और प्राकृतिक बाधाओं को पार करना पड़ता है, जिससे यह यात्रा आस्था के साथ उत्साह बढ़ाने का भी अनुभव कराती है। गुफा के अंदर प्राकृतिक शिवलिंग, पवित्र कुंड और 'श्वेत गंगा' नामक जलधारा मौजूद है, जिसे क्षेत्र का महत्वपूर्ण जल स्रोत भी माना जाता है।

### प्रशासन अलर्ट, भीड़ नियंत्रण पर फोकस

जिला पंचायत खैरागढ़ के सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने बताया कि इस बार भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए पुलिस बल, स्वास्थ्य टीम और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं तैनात की जा रही हैं। हर साल यहां उमड़ने वाली भीड़ इस गुफा की लोकप्रियता को दर्शाती है, लेकिन इसके साथ ही यह चुनौती भी सामने है कि इस अनमोल प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित कैसे रखा जाए। मण्डीप खोल गुफा अब सिर्फआस्था का केंद्र नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और संतुलन का भी एक बड़ा उदाहरण बनती जा रही है।

# तांदुला नदी का होगा पुनरूद्धार, जिला प्रशासन के प्रयासों से जीवनदायिनी नदी का होगा कायाकल्प

- जल संसाधन विभाग जिला बालोद एवं आईआईटी भिलाई के मध्य आज हुआ एमओयू
- तांदुला नदी के पुनरूद्धार से नदी पुर्नजीवन से संबंधित अनेक परियोजनाओं के लिए प्रशस्त होगा मार्ग

**बालोद/नवप्रदेश।** बालोद जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से शीघ्र ही जिले की जीवन दायिनी तांदुला नदी का पुनरूद्धार होने से यह नदी अपने नए स्वरूप में प्रस्तुत होगा। इसके पुनरूद्धार कार्य हेतु आज जल संसाधन विभाग जिला बालोद एवं आईआईटी भिलाई के इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के मध्य औपचारिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। जिला प्रशासन के विशेष पहल पर शुरू किए गए यह कार्य बालोद जिले में नदी पुर्नजीवन के लिए एक वैज्ञानिक सतत एवं सामुदायिक भागीदारी आधारित मॉडल स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई में आज संपन्न एमओयू के दौरान दुर्ग संभाग के आयुक्त श्री सत्य नारायण राठौर, कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री पीयूष देवांगन सहित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के दिशा-निर्देशन में बालोद जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए इस पहल से जिले की जीवन दायिनी तांदुला नदी का शीघ्र ही कायाकल्प होने के साथ-साथ यह नदी धरती माता आम जनता की सेवा में अपनी स्वरूप में प्रस्तुत होने वाली है।

संभाग आयुक्त श्री सत्य नारायण राठौर ने बालोद जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से जीवन दायिनी तांदुला नदी को सजाने, संवारने की दिशा में शुरू किए गए इस महत्वपूर्ण कार्य की भूरी-भूरी सराहना की। श्री राठौर ने बालोद जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण पहल को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयोचित प्रयास बताया। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस परियोजना की सफलता न केवल बालोद जिले के लिए बल्कि भविष्य में समूचे छत्तीसगढ़ राज्य में नदी पुर्नजीवन से संबंधित अनेक परियोजनाओं के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी। संभाग आयुक्त ने जिला प्रशासन बालोद एवं आईआईटी भिलाई को इस महत्वपूर्ण कार्य की सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने इस परियोजना के व्यापक उद्देश्यों के संबंध में एक स्पष्ट दृष्टि प्रस्तुत की। उन्होंने वर्तमान में तांदुला नदी के समक्ष सेलेटेशन, प्रदूषण, जल प्रवाह में मौसमी अस्थिरता एवं पारिस्थितिक क्षरण जैसे मौजूद चुनौतियों के संबंध में प्रकाश डाला। इसके अलावा उन्होंने बालोद जिला प्रशासन की ओर से तांदुला जलाशय से हीरापुर एनीकट तक 03 किमी. के क्षेत्र तक के क्षेत्र को भविष्य में संतुलित स्वच्छ एवं पर्यावरणीय रूप से सुदृढ़ नदी तंत्र के रूप में विकसित करने की योजना के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर आईआईटी भिलाई की टीम के द्वारा इस बहुद्देश्यी परियोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। जिसके अंतर्गत निर्धारित समयावधि में इनके क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत योजना एवं प्रमुख फोकस क्षेत्रों के संबंध में जानकारी भी साझा की गई। इसके अलावा वैज्ञानिक सर्वेक्षण, जल गुणवत्ता सुधार, जैव विविधता संरक्षण, जल प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को भी रेखांकित किया गया। जिसका बालोद जिला प्रशासन द्वारा भूरी-भूरी सराहना की गई।

उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के अंतर्गत तांदुला जलाशय से हीरापुर एनीकट तक 03 किमी. के चयनित क्षेत्र के महत्वपूर्ण हिस्से को एक हाइड्रोलॉजिकली स्थिर एवं पारिस्थितिक रूप से समृद्ध नदी कॉरिडोर में परिवर्तित करने की योजना शामिल है। इसमें उन्नत तकनीकी सर्वेक्षण, प्रकृति-आधारित समाधान एवं समुदाय की सक्रिय भागीदारी को समाहित किया गया है। जिससे कि आम जनता को इस योजना का दीर्घकालिक परिणाम मिल सके। बालोद जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से शुरू किया गया यह पहल परियोजना अंचल के सतत विकास, पर्यावरणीय पुर्नस्थापना और जनभागीदारी के माध्यम से क्षेत्रीय विकास का एक प्रेरणादायी मॉडल बनाने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रयास है।

## खाद विक्रेता संघ 9 सूत्रीय मांगों का लेकर 27 को सौंपेगा ज्ञापन

**महासमुंद / नवप्रदेश।** खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों की समस्याओं को लेकर देशभर में आवाज तेज होती जा रही है। इसी क्रम में ब्लॉक खाद विक्रेता संघ महासमुंद ने 27 अप्रैल 2026 को मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में प्रस्तावित एक दिवसीय प्रतिष्ठान बंद (हड़ताल) को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है।संघ के अध्यक्ष जागेश्वर जुगनू चंद्राकर के नेतृत्व में यह निर्णय ऑल इंडिया संगठन के आह्वान पर लिया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में खाद विक्रेताओं को जटिल नियमों, प्रशासनिक दबाव और घटते मुनाफे जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे व्यापार करना दिन-ब-दिन कठिन होता जा रहा है। संघ द्वारा रखी गई मांगों में विक्रेताओं का कमीशन बढ़ाने, लाइसेंस प्रक्रिया को सरल बनाने, अनावश्यक निरीक्षण व उत्पीड़न पर रोक लगाने तथा सुरक्षित व्यापारिक वातावरण सुनिश्चित करने जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने, निलंबित लाइसेंस बहाल करने, खाद की सुचारू आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने और टैगिंग जैसी अनावश्यक प्रक्रियाओं को समाप्त करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इसी कड़ी में 27 अप्रैल को महासमुंद ब्लॉक के सभी खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी एकजुट होकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे और अपनी 9 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से रखेंगे।

## श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान सप्ताह का शुभारंभ

**महासमुंद / नवप्रदेश।** शहर के पंजाबी पारा स्थित वार्ड क्रमांक 23 में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान सप्ताह का शुभारंभ गुरुवार को अत्यंत भव्य और भक्तिमय वातावरण में हुआ। आयोजन के पहले ही दिन श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। आचार्य नारायण दास वैष्णव के सानिध्य में निकाली गई आकर्षक कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। कथा स्थल से प्रारंभ हुई यह यात्रा रामेश्वरी मंदिर पहुंची और पुनः कथा स्थल में आकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। भजन-कीर्तन, शंखनाद और जयघोष से गूंजते माहौल ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।कथा के दूसरे दिन आचार्य नारायण दास वैष्णव ने श्रीमद भागवत महापुराण के द्वितीय स्कंध का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने शुकदेव-परिक्षित संवाद के माध्यम से जीवन की क्षणभंगुरता और भक्ति के महत्व को सरल भाषा में समझाया। वहीं नारद अवतार की कथा के जरिए सत्संग और प्रभु स्मरण की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## फिंगेश्वर में किसान समिति के द्वारा मनाया गया अक्षय तृतीया का पर्व

**फिंगेश्वर /नवप्रदेश।** फिंगेश्वर में किसान समिति के अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर एवं किसान भाइयों द्वारा अक्षय तृतीया का पर्व ठाकुर देव की पूजन आर्चन कर मनाया गयाद्य प्रातः 8:00 बजे से शीतला मंदिर के बैगा पुजारी के द्वारा विधि विधान से पूजन कर यह पर्व को मनाया गया द्य वही सभी किसानों के द्वारा पूजा के लिए धान दोना में लाकर एक स्थान पर रखकर पूजा किया गयाद्य अक्षय तृतीया से ही किसानों का नया वर्ष का शुभारंभ हो जाता है द्य उसी दिन से ही किसान अपने खेत में बुवाई का कार्य शुरू करते हैंद्य फिंगेश्वर किसान समिति के द्वारा संयुक्त रूप से पूजा पाठ कर क्षेत्र के किसानों की खुशहाली और अच्छी फसल की कामना करते हुए ठाकुर देव से प्रार्थना किया गयाद्य इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान समिति के अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर, उपाध्याय संतु निषाद, सचिव डोमार ध्रुव, कोषाध्यक्ष रामाधीन साहू, दूजलाल बंजारे, नरेश लहरे, पन्नालाल बंजारे,अशोक निषाद, गैद मांडले, अमरु निषाद, लखन ध्रुव, डीहू बंजारे, लोकेश यदु, ग्रेंद ध्रुव, प्रेमु मांडले, सीताराम निषाद, शालिराम ध्रुव, विष्णु कश्यप, आशा, नाथू, शुभ हरित, विकास हरित, एवं समस्त किसान भाई उपस्थित थे।

## आम नागरिकों को जनगणना-2027 के संबंध में दी गई जानकारी

**बालोद/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों के द्वारा बालोद जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आज 24 अप्रैल को आयोजित विशेष ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों को जनगणना 2027 के कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने जनगणना के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी नागरिकों से जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना के राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करने की अपील की गई। इस दौरान जनगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा विशेष ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों को ऑनलाईन स्वगणना भरने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सभी को ऑनलाईन स्वगणना भरने के लिए प्रेरित भी किया गया।

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं लैब-सुविधाओं की समीक्षा

# कलेक्टर ने किया निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई, त्वरित सुधार के निर्देश

**कोरबा/नवप्रदेश।** कलेक्टर कोरबा कुणाल दुदावत ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कोरबा का औचक निरीक्षण कर संस्थान की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं लैब-सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण अव्यवस्थाएँ सामने आईं, जिन पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत प्रशासनिक शाखा से हुई, जहां कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रजिस्टर, उपस्थिति संख्या और अन्य अभिलेखों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राचार्य द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। इस पर कलेक्टर ने खाते व अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने संस्थान में वर्षों से पड़ी अनुपयोगी सामग्री को शासन के नियमों के अनुसार स्क्रैप में निस्तारित करने का भी आदेश दिया।

इलेक्ट्रिकल लैब के निरीक्षण में पाया गया कि विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल कार्य नियमित रूप से नहीं कराया जा रहा है। कलेक्टर ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लैब संचालन को सुव्यवस्थित करने और सभी प्रैक्टिकल गतिविधियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कार्यालयीन शाखा में स्टाफ कक्षों पर किसी भी कर्मचारी की नेम प्लेट अथवा कार्य-विभाजन की जानकारी प्रदर्शित न होने पर कलेक्टर ने विशेष आपत्ति जताई और आदेश दिया कि तीन दिनों के भीतर सभी कर्मचारियों की नेम प्लेट तथा आवंटित कार्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए, ताकि कार्यालयीन पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

कैंपस में स्वच्छता व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई। कॉलेज परिसर में फैली अव्यवस्था और अपर्याप्त सफाई व्यवस्था पर कलेक्टर ने तत्काल सफाई व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए। प्रोसेस इंस्ट्रुमेंटेशन लैब में वर्ष 2024 में खरीदे गए 19 कंप्यूटरों में से 14 कंप्यूटर अब तक उपयोग में नहीं लाए गए थे। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कलेक्टर ने सभी कंप्यूटरों को तीन दिनों के भीतर इंस्टॉल कर पूर्णतः क्रियाशील स्थिति में लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग लैब में मौजूद उपकरणों के रखरखाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी उपकरणों को सदैव कार्यशील स्थिति में रखने के लिए कहा।

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कॉलेज में पीडब्ल्यूडी द्वारा संचालित मरम्मत एवं रखरखाव कार्य धीमी गति से चल रहे हैं। कलेक्टर ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग लैब के निरीक्षण में उपकरणों तथा सामग्री को अव्यवस्थित अवस्था में पाया गया, जिस पर उन्होंने सभी सामग्री को व्यवस्थित रखने और अनुपयोगी वस्तुओं को स्क्रैप में निस्तारित करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने गुरुकुल कोसरंगी पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**महासमुंद / नवप्रदेश।** जिले में चल रहे पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान और ÷ज्ञान भारतम÷ ऐप में अपलोड की प्रगति का जायजा लेने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह आज गुरुकुल कोसरंगी के पुस्तकालय कक्ष पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां सुरक्षित रखी गई 44 प्रकार की लगभग 3000 पृष्ठों की दुर्लभ पांडुलिपियों का गहन अवलोकन किया। पुस्तकालय में भोजपत्र, ताड़पत्र और बांस पर संरक्षित रामायण के सभी कांड, चारों वेद तथा आयुर्वेद से संबंधित महत्वपूर्ण ग्रंथ सुरक्षित पाए गए, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रमाण हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने संस्था के आचार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान देश की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह अभियान प्राचीन लिपियों और ज्ञान को दस्तावेजीकृत कर आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे ÷ज्ञान भारतम÷ ऐप डाउनलोड कर इस अभियान से जुड़ें और सक्रिय भागीदारी निभाएं। कलेक्टर ने बताया कि यदि जिले में कहीं भी 100 वर्ष या उससे अधिक पुरानी पांडुलिपियां उपलब्ध हों, तो उसकी जानकारी अवश्य दें, ताकि उनके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पांडुलिपियों को जमा करने की जरूरत नहीं है, बल्कि उनका फोटो लेकर ऐप में अपलोड करना ही पर्याप्त है। चार चरणों में आसान सर्वे प्रक्रिया-जिला संयोजक एवं डीएमसी रेखराज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल के माध्यम से सर्वेक्षण की प्रक्रिया बेहद सरल है। इसमें मिशन एवं सेटअप, सर्वेक्षण प्रारंभ करना, विवरण दर्ज करना तथा सबमिशन एवं ट्रैकिंग जैसे चार प्रमुख चरण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उपयोगकर्ता मोबाइल नंबर या ईमेल के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं और सटीक लोकेशन के लिए ऐप को लोकेशन एक्सेस देना आवश्यक होता है। सर्वेक्षण के दौरान भाषा का चयन अपनी सुविधा अनुसार किया जा सकता है।

# खरीदी के नाम पर लूट, उपार्जन केंद्र बने भ्रष्टाचार का अड्डा : केशरवानी

- बिडोरा धान उपार्जन केंद्र में धान की कमी का मामला आया सामने : आकाश केशरवानी

**कवर्धा/नवप्रदेश।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था एक बार फिर बड़े घोटालों के कारण सुर्खियों में है। लगातार सामने आ रहे है मामले बता दे बिडोरा में 22 लाख 26 हजार 235रूपए का धान कमी पाया गया है।सामने आ रहे मामलों ने पूरे सिस्टम के पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने कहा है की कबीरधाम जिले में धान खरीदी सत्र 2025- 26 के दौरान बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किए जाने के गंभीर मामले है, यह पूरा खेल सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया, जिसमें उपार्जन केंद्र से लेकर संग्रहण केंद्र और कस्टम मिलिंग तक कई स्तरों पर गड़बड़ियां की गई।

हाल ही में जिले के बघर्रा, बाघामुड़ा और रमतला उपार्जन केंद्रों में जांच के दौरान लगभग 4472 क्विंटल धान गायब पाया गया, जिसकी कीमत करीब 1 करोड रुपए से अधिक का अनियमियता आया है ठीक इसके बाद नया मामला सेवा सहकारी समिति बिडोरा में 22 लाख 26 हजार 235 रूपए का धान कमी पाया गया है।जांच कमेटी का विवरण केंद्र की जांच निम्नलिखित दल द्वारा आकस्मिक रूप से दिनांक 26 फरवरी 2026 की गई एवं खाद्य निरीक्षक सहसपुर लोहारा द्वारा जांच प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत

**जाँच कमेटी का विवरण**

केंद्र की जांच निम्नलिखित दल द्वारा आकस्मिक रूप से दिनांक 26/02/2026 की गई एवं खाद्य निरीक्षक स.लोहारा के द्वारा जांच प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है जिसके तथ्य निम्नानुसार है सेवा सहकारी समिति बिडोरा के अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र बिडोरा में खरीफ विपणन वर्ष 2025ङ्क26 मे धान खरीदी प्रभारी के रूप में अर्जुन यादव पदस्थ है। वर्तमान में अर्जुन यादव खरीफविपणन वर्ष 2025 - 26 हेतु धान खरीदी प्रभारी के रूप में धान खरीदी व उठाव के समम्त जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे है। इसके अतिरिक्त वे उक्त समिति में प्रभारी संस्था प्रबंधक मूल पद विक्रेता के रूप में पदस्थ है।

# अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की सक्रियता से बदली मुक्तिधाम की तस्वीर

**नगरी / नवप्रदेश।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 स्थित मुक्तिधाम, जो लंबे समय से जर्जर और उपेक्षित अवस्था में था, आज एक नए और सुसज्जित स्वरूप में नजर आ रहा है। यह परिवर्तन नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा उपाध्यक्ष विकास बोहरा की तत्परता और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है।

वार्ड के पार्षद हरीश साहू यश करण पटेल एवं शंकर देव द्वारा मुक्तिधाम की दयनीय स्थिति से अवगत कराए जाने पर अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बिना विलंब के आवश्यक कार्यों को स्वीकृति हेतु नगर पंचायत के सीएमओ यशवंत वर्मा इंजीनियर परमेश कुमार ध्रुव को इसकी जानकारी देते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया।

मुक्तिधाम परिसर में सीसी रोड का निर्माण कराया गया, जिससे अंतिम यात्रा में आने-जाने वाले लोगों को सुविधा मिल सके। वहीं, जर्जर हो चुके टीन शेड, जो आंधी-तूफान और आगजनी के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके थे, उन्हें हटाकर नए टीन शेड का निर्माण किया गया। इसके साथ ही, श्रद्धालुओं के बैठने हेतु बने चबूतरे की मरम्मत कर उसे रंग-रोगन कर आकर्षक और व्यवस्थित रूप दिया गया।यह मुक्तिधाम वार्ड क्रमांक 13, 14 और 15 के निवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहां वे अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करते हैं। ऐसे संवेदनशील स्थल के विकास कार्य को प्राथमिकता देते हुए कम समय में पूरा करना, प्रशासन की सजगता और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

## नगर निगम द्वारा संचालित पांच वाटर एटीएम चालू

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** नागरिको को एक रूपये में एक लीटर शुद्ध व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने नगर निगम द्वारा वर्षो पहले 6 स्थानो पर वाटर एटीएम स्थापना की गयी थी,जो तकनीकि खराबी के कारण कुछ समय से खराब स्थिति में आ गयी थी। जिसे महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर मरम्मत कर पॉच वाटर एटीएम चालू किया गया।उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों नगर निगम, जिला कार्यालय, नया बस स्टैण्ड, चौपाटी के पास, बसंतपुर जिला चिकित्सालय, हाट बाजार में वाटर एटीएम लगाया गया था, जिसका देख रेख एवं संधारण कार्य समय समय में वाटर एटीएम संचालक द्वारा किया जा रहा था। वाटर एटीएम लगाने का उद्देश्य 1 रूपये में शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना था। वर्षो से लगे होने के कारण वाटर एटीएम में खराबी आ गयी थी तथा हाट बाजार के वाटर एटीएम का समान भी चोरी हो गया था।

क्रिकेट का रोमांचः मैदान में हारा इंसान जीत सकता है, मन से हारा नहींः परमीत सिंह माटा

# गौधाम कप के चौथे दिन बिट्टू इलेवन की शानदार जीत

**पिथौरा/नवप्रदेश।** नगर के स्थानीय शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित श्री गोविंद कमला गौधाम कप रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांच अपने चरम पर है। मॉर्निंग क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस स्पर्धा के चौथे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि परमीत सिंह माटा (निशू), अध्यक्षता कुलजीत आजमानी एवं विजय गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। मंच पर सतीश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल एवं मेहर सलूजा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि पत्रकार परमीत सिंह माटा ने अपने ओजस्वी संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा और पत्रकारिता की कलम और खिलाड़ी का बल्ला, दोनों में एक बात समान है–दोनों ही अनुशासन और सटीक निशाने की मांग करते हैं। जैसे एक गलत खबर समाज को गुमराह कर सकती है, वैसे ही खेल भावना के बिना खेला गया खेल सिर्फ मनोरंजन बनकर रह जाता है। यह प्रतियोगिता सिर्फएक खेल नहीं, बल्कि गौ-सेवा और खेल प्रतिभाओं के निखार का एक पावन संकल्प है। याद रखिएगा, मैदान में हारा हुआ इंसान फिर से जीत सकता है, लेकिन मन से हारा हुआ इंसान कभी नहीं जीत सकता।



**अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया**

मुख्य अतिथि परमीत सिंह माटा द्वारा टॉस उछालकर मैच की शुरुआत की गई। चौथे दिन का मुख्य मुकाबला बिट्टू इलेवन बनाम नूतन कार के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिट्टू इलेवन ने निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर 136 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा।जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नूतन कार की टीम बिट्टू इलेवन की सधी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम मात्र 97 रनों पर सिमट गई। इस तरह बिट्टू इलेवन ने यह मैच 39 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया। बिट्टू इलेवन की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए फहद दयाला ने 5 विकेट चटकाए, जिन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफद मैच' से नवाजा गया।

**समिति का प्रयास सराहनीयः** अध्यक्षता कार रहे अतिथि कुलजीत आजमानी ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद रात्रिकालीन आयोजन कर स्ष्ट ने पिथौरा का मान बढ़ाया है। मॉर्निंग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष भोज राज डाडसेना ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना है।

# राष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए दो खिलाड़ियों का चयन

- आयुष और अनमोल द्विवेदी छत्तीसगढ़ टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व, राज्य स्तरीय प्रदर्शन के दम पर मिली जगह

**महासमुंद / नवप्रदेश** बागबाहरा के उभरते क्रिकेट खिलाड़ी आयुष द्विवेदी और अनमोल द्विवेदी का चयन राष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 24 अप्रैल से 1 मई 2026 तक तमिलनाडु में आयोजित की जाएगी, जिसमें दोनों खिलाड़ी छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

दोनों खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। रायपुर संभाग की ओर से खेलते हुए उन्होंने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। बस्तर के खिलाफखेले गए मुकाबले में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के चलते विपक्षी टीम मात्र 25 रन पर सिमट गई। इस मैच में आयुष द्विवेदी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में बिना कोई रन दिए 4 विकेट झटके।

वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायपुर की ओपनर जोड़ी अनमोल और हर्षित ने मात्र 3 ओवर में बिना विकेट गंवाए टीम को जीत दिला दी।दुर्ग के खिलाफ मुकाबले में भी आयुष का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने 3 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट लिए और दुर्ग की टीम को 50 रन पर रोक दिया। इसके बाद अनमोल और आयुष की जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को 10 विकेट से जीत दिलाई।

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी का बड़ा खुलासा, बाबू खेमानी के घर रेड, 5 लग्जरी कारें जब्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी के जरिए करोड़ों की संपत्ति बनाने वाले आरोपी बाबू खेमानी की ब्लैक मनी का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने 24 अप्रैल को गंज थाना क्षेत्र में उसके घर पर दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की।

पुलिस रेड के दौरान बाबू खेमानी के आमानाका स्थित मारुति एनक्लेव के घर से 5 लग्जरी कारें बरामद की गईं। छापेमारी के समय घर पर उसकी पत्नी, भाई करण की पत्नी और मां मौजूद थीं।

### महंगे इलाकों में निवेश का खुलासा

जांच में सामने आया है कि बाबू खेमानी ने शहर के कई पॉश इलाकों में निवेश किया है। इनमें आमानाका स्थित मारुति एनक्लेव, रविभवन में मोबाइल दुकान, जोरापारा में गोदाम, वीआईपी रोड और महासमुंद-बागबाहरा मेन रोड पर करीब 1 एकड़ जमीन शामिल है। पुलिस अब इन सभी संपत्तियों के दस्तावेजों की जांच कर रही है।

**पिता और भाई फरार:** मामले में बाबू खेमानी के साथ उसके पिता ब्रह्मानंद खेमानी और भाई करण खेमानी के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पिता और भाई फरार बताए जा रहे हैं।

**सोशल मीडिया पर भी एक्टिव:** बाबू खेमानी खुद को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बताता था और इंस्टाग्राम पर रील व वीडियो बनाता था। इनमें कई आपत्तिजनक कंटेंट भी सामने आए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### 50 से ज्यादा आईडी से चल रहा था सट्टा

पुलिस के मुताबिक, बाबू उर्फ गुलशन खेमानी और उसका भाई करण ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने के लिए 50 से अधिक आईडी का इस्तेमाल करते थे। साथ ही पुलिस ने परिवार के बैंक खातों की लेन-देन की भी जांच शुरू कर दी है।

## इनर व्हील क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर का गांधी उद्यान में जनहित कार्य और यातायात जागरुकता अभियान चलाया

**रायपुर/नवप्रदेश।** इनर व्हील क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर द्वारा सामाजिक सेवा के अंतर्गत गांधी उद्यान में आम नागरिकों की सुविधा हेतु एक बैठने की बेंच भेंट की गई। साथ ही यातायात जागरूकता अभियान के तहत क्लब की ओर से उपस्थित लोगों को सीट बेल्ट एवं हेलमेट पहनने तथा यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया एवं सुरक्षित सड़क यातायात के संकेत युक्त पोस्टर लगाए गए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिविल लाइन वार्ड 46 की पार्षद, एमआईसी सदस्य एवं नगर पालिका निगम एससी/एसटी कल्याण विभाग की अध्यक्ष श्रीमती संजना संतोष हियाल उपस्थित रहीं। उन्होंने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और नागरिकों को सुरक्षित यातायात के प्रति प्रेरित करते हैं।

क्लब की अध्यक्षा श्रीमती गीता जेठानी ने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। वहीं क्लब सचिव प्रज्ञा नायडू ने लोगों से अपील की कि वाहन चलाते समय स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ परिवार की खुशियों का भी ध्यान रखें और हमेशा यातायात नियमों का पालन करें।

# खेलों में समग्र विकास के लिए छत्तीसगढ़ तैयार: अरुण साव

**रायपुर/श्रीनगररायपुर/नवप्रदेश।** देश में खेलों के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में छत्तीसगढ़ ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव शामिल हुए। शिविर में केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया, राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे सहित विभिन्न राज्यों के खेल मंत्री, अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद रहे।

**समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध छत्तीसगढ़:** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ खेलों के क्षेत्र में समग्र विकास के लिए पूरी तरह तैयार है और देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य का लक्ष्य है कि गांव-गांव और शहर-शहर से नए खिलाड़ी उभरें और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप 2047 तक भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर काम कर रही हैं। तीसरे सत्र में डोपिंग और खेल नैतिकता पर गंभीर चर्चा हुई। प्रतिबंधित दवाइयों के उपयोग पर सख्त नियम लागू करने और डोपिंग को अपराध की श्रेणी में लाने की नीति दोहराई गई।

### पहले दिन इन मुद्दों पर हुआ मंथन

चिंतन शिविर के पहले दिन 'मेडल स्ट्रेटजी ङ्क खेलो इंडिया' पर गहन चर्चा हुई। इसमें प्रशिक्षकों के कौशल विकास, स्पोर्ट्स साइंस के विस्तार और 2048 तक भारत को ओलंपिक पदक तालिका में शीर्ष-5 देशों में शामिल करने के रोडमैप पर विचार किया गया। दूसरे सत्र में 'खेलो भारत नीति' के तहत केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया। खिलाड़ियों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के प्रभावी उपयोग, प्रतिभा पहचान, खेल अकादमियों के मानकीकरण और स्कूल स्तर पर खेलों को अनिवार्य बनाने पर सहमति बनी।

### खिलाड़ियों के लिए नई सोच

शिविर में इस बात पर जोर दिया गया कि खिलाड़ी केवल नौकरी के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए पदक जीतने के लक्ष्य के साथ खेलें। साथ ही ऐसा मॉडल विकसित करने की आवश्यकता बताई गई, जिससे खिलाड़ी नौकरी के बाद भी अपना खेल करियर जारी रख सकें। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, खेल अधोसंरचना के विस्तार और बच्चों को अधिक समय खेल गतिविधियों में देने पर भी विशेष जोर दिया गया।

## पुलिस का एक्शन: वेस्ट जोन में कॉम्बिंग अभियान, दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** वेस्ट जोन में पुलिस ने विशेष औचक कॉम्बिंग अभियान चलाकर अपराधियों पर बड़ा शिकंजा कसा है। इस अभियान के दौरान 235 संदिग्धों की चेकिंग की गई, जिसमें 135 मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

डीसीपी (वेस्ट जोन) संदीप पटेल के निर्देशन और एडीसीपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यह अभियान रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक चलाया गया। इसमें करीब 150 पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया।

पुलिस ने इस दौरान रात्रिकालीन गश्त, हॉटस्पॉट डोमिनेशन और संदिग्ध व्यक्तियों की प्रोफाइलिंग की। साथ ही हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन और औचक चेकिंग भी की गई। खास बात यह रही कि ड्रोन सर्विलांस के जरिए संकरी गलियों और संवेदनशील इलाकों में निगरानी रखी गई, जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत नियंत्रण संभव हो सका। अभियान के तहत कुल 98 वारंट तामील किए गए, जिनमें 30 गिरफ्तारी, 16 स्थायी और 52 जमानती वारंट शामिल हैं। इसके अलावा आर्म्स एक्ट के 2, आबकारी एक्ट के 9, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के 31 और शराब पीकर वाहन चलाने के 3 मामलों में कार्रवाई की गई।

# साड़ी में है दम

विजय मिश्रा 'अमित'

सृष्टि में मनुष्य ही ऐसा जीव है, जो वस्त्रों से तन ढकता है। स्त्री हो या पुरुष उसे तन ढकने के लिए परिधान की आवश्यकता होती है। भारत के अलग-अलग राज्यों में निवासरत लोगों का परिधान भी अलग-अलग होता है।अनादि काल से स्त्री परिधान में सर्वाधिक प्रचलित लोकप्रिय परिधान साड़ी ही है। तभी तो महाकवि भूषण ने द्रौपदी चीरहरण के समय निर्मित स्थिति को देखते हुए अद्भुत रस सहित संदेह अलंकार में लिखा है- 'सारी बीच नारी है कि नारी बीच सारी है,सारी ही की नारी है कि नारी ही की सारी है'। भारतीय परिधान में साड़ी के प्रति ललक ऐसी है कि विदेशी महिलाएं भी साड़ी पहनने को आतुर रहती हैं। साड़ी का पहनावा भी बड़ा ही चमत्कारिक है। जिसमें ना तो कोई बटन,ना कोई चैन ना ही कोई नाड़ा होता है।

भारतीय संस्कृति पारंपरिक शिल्प कौशल और नारीत्व श्रृंगार साड़ी की गरिमा को बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष 21 दिसंबर को विश्व साड़ी दिवस मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ में महिलाओं का महापर्व तीजा तो साड़ी के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। इस पर्व में सही साड़ी न मिलने पर अनेक चंद्रमुखी 'तीजहारिन' सुरजमुखी बन जाती हैं।नारी जाति की सुंदरता के साथ-साथ इज्जत-मान- मर्यादा को साड़ी बनाए रखती है। अनेक विभागों में इसे 'यूनिफॉर्म' के रूप में रखा गया है। अस्पताल, स्कूल, थाना और तो और हवाई जहाज में भी ज्यादातर 'व्योम बालाएं' अर्थात विमान परिचारिकाएं साड़ी ही पहनती हैं।

दुर्भाग्यजनक बात है कि हाल ही में छत्तीसगढ़ के महिला एवं बाल विकास विभाग ने नारी समुदाय के इस गरिमामय प्रमुख परिधान की जमकर धज्जियां उड़ा दी है। प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को देने हेतु चयनित- वितरित साड़ियों में एक नहीं अनेक खोट सामने आए हैं। खोट की खाड़ी में डूबी साड़ी की लंबाई निर्धारित आकार से कम है। साड़ी का रंग इतना कच्चा है कि एक बार की धुलाई में ही वह बदरंग हो जा रही है। साड़ी की बनावट ऐसी है कि आराम से चाय छान सकते हैं,अर्थात चाय छन्नी की तरह साड़ी में भरपूर पारदर्शिता है। तालाब में मछली पकड़ने के लिए जाल की तरह इसे इस्तेमाल कर सकते हैं।

मजे की बात यह है कि साड़ी की आपूर्ति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के द्वारा की गई है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों से लेकर मंत्री तक शिकायत की है कि उन्हें प्रदत्त साड़ी घटिया है। यूनिफॉर्म के रूप में उसे कार्यस्थल पर पहना जाता है,अतः गरिमा के अनुरूप साड़ी का स्तर होना आवश्यक है। महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एक महिला ही हैं,वे भली भांति जानती है कि साड़ी की उपादेयता एक नारी जाति के लिए अनेक अर्थों में कितना ज्यादा है। बहरहाल छत्तीसगढ़ की कढ़ाई में साड़ी की आंच ने जबरदस्त उबाल ला दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साए ने भी इस साड़ी प्रकरण को लेकर भारी नाराजगी दिखाई है। एक सप्ताह के भीतर नई साड़ी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रदेश में कार्यरत लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कैसे सात दिन के भीतर उम्दा साड़ी की आपूर्ति होगी? यह भी

'तेल देखो तेल की धार देखो ' वाली बात हो गई है।

साड़ी की गरिमा को गिराने वाले अनाड़ी अधिकारियों की काली करतूत के लिए जांच समिति भी गठित की गई है। अपनी अपनी मैडम के लिए महंगी महंगी और कार्यकर्ताओं के लिए निम्न कोटि की साड़ियां खरीदने वाले अधिकारियों की जांच तो होगी किन्तु पूर्व में ऐसे जांच के परिणाम टांय टांय फीस ही रहे हैं। इस आधार पर कह सकते हैं कि साड़ी घोटालेबाजों पर कोई आंच नहीं आएगी।अंधेर नगरी चौपट राजा की तर्ज पर जांच कमेटी का अध्यक्ष जिस अधिकारी को बनाया गया है वही अधिकारी खराब साड़ी खरीदने वाली परचेज कमेटी का प्रभारी था। यह तो वही बात हुई की चोर को ही कोतवाल बना दिया गया। साड़ी की अस्मिता से खिलवाड़ करते अनाड़ी खिलाड़ी भूल गए कि छत्तीसगढ़ की मिनी माता, बिलासा बाई केवटिन, राधाबाई, केतकी बाई,पोचीबाई,रमोतिन माड़िया,रानी अवंतीबाई लोधी,रामकुवंर बघेल आदि साड़ीधारी अनेक वीरांगनाओं ने फिरंगियों के छक्के छुड़ा दिए थे। इतिहास में ऐसी अनेक घटनाएं दर्ज है जो बताती हैं 'साड़ी धारी नारी जब खड़ी होती है तो जीत बड़ी होती है'। महाभारत की कथा में द्रौपदी चीरहरण के समय दुशासन द्वारा साड़ी खींचने का प्रसंग आता है, जिसमें द्रौपदी की आबरू बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने साड़ी की लंबाई को अनंत करने की कला करिश्मा को प्रदर्शित किया।

छत्तीसगढ़ के मंत्री संतरी बेचारे इस अद्भुत कला करिश्मा से अनभिज्ञ हैं। वे साड़ी की लंबाई बढ़ाना तो नहीं जानते पर हां साड़ी की लंबाई घटाने में उन्हें महारत हासिल है। ऐसे महारथियों की लगाम बड़े-बड़े नेताओं के हाथ में होती है। तभी तो साड़ी की लंबाई घटाने की कला में निपुण अधिकारीगण बेखौफ अपनी काली करतूत को सुरसा के मुख की तरह बढ़ाने में जरा भी नहीं हिचक रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग में हुए साड़ी घोटाला में यह तय है कि गड़बड़ी हुई है, तो फिर गड़बड़ी करने वालों को सामने लाने में देरी किस बात की हो रही है। जनता यह सवाल पूछते हुए कह रही है कि जो सरकार नारी आरक्षण- स्वावलंबन- सशक्तिकरण के लिए लड़ाई लड़ रही है, उसी सरकार के नाक के नीचे निडरतापूर्वक खराब साड़ी खरीदने का खेला चल रहा है।वह प्रदेश में सुशासन की डावांडोल स्थिति को उजागर कर रहा है।

# आग उगलता आसमान: झुलस रहा छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़, जो अपनी हरियाली और धान के कटोरे के लिए जाना जाता है, इन दिनों आग के गोले में तब्दील होता नजर आ रहा है। मार्च के अंत से शुरू हुई तपिश ने अप्रैल में ही मई-जून का एहसास करा दिया है। रायपुर से लेकर बिलासपुर और दुर्ग से लेकर बस्तर तक, पारा लगातार 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा रहा है। सूरज की तल्खी और झुलसाती गर्म हवाओं ने जनजीवन की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। यह केवल एक मौसम का बदलाव नहीं, बल्कि बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग और कंक्रीट के जंगलों का सीधा असर है।

## 'हीट आइलैंड' का असर

रायपुर जैसे शहर अब 'हीट आइलैंड' बनते जा रहे हैं। बढ़ते शहरीकरण और घटते पेड़ों के कारण सड़कों का डामर दिनभर गर्मी सोखता है और रात में उसे छोड़ता है, जिससे रातें भी अब ठंडी नहीं रह गई हैं। दोपहर 12 बजते ही सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है, जो शहर की भागदौड़ भरी जिंदगी के लिए एक बड़ी चुनौती है।

## स्वास्थ पर भारी पड़ रही 'लू'

अस्पतालों में इन दिनों उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या में 30त्न तक का इजाफा हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि यह गर्मी बुजुर्गों और बच्चों के लिए सबसे ज्यादा घातक है। शरीर में पानी की कमी और अचानक तापमान में बदलाव 'थर्मल शॉक' का कारण बन रहा है।

## खेती-किसानी पर संकट के बादल

छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़ 'खेती' है। बढ़ते तापमान का सीधा असर फसलों पर पड़ रहा है। विशेष रूप से जायद की फसलों और सब्जी उत्पादन में पानी की खपत बढ़ गई है। भू-जल स्तर गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। बाड़ियों में सब्जियां सूख रही हैं, जिससे आने वाले दिनों में बाजार में महंगाई बढ़ने के आसार साफ नजर आ रहे हैं।

हमें यह सोचने की जरूरत है कि क्या हम इस गर्मी के लिए जिम्मेदार नहीं हैं? छत्तीसगढ़ के जंगलों में लगती आग और विकास के नाम पर कटते पेड़ों ने पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ दिया है। अगर आज हम जल संरक्षण और वृक्षारोपण की ओर नहीं मुड़े, तो आने वाले साल और भी भयावह हो सकते हैं।

**विशेषज्ञों की राय:** ÷दोपहर 1 बजे से 4 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें। यदि निकलना जरूरी हो, तो सिर को सफेद सूती कपड़े से ढकें और साथ में पानी की बोतल जरूर रखें।

## गर्मी से बचाव के कुछ देसी और असरदार उपाय

### मिट्टी के घड़े का जादुई पानी



फ्रिज के पानी के बजाय मटके का पानी पिएं, यह शरीर के तापमान को संतुलित रखता है।

### आम पन्ना और गोंद कतीरा:

छत्तीसगढ़ के घरों में प्रचलित आम पन्ना और बेल का शरबत शरीर को प्राकृतिक ठंडक प्रदान करता है।

### गुलकंद

गर्मी में गुलकंद का सेवन पेट की गर्मी कम करने में मददगार है।

### तरल पदार्थ

दिन भर पर्याप्त पानी पिएं। नारियल पानी, छाछ (मट्ठा), नींबू पानी और गन्ने का रस शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी पूरी करते हैं।

### पुदीना और सौंफ



पुदीने की चटनी या पुदीने वाली छाछ पिएं। सौंफका पानी भी शरीर की गर्मी को कम करता है।

### प्याज का सेवन:

कच्चे प्याज का सलाद लू से बचने का सबसे अच्छा देसी नुस्खा माना जाता है।

### पलाश के फुल

: आयुर्वेदिक जानकारों के अनुसार, पलाश के फूलों को पानी में भिगोकर उस पानी से शरीर को पोंछने या नहाने से ठंडक मिलती है।

# व्यंग्य रचना : शादी का लिफाफा

डॉ. किशोर अग्रवाल

शादी का सारा काम निपटा कर शांतिलाल जी आज बहुत दिन बाद जरा बरामदे में बैठे अखबार देख रहे थे और खुले मौसम का आनंद ले रहे थे कि तिपाई पर रखा फोन घनघनाया। अनमने ढंग से फोन उठाकर शांतिलाल जी ने हैलो किया।

"कैसे हो शांतिलाल जी, कैसा है सब? ठीक ठाक?" "हाँ ठीक ही है, पहचाना नहीं मैंने, आप कौन?" "अरे शादी के बाद थकान हो ही जाती है। अब सप्ताह भर बाद तो थकान उतर गई होगी?"

"सब चलता है भाई साहब, मैंने पहचाना नहीं आप हैं कौन?" "मैं प्रभाकर बोल रहा हूँ, आपके पुराने परिचितों में हूँ। दुकान पर तो अपना लेन-देन लगा ही रहता है। शादी में जरा देर को सही पर मिला तो था आपसे?" "हाँ प्रभाकर जी, शादी में कुछ ग्राहकों को भी बुलाते ही हैं, आप आये , बड़ी कृपा की, बहुत खुशी हुई।" "खुशी तो हमें भी हुई थी पर घर आकर खुशी आधी रह गयी।"

"वह भला कैसे? क्या हुआ प्रभाकर जी?÷

"अरे हुआ यूँ कि मैंने मंच पर वर-वधू को आशीर्वाद देते समय एक लिफ़ाफ़ा वर के हाथ में पकड़ाया था, उसमें मैंने हज़ार रूपये रख दिए थे।÷ अरे तकल्लुफ न करना था, सिर्फ़ आशीर्वाद देते प्रभाकर जी। अरे तकल्लुफकी कोई बात न थी , पर आपने बड़ी गड़बड़ की। आपने मंच के नीचे भी लिफ़ाफ़े लेने को रजिस्टर रखकर आदमी बिठा रखा था और मंच पर भी लिफाफे ले रहे थे। यह कोई बात हुई भला? अरे कैसी बात करते हैं। कभी मंच पर दूल्हा-दुल्हन देर से आते हैं तो मेहमानों-रिश्तेदारों के लिफ़ाफ़ों के लिए हर जगह ही यही इंतज़ाम होता है । हां यह खूब कही, मंच पर दूल्हा-दुल्हन भले न आएँ पर आपको लिफ़ाफ़ा मिलना ही चाहिए।

देखिये आप यह तो बेइज्जती वाली बात कर रहे हैं।

बेइज्जती की बात नहीं शांतिलाल जी, यही तो नुकसान वाली बात हुई हमारे लिए। वह भला कैसे? मेरे इंतज़ाम से आपको ऐतराज़ क्यों है भला? अरे मैं जल्दी निपटाने के चक्कर में मंच पर लिफ़ाफ़ा दे ही आया और इधर मेरी पत्नी को जब मैं नहीं दिखा तो उसने भी एक लिफ़ाफ़ा लेकर हज़ार रूपये रखकर वहाँ लिफ़ाफ़े वाली मेज पर दे दिए। चलो अच्छा हुआ प्रभाकर जी, आपका बच्चों को दो-दो बार आशीर्वाद मिल गया। अरे नहीं, हमें तो हमारा एक लिफ़ाफ़ा वापस चाहिए। अरे यह तो बेशर्मी हो जाएगी, कोई ऐसे वापस माँगता है क्या?

क्यों बेशर्मी हो जाएगी?

हमने कभी किसी के यहाँ हज़ार रूपये से ज्यादा नहीं दिये चाहे हमारा सगा ही क्यों न हो। गलत कर रहे हैं आप। कुछ गलत नहीं, दो लिफ़ाफ़े गलती से चले गये और एक हम वापस मांग रहे तो इसमें लती क्या? भूल चूक सबसे हो जाती है।

"अरे अब तो लिफ़ाफ़े खुल चुके हैं।"

तो क्या हुआ, आपने लिख भी तो रखी है सबकी रकम, हमारी रकम मिला लो और करो हज़ार रूपये वापस।

बड़े बेशर्म आदमी हो आप, ज्यादा दिल दुख रहा है तो आकर यहाँ से अपने हज़ार रूपये ले जाना। हाँ वो तो ले ही जाऊँगा पर दुःख तो अभी भी बना रहेगा। औरों के यहाँ हज़ार का शगुन देते हैं तो फाइव स्टार खाना खाने मिलता है। "तो हमारे यहाँ क्या कमी थी भला?"

अरे सड़ा बुसा कोई लोकल कैटरर लगा रखा था आपने। पनीर जैसे टायर के टुकड़े। दाल कैसी पतली बनवाई थी आपने। मीठे सिर्फ दो से ही काम चला लिया। शादी की मिठाई में कोई खीर रखता है? आपने आइसक्रीम भी नहीं रखी थी– आपके यहाँ आकर ठगा गए हम तो। "शांतिलाल जी के हाथ से अखबार और फोन एक साथ छूटकर जमीन पर गिर पड़े।"

# राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

**मेष** : आज का दिन आपके लिये प्रतिकूल रहेगा। स्वभाव में परिवर्तन होने पर आज आपको बात बात पर क्रोध आएगा आवेश में आकर किसी से अपशब्द बोलने पर झगड़ा हो सकता है।

**वृष**: आज के दिन आपको परिवार के बड़ो का मार्गदर्शन एवं सहयोग मिलेगा। आज दिन के आरम्भ में आप कोई बड़ी गलती कर सकते है

**मिथुन**: आज के दिन आपके अंदर उदासीनता छाई रहेगी। प्रत्येक कार्य को पूरी निष्ठा से करेंगे लेकिन सफलता मिलनी संदिग्ध रहेगी आज व्यवसाय में थोड़ी सी भी लापरवाही करने पर आपके हिस्से का लाभ किसी अन्य को मिल सकता है।

**कर्क**: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आज आप कर्म की अपेक्षा कल्पना में ज्यादा खोये रहेंगे। व्यवसाय स्थल पर कार्यो को अंत तक टालने का प्रयास करेंगे।

**सिंह**: आज के दिन आप अपनी ही कमियों के कारण परेशान रहेंगे गलती करने पर भी स्वीकार नही करेंगे जिससे प्रेम संबंधों में कड़वाहट आएगी महिलाये भी विवाद होने पर शांत नही बैठेंगी ।

**कन्या**: आज के दिन आप दैनिक कार्यो के साथ ही सामाजिक कार्यो में भी रुचि लेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र पर आपका परोपकारी व्यवहार सम्मान दिलाएगा।

**तुला**: आज का दिन बीते कुछ दिनों की तुलना में बेहतर रहेगा। आज के दिन आपका मुख्य लक्ष्य अधिक से अधिक धन कमाना रहेगा इसमें काफी हद तक सफल भी रहेंगे।

**वृश्चिक**: आज का दिन आपके लिए निराशाजनक रहेगा आज आप जल्दी से किसी भी कार्य को करने का साहस नही जुटा पाएंगे पर जिस भी कार्य को करेंगे उसमे कुछ भी बना रहेगा।

**धनु**: आज के दिन आप कुछ हद तक आपके रुके कार्यो को पूर्ण कर सकेंगे लेकिन प्रत्येक कार्यो में धैर्य का परिचय देना होगा तुरंत लाभ ना मिलने से हताश ना हों कर्म करते रहें दे से ही सही सफलता अवश्य मिलेगी।

**मकर**: आज के दिन आप परिस्थितियों में सुधार आने से राहत की सांस लेंगे। पारिवारिक वातावरण संतोषजनक रहेगा। सेहत का ध्यान रखे मौसमी बीमारी हो सकती है।

**कुंभ**: आज का दिन आपके लिये वृद्धिकारक रहेगा। लेकिन आज आप किसी की सहायता बहुत गंभीर परिस्थितियों में ही अथवा कही फंसने पर ही लेंगे जिससे कार्यो में विलंब होगा। गृहस्थ में महिलाओं को छोड़ बाकी सभी शांत रहेंगे।

**मीन**: आज के दिन आपको अपनी किसी गलती का पश्चाताप होगा लेकिन आज का दिन अभाव में रहने के कारण इसमे सुधार करना संभव नही होगा।

# QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत का सबसे छोटा हवाई अड्डा का नाम क्या है?

2) 1858 में किस शहर को 1 दिन के लिए भारत की राजधानी बनाया गया था?

3) प्राचीन भारतीय ग्रंथ पंचसिद्धांतिका किसके 5 सिद्धांतों से संबंधित है?

4) 2025 में पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में खो खो विश्व कप किस देश ने जीता?

5) पोस्टोजन्या गुफा, जो हाल ही में खबरों में थी, किस देश में स्थित है?



उत्तरमाला- (1) बलजेक हवाई अड्डा, मेघालय (2) इलाहाबाद (3) खगोलशास्त्र (4) भारत (5) स्लोवेनिया

# पहेली

शब्द सामर्थ्य -019

# आईपीएल सट्टा गिरोह का पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

**दुर्ग/नवप्रदेश।** पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैचों की आड़ में चल रहे करोड़ों के अवैध ऑनलाइन सट्टा कारोबार का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के 5 मुख्य संचालकों और सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी गोवा, रायपुर, भिलाई समेत दूसरे राज्यों से ऑनलाइन सट्टा के अवैध नेटवर्क को संचालित कर रहे थे।

सिटी कोतवाली थाना दुर्ग पुलिस की प्रारंभिक कार्रवाई में पहले ही 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। तकनीकी और वित्तीय जांच को आगे बढ़ाते हुए गिरोह के ऊपरी स्तर तक पहुंचकर 5 और मुख्य सदस्यों को पकड़ा गया। जांच में पता चला कि इंटरनेट, व्हाट्सएप कॉल और इंस्टाग्राम कॉल के जरिए आरोपी संपर्क में रहते थे। फर्जी सिम कार्ड, म्यूल अकाउंट और विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर क्रिकेट सट्टा संचालित किया जा रहा था।

पुलिस के अनुसार ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क का संचालन करते हुए गिरोह के माध्यम से प्रतिदिन करीब 10 से 15 लाख रुपये का लेनदेन किया जा रहा था। एक माह में 4 से 5 करोड़ रुपये का सट्टा खिलाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 लैपटॉप, 26 मोबाइल फोन, 45 बैंक पासबुक, 76 एटीएम कार्ड, 10 चेक बुक, 1 वाई-फाई राउटर, 5 सिम कार्ड, आधार और पैन कार्ड सहित 2 लाख 70 हजार रुपये नगद बरामद किए हैं।

आरोपियों में राहुल रंगवानी, उम्र 26 वर्ष, निवासी देवपुरी रायपुर, सोविंद यादव उर्फ राजू यादव, उम्र 26 वर्ष निवासी प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, संदीप कापसे उम्र 25 वर्ष, निवासी गोंदिया, महाराष्ट्र, अमन अली, उम्र 23 वर्ष निवासी गौतम नगर, खुर्सीपार, भिलाई, हुसैन अली उम्र 21 वर्ष निवासी गौतम नगर खुर्सीपार भिलाई शामिल हैं।

# राजस्व प्रकरणों में देरी, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

**दुर्ग/नवप्रदेश।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में लापरवाह अफसरों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण व अविवादित बंटवारा (खाता विभाजन), विवादित नामांतरण व विवादित बटवारा, सीमांकन प्रकरण, व्यपवर्तन प्रकरण और ऑटो डायवर्सन, कोटवारी भूमि विक्रय पर सिविल वाद दायर, स्वामित्व योजना, भारतमाला व रेल अधिनियिम के तहत भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इसके अलावा भू-आबंटन, जाति प्रमाण पत्र, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4, डीसीएस सर्वेयरों के मानदेय भुगतान, कोर्स रजिस्ट्रेशन, राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त आवेदनों के निराकरण, ई-डिस्ट्रिक्ट लोक सेवा गारंटी, अभिलेख शुद्धता, नजूल राजस्व प्रकरणों व नक्शा बटांकन की विस्तृत समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में कोटवारी भूमि के अवैध विक्रय की जानकारी ली। कुल 90 प्रकरणों में से 89 मामलों में सिविल वाद दायर किया जाना है, अब तक 32 मामलों में वाद दायर किया गया है। 57 प्रकरण पेंडिंग हैं। कलेक्टर ने लंबित मामलों में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे कोटवारी भूमि के सभी खसरा नंबरों की ग्रामवार सूची तैयार कर उपलब्ध कराएं। सूची के आधार पर पंजीयक द्वारा इन जमीनों के रजिस्ट्रेशन पर रोक (ब्लॉक) लगाई जाएगी, ताकि भविष्य में अवैध विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि समय सीमा के बाहर के प्रकरणों में पटवारी द्वारा अभिलेख दुरुस्ती न किए जाने के कारण मामले लंबित दिख रहे हैं। उन्होंने इस तरह की लापरवाही के लिए संबंधित पटवारियों को नोटिस जारी करने कहा।

## न्यूज गैलरी

### दुर्ग में 4 मवेशी तस्कर गिरफ्तार

**दुर्ग।** मवेशियों की तस्करी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चिखली चौक के पास पुलिस ने एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोककर जांच की। जांच के दौरान वाहन में 6 मवेशियों को अमानवीय स्थिति में ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी मवेशियों को मुक्त कराया और आरोपियों को हिरासत में ले लिया। युवराज साहू की सूचना पर पुलिस ने चिखली चौक क्षेत्र में घेराबंदी कर पिकअप को रोका। जांच के दौरान वाहन में 6 मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। मवेशियों के लिए न पर्याप्त जगह थी और न चारा-पानी की कोई व्यवस्था थी। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में निर्मल मनेश्वर, तुलसीराम नागेश्वर, जयपाल नागेश्वर और भगतराम खरे हैं। सभी आरोपी मध्य प्रदेश के बालाघाट और सिवनी जिले के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4 और 6 के साथ ही पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### पालिका पूर्व अध्यक्ष का बयान तथ्यहीन

**कुम्हारी।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय के अध्यक्ष आलोक दुबे ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि कांग्रेस के पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने प्रेस वार्ता के माध्यम से अनर्गल आरोप लगाए हैं। कुम्हारी के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बच्चों से फीस लेने की बात कही गई है। ये आरोप पूरी तरह तथ्यहीन और बेबुनियाद है। आलोक ने कहा कि वर्तमान में वे पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल के अध्यक्ष हैं। राजेश्वर सोनकर को इस तरह की गलत बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। उनकी बातों में सच्चाई है तो साक्ष्य प्रस्तुत करें। ऐसे बयान से विद्यालय की छवि धूमिल होती है। गलत बयान देने के लिये सोनकर को सार्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहिए।

### अग्निवीर भर्ती : परीक्षा की तैयारी करने दुर्ग में मिलेगा नि:शुल्क प्रशिक्षण

**दुर्ग।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया 2027 के अंतर्गत पंजीकृत युवाओं के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सी.ई.ई.) का आयोजन 1 जून 2026 से 15 जून के मध्य होना संभावित है। परीक्षार्थियों की बेहतर तैयारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा नि:शुल्क परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आगामी 4 मई से 3 जून तक प्रस्तावित है। अग्निवीर भर्ती 2026-27 के लिए आवेदन कर चुके इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए रोजगार विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से ई-मेल के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### पाहंदा में विभिन्न परिसरों के समतलीकरण के लिए 7.61 लाख रुपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में जनहित के कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विधानसभा अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों के लिए कुल 7 लाख 61 हजार रूपए की राशि मंजूर की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से विकास खण्ड धमधा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाहंदा में महत्वपूर्ण बुनियादी कार्य कराए जाएंगे। इसके तहत स्कूल, ग्राम पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन के मैदान का समतलीकरण एवं मुरमीकरण कार्य किया जाएगा। स्वीकृत कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा।

मारपीट केस में दोनों आरोपी साधारण मारपीट के दोषी पाए गए, कोर्ट ने माना घटना हत्या के प्रयास का मामला नहीं

# कोर्ट ने हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को किया बरी

**भिलाई/नवप्रदेश।** सिविक सेंटर में हुई मारपीट के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश अवध किशोर की अदालत ने आरोपी टी. प्रशांत और करण शाह को हत्या के प्रयास यानी धारा 307 के आरोप से बरी कर दिया। दोनों को केवल साधारण मारपीट (धारा 323) का दोषी माना गया है। तीसरे आरोपी राहुल को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए पूरी तरह बरी कर दिया गया। कोर्ट ने माना कि यह घटना हत्या के प्रयास का मामला नहीं, बल्कि शराब भट्ठी के सामने उपजा एक तात्कालिक विवाद था। अदालत ने सवाल उठाया कि हत्या की नीयत होती, तो चोटें इतनी साधारण क्यों होतीं। अदालत ने साफ कहा कि यह मामला हत्या के प्रयास का नहीं, बल्कि शराब भट्ठी के सामने हुए अचानक विवाद का था। दरअसल, 9 अप्रैल 2023 की रात भिलाई सिविक सेंटर क्षेत्र में शिकायतकर्ता मुकेश साहू ने तीन युवकों पर रॉड और डंडे से हमला किये जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। कोर्ट ने मेडिकल रिकॉर्ड, गवाहों के बयान और नक्शों की जांच में पाया कि मुकेश के सिर पर केवल एक साधारण चोट थी और कान के पास खून जमने के निशान थे। सीटी स्कैन, एक्स-रे और मेडिकल रिपोर्ट में कोई फ्रेक्चर या जानलेवा चोट नहीं थी। कोर्ट ने कहा कि शिकायत में घटना अपना सुपर बाजार के पास बताई गई, जबकि असली घटनास्थल शराब भट्ठी के सामने चखना सेंटर था। पटवारी नक्शा, विवेचक के नक्शे और गवाहों के बयान से इस बात की पुष्टि होती है। शिकायतकर्ता ने अपनी मौजूदगी छुपाने की कोशिश की। शिकायत करने वाला मुकेश साहू खुद पुलिस आरक्षक है। एफआईआर लिखवाते समय उसने यह बात नहीं बताई। यह जानकारी महत्वपूर्ण थी, जिसे छुपाया गया। फैसले में कहा गया कि मेडिकल रिपोर्ट और गवाहों के बयान से पता चलता है कि घटना के समय वह नशे में था। विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए यह बात छुपाई गई।

कोर्ट ने कहा कि राहुल के खिलाफ ठोस सबूत नहीं मिले। उसकी स्पष्ट पहचान नहीं हुई और न ही हमला साबित हुआ। इसलिए उसे बरी कर दिया गया। प्रशांत और करण के खिलाफ मारपीट साबित हुई। प्रशांत पहले ही 99 दिन और करण 168 दिन जेल में रह चुके थे। कोर्ट ने इसे पर्याप्त मानते हुए दोनों को रिहा माना।

# बाइक चोरी गिरोह के 5 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई/नवप्रदेश।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों से बाइक चोरी करने वाले एक गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह में एक नाबालिग भी शामिल हैं। आरोपी भीड़भाड़ वाले इलाकों में खड़ी दोपहिया वाहनों को निशाना बनाते थे और चोरी के बाद उन्हें भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित गौठान की झाड़ियों में छिपाकर रख देते थे। आरोपियों के पास से चोरी के 6 वाहन भी बरामद किए गए हैं, जिनमें 5 स्प्लेंडर और 1 एक्टिवा शामिल है। पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है। नाबालिग को अभिरक्षा में रखा गया है। पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी नगर क्षेत्र से संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों ने बताया कि वे मिलकर अलग-अलग जगहों से वाहन चोरी करते थे और बाद में छिपा देते थे। भिलाई के मदर टेरेसा नगर कैंप-01 निवासी सुखदेव पाण्डेय ने थाना सुपेला में बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। नेहरू नगर स्थित अटल प्रतिमा के पास से उनकी स्प्लेंडर बाइक चोरी होने की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले। 24 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को पकड़ा गया। भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास गौठान क्षेत्र की झाड़ियों से 6 चोरी के वाहन भी बरामद किए गए।

# मृतकों के परिजनों को मिली 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग/नवप्रदेश।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

ग्राम सांकरा, तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी राकेश यादव की विगत 20 सितम्बर 2025 को गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हुई थी।

ग्राम देउरझाल पतोरा, तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी तुषार कुमार उर्फ तुरू कोसरे की मृत्यु विगत 17 अगस्त 2025 को नहाते वक्त बांध के गहरे पानी में डूबने से और ग्राम घोघारी तहसील पाटन जिला दुर्ग की रहने वाली बालिका खनक बंजारे की मृत्यु 16 जून 2025 को तालाब के पानी में डूबने से हुई थी।

कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. राकेश यादव की पत्नि गोदा बाई यादव, स्व. तुषार कुमार उर्फ तुरू कोसरे के पिता धनेश्वर और स्व. खनक बंजारे के पिता गुलशन बंजारे को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# निजी स्कूलों की मनमानी रोकने बजरंग दल ने खोला मोर्चा

■ **पूरे प्रदेश में चलेगा अभियान, संरक्षण देने वाले अफसरों को घेरेंगे**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी और अनियमितताओं के खिलाफ बजरंग दल ने मोर्चा खोलने का ऐलान किया है। छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रांत संयोजक रतन यादव ने आज प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि निजी स्कूलों की मनमानी पर संरक्षण देने वाले डीईओ व अन्य अफसरों को बख्शा नहीं जाएगा। रतन यादव ने बताया कि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के नाम दुर्ग कलेक्टर को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया था। स्कूल शिक्षा विभाग ने इन मांगों पर संज्ञान लेते हुए प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 5 सदस्यीय जांच टीम का गठन कर दिया गया है। मांग पत्र में अत्यधिक गर्मी के दौरान स्कूल संचालन, फीस वसूली, हर साल ड्रेस और किताबों में बदलाव, प्रोजेक्ट के नाम पर आर्थिक दबाव, वार्षिकोत्सव शुल्क, शिक्षकों को कम वेतन देने, स्कूल में प्रवेश के दौरान प्रति वर्ष डेवलपमेंट फीस वसूली पर विरोध जताया गया है।

यादव ने उम्मीद जताई कि अब निजी स्कूलों की मनमानी से विद्यार्थियों और अभिभावकों को निश्चित रूप से राहत मिलेगी। हर साल निजी स्कूल फीस, किताब, कॉपी, ड्रेस और परिवहन शुल्क के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे है। हर साल किताबों को बदले जाने और निर्धारित दुकानों से ही किताब खरीदने का दबाव निजी स्कूलों द्वारा बनाया जाता है। बार-बार ड्रेस कोड बदलने, प्रोजेक्ट बनवाने के नाम पर हजारों रुपये खर्च कराने और वार्षिकोत्सव में अनिवार्य शुल्क लेने जैसी शिकायतें भी सामने आती है।

# बेस्ट स्पोर्ट्स मोटिवेटर अवार्ड-2026 से सम्मानित हुए डॉ. वीरेंद्र सिंह

**दुर्ग/नवप्रदेश।** डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह को हेमचंद विवि दुर्ग द्वारा स्थापित प्रतिष्ठित बेस्ट स्पोर्ट्स मोटिवेटर अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। उन्हें 165 संबद्ध महाविद्यालयों के सर्वश्रेष्ठ क्रीड़ा अधिकारी के रूप में चयनित किया गया है। डॉ सिंह को प्रशस्ति पत्र के साथ 15 हजार की नगद राशि भी प्रदान की गई। उनके मार्गदर्शन में महाविद्यालय ने पिछले 5 वर्षों में खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उनके मार्गदर्शन में अनेक खेलों में स्वर्ण, रजक एवं कांस्य पदक प्राप्त हुए हैं। महाविद्यालय ने राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुल 107 प्रतिभागिताएं भी दर्ज की हैं। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु 10 लाख रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति वितरित की गई है। इस उपलब्धि पर श्री गंगाजली एजुकेशन समिति के चेयरमेन आईपी मिश्रा ने कहा कि डॉ. सिंह की यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उनकी समर्पित सेवा ने संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। श्री गंगाजली एजुकेशन समिति के अध्यक्ष जया मिश्रा ने कहा कि डॉ. वीरेन्द्र कुमार सिंह की यह उपलब्धि उनके निरंतर प्रयास और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि यह सम्मान डॉ. सिंह की कड़ी मेहनत और छात्रों की निरंतर उपलब्धियों का प्रमाण है। महाविद्यालय के डीन अकादमिक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि उन्होंने खेल मार्गदर्शन में एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# हवाई हमले की आशंका को लेकर मॉक ड्रिल

■ **एसडीआरएफऔर वालेंटियर्स ने संभाली कमान**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों के उद्देश्य से हवाई हमले की स्थिति से निपटने के लिए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, एनसीसी और होमगॉर्ड जवानों को सिविल डिफेंस, एयर रेडियो/ब्लैकआउट का मॉक ड्रिल किया गया। केन्द्रीय विद्यालय के पास डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट दुर्ग कैंपस में मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमलों जैसी आपात स्थितियों में नागरिक सुरक्षा और राहत कार्यों की रणनीतिक तैयारी को परखा गया। जवानों को अंधेरे में प्रभावी संचार व्यवस्था बनाए रखने, एयर रेड सायरन बजने पर त्वरित प्रतिक्रिया देने, सुरक्षित आश्रय स्थलों का प्रबंधन करने और आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्राथमिक उपचार प्रदान करने का प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने ब्लैकआउट की प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए बताया कि न्यूनतम रोशनी में भी अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जा सकता है।

मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजाकर आपात स्थिति का संकेत दिया गया। राहत और बचाव कार्य शुरू किए गए। एसडीआरएफ के जवानों ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर घायलों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, प्राथमिक उपचार देने और सुरक्षित निकासी की तकनीक का प्रदर्शन किया।

मॉक ड्रिल के दौरान सांसद विजय बघेल, कलेक्टर अभिजीत सिंह, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, प्रभारी अधिकारी सिल्ली थॉमस, नोडल अधिकारी नागेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी सहित एसडीआरएफ की टीमों के साथ स्थानीय वालेंटियर्स उपस्थित थे।

# टाउनशिप में निर्बाध बिजली सप्लाई करने लोड प्रबंधन के उपाय लागू

**भिलाई/नवप्रदेश।** बीएसपी के नगर सेवा विभाग द्वारा बढ़ते तापमान के मद्देनज़र टाउनशिप में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने रणनीतिक लोड प्रबंधन उपाय लागू किए गए हैं। विभाग द्वारा बड़े सार्वजनिक मैदानों में नियंत्रित विद्युत आपूर्ति (पावर कर्टेलमेंट) जैसे कदम उठाए गए हैं, जिससे समग्र विद्युत भार का संतुलन बनाए रखा जा सके। लोड अनुकूलन रणनीति के अंतर्गत उन बड़े मैदानों की विद्युत आपूर्ति को विनियमित किया गया है, जिनका उपयोग मुख्यतः सार्वजनिक या मनोरंजनात्मक गतिविधियों के लिए किया जाता है। निगम द्वारा निर्मित अधिकांश मैदानों से विद्युत शुल्क प्राप्त नहीं होता है। इसकी जानकारी संबंधित पक्षों को पूर्व में ही दे दी गई है। इन क्षेत्रों से बिजली के दुरुपयोग की भी शिकायतें मिलती रहती हैं। टाउनशिप के लिए प्रभावी उपलब्ध विद्युत क्षमता लगभग 42 मेगावाट के आसपास रहती है। ट्रांसमिशन लॉस, जो परिवेशीय तापमान पर निर्भर करता है, सामान्यतः 7 से 10 प्रतिशत के बीच रहता है। ग्रीष्मकाल में एयर कंडीशनर व कूलर के बढ़ते उपयोग के कारण कंडक्टर का प्रतिरोध बढ़ जाता है, जिससे यह हानि लगभग 15 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। औसत रूप से 8 प्रतिशत लाइन लॉस और लगभग 2 प्रतिशत ट्रांसफॉर्मर कोर लॉस को ध्यान में रखते हुए टाउनशिप के लिए उपलब्ध विद्युत क्षमता घटकर लगभग 38 मेगावाट रह जाती है। इन परिस्थितियों में जरूरी है कि पीक लोड को 34 मेगावाट के आसपास बनाए रखे, ताकि आवासीय क्षेत्रों में स्थिर व निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। विभाग द्वारा निरंतर प्रयास कर रहा हैं कि पीक लोड को 35 मेगावाट से नीचे नियंत्रित रखा जाए।

**समीक्षा:** कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

# केमिकल फर्टिलाइजर की जगह सस्ते हरी खाद, नील हरित काई, नैनों उर्वरक के उपयोग पर जोर

**दुर्ग/नवप्रदेश।** कृषि उत्पादन आयुक्त एवं प्रमुख सचिव कृषि विकास एवं किसान कल्याण और जैव प्रौद्योगिकी विभाग शहला निगार की अध्यक्षता में रबी 2025-26 की प्रगति और खरीफ 2026 के कार्यक्रम निर्धारण की समीक्षा की गई। क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान, रूआबांधा दुर्ग के प्रशिक्षण हॉल में हुई संभाग स्तरीय बैठक में संभागायुक्त एसएन राठौर, संचालक कृषि राहुल देव, एमडी मार्कफेड जितेन्द्र शुक्ला, प्रबंध संचालक बीज निगम अजय अग्रवाल, संचालक उद्यानिकी लोकेश चन्द्राकर, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड महेन्द्र सवन्नी, प्रबंध संचालक बीज प्रमाणीकरण अश्वनी बंजारा, अपर संचालक कृषि सीबी लोण्डेकर, उप सचिव कृषि विकास मिश्रा, महाप्रबंधक बीज निगम विनोद वर्मा और कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह सहित संभाग के अन्य जिले के कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ शामलि हुए।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने रबी 2025-26 में दुर्ग संभाग के दलहन, तिलहन क्षेत्र विस्तार में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए सराहना की। उन्होंने आगामी वर्षों में ग्रीष्मकालीन धान को हतोत्साहित कर दलहन, तिलहन, मक्का व अन्य फसलों का रकबा बढ़ाने के निर्देश दिये। आगामी खरीफ 2026 में धान के स्थान पर अन्य उपयुक्त वैकल्पिक फसल जैसे सुगंधित धान, अरहर, मक्का, सोयाबीन, कपास, साग-सब्जी जैसी फसल को प्रोत्साहित करने कहा। सभी जिले में धान की कम से कम एक निर्यात योग्य विशिष्ट गुण/सुगंधित किस्म का क्लस्टर में अधिक से अधिक क्षेत्र विस्तार करने के निर्देश दिये।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि पीएम आशा योजनांतर्गत दलहन, तिलहन खरीदी में राज्य के अन्य संभाग की तुलना में दुर्ग संभाग में सर्वाधिक लगभग 60,000 क्विंटल उपार्जन किया गया है। कृषि उत्पादन आयुक्त ने किसानों के मांग के आधार पर पीएम आशा योजना के पंजीयन तिथि में वृद्धि की जानकारी देते हुए किसानों के अधिक से अधिक उपार्जन करने और समय पर भुगतान करने के निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य रूप से टिकाऊ और सतत खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया, ताकि फसल उत्पादकता और मिट्टी की उर्वरकता बनी रहे, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान इकाई द्वारा उर्वरकों के सस्ते और आसान वैकल्पिक उपाय हरी खाद, नील हरित काई, जैव उर्वरक, नैनों उर्वरकों का प्रस्तुतीकरण दिया गया। कृषि उत्पादन आयुक्त ने सभी जिला कलेक्टर से इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर बढ़ावा देने के निर्देश दिये गए। डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों जैसे नैनो डीएपी, एनपीके, एसएसपी, टीएसपी जैसे उर्वरकों के उपयोग पर जोर दिया गया।

# वनांचल क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य अभियान, ग्रामीणों को मिली निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

**खैरागढ़-छुईखदान-गंडई/नवप्रदेश।** जिले के वनांचल क्षेत्रों में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में यह अभियान लगातार जारी है।

इसी क्रम में छुईखदान ब्लॉक के ग्राम निजामडीह, कुम्हारवाड़ा, सरोंधी एवं हाथीझोला में निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, उपचार, नेत्र परीक्षण के बाद चश्मा वितरण, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन एवं प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का नियमित टीकाकरण तथा एनीमिया की जांच और उपचार जैसी सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर के दौरान ग्रामीणों को जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम एवं जननी सुरक्षा योजना के तहत शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क जांच, उपचार और संस्थागत प्रसव के लिए जागरूक किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित परिवहन के लिए उपलब्ध 102 महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस सेवा की जानकारी भी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिमाह आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के महत्व के बारे में भी ग्रामीणों को बताया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, मातृ एवं शिशु टीकाकरण सुनिश्चित कराने के लिए प्रेरित किया गया। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मलेरिया से बचाव, स्वच्छता और रोकथाम

संबंधी जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

शिविरों के संचालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल, एएमओ डॉ. श्वेता ताम्रकार, डॉ. अविनाश हिरवानी, डॉ. शिल्पी सिंह, बीईटीओ के.पी. साहू, आर.पी. गढ़वाल, नेत्र सहायक अधिकारी विनय रामटेके, बीपीएम बृजेश ताम्रकार सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम, मितानिन कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग रहा।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में जिले के अन्य वनांचल क्षेत्रों में भी ऐसे शिविरों का आयोजन जारी रहेगा। विभाग ने ग्रामीणों से इन शिविरों में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

## छुईखदान में जनहित पहल, नगर पंचायत ने शुरू किया प्याऊ घर

**छुईखदान/नवप्रदेश।** नगर में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए हाईवे रोड स्थित नगर पंचायत कार्यालय के सामने प्याऊ घर शुरू किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता देवी वैष्णव ने इसका शुभारंभ किया। इस प्याऊ घर में राहगीरों एवं नगरवासियों के लिए ठंडे और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है।

जानकारी के अनुसार, इन दिनों तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर दोपहर के समय बाहर निकलने वाले लोगों को पीने के पानी की समस्या होती है।

## अंक बढ़ाने के नाम पर ठगी: फर्जी कॉल से पालकों को किया जा रहा गुमराह, 4000 रुपए की मांग

**नगरी/नवप्रदेश।** बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर क्षेत्र में ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। नगरी विकासखंड के अंतिम छोर ग्राम ठेन्ही में एक पालक, घना राम गौर, को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर खुद को रायपुर स्थित बोर्ड कार्यालय का कर्मचारी/ऑपरेटर बताया गया और उनके बच्चे के अंक बढ़ाने के नाम पर 4000 रुपये की मांग की गई। कॉलर ने धमकी भरे लहजे में कहा कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो बच्चे को फेल कर दिया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ठग पहले बच्चों का रोल नंबर पूछते हैं या किसी माध्यम से हासिल कर लेते हैं। इसके बाद वे पालकों को यह कहकर डराते हैं कि उनके बच्चे को किसी विषय में कम अंक मिले हैं और उसका भविष्य खतरे में पड़ सकता है। इसी डर का फायदा उठाकर वे अंक सुधार (री-एसेसमेंट/री-टोटलिंग) के नाम पर पैसे की मांग करते हैं और जल्दबाजी में ऑनलाइन ट्रांसफर कराने का दबाव बनाते हैं। इस तरह की घटनाओं से पालकों में चिंता और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड परीक्षा के अंकों में सुधार केवल निर्धारित आधिकारिक प्रक्रिया के तहत ही किया जाता है, जिसमें किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत कॉल या पैसे की मांग शामिल नहीं होती। किसी भी कर्मचारी द्वारा फोन कर पैसे मांगना पूरी तरह अवैध और फर्जी है।

विभाग अधिकारी की उदासीनता से ग्रामीणों में पनप रहा आक्रोश

# एक साल से अधूरा पड़ा पाइपलाइन विस्तार ग्रामीण पानी के लिए भटकने को मजबूर

**नगरी/नवप्रदेश।** नगरी विकासखंड के अंतिम छोर स्थित नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत करही के आश्रित ग्राम मासूलखोई में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों में गंभीर लापरवाही सामने आई है। गांव में सौर ऊर्जा आधारित पानी टंकी का निर्माण लगभग एक वर्ष पूर्व पूर्ण कर लिया गया, लेकिन आज तक पाइपलाइन विस्तार का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, लगभग 70 घरों वाले इस गांव में विभाग द्वारा ठेकेदार को पाइपलाइन बिछाने और घर-घर कनेक्शन देने का कार्य सौंपा गया था। शुरुआत में कुछ काम किया गया, लेकिन बाद में ठेकेदार ने कार्य अधूरा छोड़ दिया। वर्तमान स्थिति यह है कि गांव की गलियों में पाइपलाइन अधूरी अवस्था में

**जल जीवन मिशन की लापरवाही उजागर**

बिछी पड़ी है और कई घरों के सामने कनेक्शन अधूरे छोड़ दिए गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और ठेकेदार को शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। परिणामस्वरूप, आज भी लोगों को पीने के पानी के लिए दूर-दराज के स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, वहीं नहाने और अन्य दैनिक कार्यों के लिए तालाब का सहारा लेना पड़ रहा है। गांव के साधु राम मरकाम, निरंजन मरकाम, गेंदलाल मरकाम, टेकराम, फरसराम, आसू लाल, ललिता बाई, चित्ररेखा, अमरीका बाई सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि टंकी बने एक साल से अधिक समय हो गया है, लेकिन उसका लाभ अब तक गांव को नहीं मिल पाया है। अधूरे कार्य के कारण योजना का उद्देश्य अधूरा ही रह गया है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और निरीक्षण के लिए भी कोई नहीं पहुंच रहा है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द पाइपलाइन विस्तार का कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके और उन्हें रोजमर्रा की कठिनाइयों से राहत मिल सके।

# समर कैंप को लेकर बच्चों में उत्साह महानदी एकेडमी की सराहनीय पहल

**नगरी/नवप्रदेश।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सांकरा में 23 से 26 अप्रैल तक ÷समर कैंप 2026÷ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन Mahanadi Academy Deurpara Nagri °ß´ Mahanadi Kids के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हो रहा है। क्षेत्र के एकमात्र सीबीएसई संबद्ध विद्यालय द्वारा की गई यह पहल ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक अवसर के रूप में देखी जा रही है।

समर कैंप का विधिवत शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर सरपंच नागेन्द्र बोरझा, जनपद सदस्य राजेश गोसाई एवं सोसायटी अध्यक्ष गिरिवर भंडारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं संचालन मंडल के सदस्य मोहन नाहटा, निकेश ठाकुर, अहमद रजा, अजय छाजेड़ एवं शशांक सलाम की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन संपन्न हुआ।

समर कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को अवकाश अवधि के दौरान गुणवत्तापूर्ण, व्यवहारिक एवं रोचक शिक्षा प्रदान करना है। कैंप में अंग्रेज़ी संवाद कौशल, शब्द भंडार विकास, गणित एवं विज्ञान से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को सरल, प्रभावी एवं व्यावहारिक पद्धति से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनके आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और सृजनात्मकता में वृद्धि हो सके। यह कैंप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक प्रयास साबित हो रहा है।

विद्यालय प्रबंधन ने क्षेत्र के अधिक से अधिक विद्यार्थियों से इस समर कैंप में सहभागिता करने का आह्वान किया है और इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया है।

## छुईखदान पुलिस की कार्रवाई, 7 जुआरी पकड़े गए, 4650 रुपए नकद जब्त

**छुईखदान/नवप्रदेश।** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में छुईखदान थाना क्षेत्र के ग्राम पुरेना में पुलिस ने जुआ खेल रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मौके से कुल ?4650 नगद सहित ताश पत्ते जब्त किए गए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 24 अप्रैल 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पुरेना में स्कूल के पास मैदान में कुछ लोग 52 पत्ती ताश के जरिए रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर छापेमारी की।

पहली कार्रवाई में जीतलाल जंघेल (28 वर्ष), लेखराम घुरवे (36 वर्ष) और सूर्यकांत चंदेल (42 वर्ष) को पकड़ा गया। इनके पास से 52 पत्ती ताश, जुआ फड़ और ?2150 नगद जब्त किए गए।

इसी तरह ग्राम पुरेना के ही एक अन्य स्थान पर दूसरी कार्रवाई करते हुए खेमलाल जंघेल (28 वर्ष), अजय कुमार घुरवे (19 वर्ष), आजाय जांगड़ (45 वर्ष) और मनोहर वर्मा (37 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 52 पत्ती ताश और ?2500 नगद बरामद किया गया।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियों को जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध जुआ गतिविधियों के खिलाफ आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## सगाई समारोह में युवक से मारपीट तीन आरोपियों पर केस दर्ज

**महासमुंद/नवप्रदेश।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम मोखापुटका में आयोजित एक सगाई कार्यक्रम के दौरान एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, आंवलाचक्ka निवासी अर्जुन महानंद (19) 22 अप्रैल को संतोष चौहान की सगाई कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम मोखापुटका गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शाम करीब 4:30 बजे वह महेत्तर चौहान के घर के सामने खड़ी एक मोटरसाइकिल पर बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव का ही प्रेम चौहान वहां पहुंचा और मोटरसाइकिल में बैठने को लेकर आपत्ति जताते हुए अभद्र भाषा में गाली-गलौज करने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और प्रेम चौहान ने अर्जुन के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि कुछ ही देर में प्रेम चौहान के साथी सफेद और नित्या चौहान भी मौके पर पहुंच गए और तीनों ने मिलकर युवक के साथ मारपीट की।

इस दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर सरायपाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

## कार में अवैध शराब परिवहन: दो आरोपी गिरफ्तार, 5900 रुपए की शराब जब्त

■ **स्विफ्ट कार से अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** कार में अवैध रूप से शराब परिवहन करने के मामले में बलौदा पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम भुरसापाली रोड की ओर से एक सफेद रंग की कार में दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर गुजरने वाले हैं।

सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर घेराबंदी की। कुछ ही देर बाद सफेद रंग की स्विफ्ट कार (क्रमांक सीजी 06 एचएफ 5420) वहां पहुंची, जिसमें दो

व्यक्ति सवार थे। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम भोलाराम पटेल (32 वर्ष), निवासी मेडरा, थाना बरमकेला, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ तथा सुरेंद्र चौधरी (38 वर्ष), निवासी खैरमाल, थाना सरायपाली बताया।

तलाशी लेने पर कार में रखे प्लास्टिक थैलों से 20 नग मैकडावल नंबर-01 अंग्रेजी शराब और 10 नग सिंबा बीयर बरामद हुई। जब्त शराब की कुल कीमत 5900 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने शराब को जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## भीषण गर्मी का असर: आंगनबाड़ी केंद्रों का समय 4 घंटे किया

■ **बच्चों की उपस्थिति 9 बजे तक, 30 जून तक लागू रहेगा आदेश**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अहम निर्णय लिया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के निर्देश पर ग्रीष्मकाल के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव किया गया है।

जारी निर्देशों के अनुसार, 30 जून 2026 तक आंगनबाड़ी केंद्र अब प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगे। वहीं 23 अप्रैल से 30 जून तक बच्चों की उपस्थिति का समय सुबह 7 बजे से 9 बजे तक निर्धारित किया गया है, ताकि वे तेज गर्मी और लू के प्रभाव से सुरक्षित रह सकें।

इस अवधि के दौरान बच्चों को पूर्व निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा के साथ-साथ पूरक पोषण आहार का वितरण नियमित रूप से किया जाएगा।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि सेवाओं की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों में अन्य आवश्यक सेवाएं सुबह 11 बजे तक जारी रहेंगी। साथ ही बच्चों को सुरक्षित रूप से घर पहुंचाने की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधितों की जवाबदेही तय की जाएगी।

विभाग ने सभी जिला अधिकारियों को इन व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करने और जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों में प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि आदेशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। ग्रीष्मकाल समाप्त होने के बाद 1 जुलाई 2026 से आंगनबाड़ी केंद्र पुनः अपने सामान्य समय सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक (6 घंटे) संचालित होंगे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्वांश सिन्हा ने किया टॉप

**छुरा / नवप्रदेश।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा तृतीय के छात्र पूर्वांश सिन्हा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर पूर्वांश ने कक्षा में अव्वल स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।पूर्वांश सिन्हा, क्षेत्र के प्रसिद्ध योगाचार्य मिथलेश सिन्हा के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने भी पूर्वांश की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा एवं आचार्य दीदियों ने बताया कि पूर्वांश एक मेधावी एवं अनुशासित छात्र हैं, जो पढ़ाई के

साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रहते हैं। उनकी इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर दादा ईश्वर सिन्हा,दादी एलिका सिन्हा मां नर्मदा सिन्हा, अल्का सिन्हा, गुड़िया रुद्रांशी सिन्हा, मामा फ्लेश्वर डंडसेना, बुआ ललिता सिन्हा, लता सिन्हा, सीमा सिंह, मोनालिसा, पुनीत राम ठाकुर, चंद्रकांत यादव,लालू राठौर, पुष्पराज साहू, परिजनों ,मित्रों एवं शुभचिंतकों ने पूर्वांश को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**खेल:** 23 से 25 अप्रैल तक गुजरात में आयोजित हुआ राष्ट्रीय स्तर का ट्रायल, चयनित खिलाड़ियों को मिलेगी विश्वस्तरीय ट्रेनिंग सुविधा

# 4 पैरा खिलाड़ियों ने गांधीनगर में दिखाया दम, साई चयन ट्रायल में लिया हिस्सा

**महासमुंद/नवप्रदेश।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा आयोजित पैरा एथलेटिक्स चयन ट्रायल (एनसीओई गांधीनगर 2026-27) का आयोजन 23 से 25 अप्रैल 2026 तक नेताजी सुभाष वेस्टर्न रीजनल सेंटर, सेक्टर-15, गांधीनगर (गुजरात) में किया गया। इस प्रतिष्ठित ट्रायल में महासमुंद जिले से चार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर जिले का गौरव बढ़ाया।

इस चयन प्रक्रिया में 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को शामिल किया गया। पात्रता के तहत वे खिलाड़ी शामिल हुए जिन्होंने राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया हो, राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता एवं खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025-26 में प्रथम से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया हो या वर्तमान वर्ल्ड रैंकिंग में शीर्ष 8 में स्थान

बनाया हो।

महासमुंद से अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट लक्ष्मी यादव और ईश्वरी निषाद के साथ राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी नोशन पटेल एवं देव मोती साव ने ट्रायल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के साथ कोच निरंजन साहू, गाइड रनर प्रशांत निषाद एवं नइमिस सिदार का विशेष मार्गदर्शन रहा, जिनकी देखरेख में खिलाड़ियों ने ट्रायल में भाग लिया।

समाजसेवी संस्था फॉर्चून फाउंडेशन, कर्मपटपर (बागबाहरा खुर्द) द्वारा जिले के दिव्यांग/पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ियों को लगातार प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन दिया जा रहा है। संस्था के प्रयासों से खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। इस चयन ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिसमें आवास व्यवस्था, खेल सामग्री, ट्रायल में शामिल होने पर खिलाड़ियों को सीईओ हेमंत नंदनवार, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे सहित जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों और समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि जिले में पैरा स्पोर्ट्स को मिल रहे निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन का भी प्रमाण है।

**प्रतियोगिताओं में भागीदारी, अध्ययन व्यय**

स्पोर्ट्स साइंस सपोर्ट, स्वास्थ्य बीमा जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं शामिल हैं। महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे साई गांधीनगर में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें।

## महिला आरक्षण पर कांग्रेस का भाजपा पर हमला कहा- आरक्षण के नाम पर फैलाया जा रहा भ्रम

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** जिलास्तरीय पत्रकारवार्ता में महिला आरक्षण को लेकर बीजेपी के द्वारा जो दुष्प्रचार कर रही है इसी विषय में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ महिला पदाधिकारी श्रीमती डॉ०रश्मि चन्द्राकर ने स्थानीय रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता लेते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक महिला आरक्षण के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रहे हैं।कांग्रेस का दावा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 कानून बन चुका हैएइसके बावजूद इसे लागू नहीं करना सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करता है।

आगे उन्होंने पत्रकारवार्ता में कहा कि भाजपा लगातार यह झूठा प्रचार कर रही है कि विपक्षी दलों के विरोध के कारण महिला आरक्षण बिल पारित नहीं हो सकाएजबकि सच्चाई यह है कि महिला आरक्षण बिल ;नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023द्ध संसद के दोनों सदनों से पारित होकर राष्ट्रपति की मंजूरी भी प्राप्त कर चुका है और अब यह कानून का रूप ले चुका है।इस पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### राज्य सरकार की छवि पर असर देशी मदिरा कोचियों के हाथ

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** कोचियों को शराब देने के कारण दुकानों में शराब उपलब्ध नहीं हो पा रही है कारण है कि आबकारी विभाग सेल्स मेन को छूट दे रखी है। दुकानों में देशी शराब नारंगी, लाल एवं सफेद शेरा शोले आते ही कोचियों को मोबाईल कर बुलाया जाता है। किसी कोचियों को 100, किसी को 200 पवा खुले आम गिनती कर बोरी में डाला जाता है। जिसे कोचिया द्वारा नांदगांव शहर के विभिन्न मोहल्ले में 20 से 30 रू. बढ़ाकर बेचा जा रहा है। दुकान सेल्समेन को पर पेटी प्रति कोचिया 200 रू. अलग से भेंट की जाती है। जानकारी के अनुसार यह राशि की बड़े नेता तक पहुंचाया जाता है ऐसी स्थिति में दुकान में माल खाली हो जाता है इसके कारण से हमाल मजदूर मध्यम वर्ग में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मजबूरन प्रतिदिन 80, 100 रू. का शराब खरीदने वाले 250 रू. की अंग्रेजी शराब खरीद रहे जिसका असर गृहस्थी पर पड़ रहा है। क्योंकि कोचिया तथा महंगी शराब नहीं खरीदते। शासन आबकारी विभाग को सेल्समेन पर कड़ाई करने की आवश्यकता है जबकि नियम है कि व्यक्ति को 1 बोतल ही दिया जाना चाहिए। आबकारी विभाग के साठ-गाठ के कारण यह स्थिति नियत हो रही है। राज्य शासन के विष्णुदेव सरकार के खिलाफ आक्रोश व्याप्त हो रहा है। आमजन को कहना इससे अच्छा तो प्राईवेट शराब दुकान ही अच्छा है। शराब दुकान दुरी होने के कारण पाकिटमार लूटपाट का शिकार होना पड़ता है। इस कारण आम जन कोचियों से गली मोहल्ले में अत्यधिक राशि देकर शराब खरीदने करनी पड़ती है। आबकारी पुलिस सीमित मात्रा में होने के कारण विभाग तथा सांठ-गांठ होने के कारण सेल्स मेन पर कड़ाई का रूख नहीं अपनाया जा रहा है। इस हेतु नगर पुलिस एसपी शर्मा मैडम के माध्यम से कड़ाई किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में एसपी कार्यालय में शिकायत भी दर्ज किया जा रहा है। यह जानकारी जनहित मोर्चा में सचिव जगदीश दास ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

### पंचायती राज दिवस पर पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन कर जनगणना और योजनाओं की दी जानकारी

**खैरागढ/नवप्रदेश।** पंचायती राज दिवस पर जिले की सभी 221 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। पंचायतों मे आयोजित ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी के बीच विशेष रूप से आगामी जनगणना 26 के संबंध में आम नागरिकों को जागरूक किया गया। ग्राम सभाओं में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वगणना की प्रक्रिया, उसके महत्व एवं इससे होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्राम सभाओं में उपस्थित होकर ग्रामीणों को जनगणना के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें स्वगणना करने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने बताया कि स्वगणना से नागरिक स्वयं अपने परिवार की सही एवं सटीक जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर ग्राम स्तर पर शासन की योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पंचायत सशक्तिकरण एवं गांव के समग्र विकास के लिए अपने सुझाव भी दिए। जिले में आयोजित इन विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से न केवल पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती मिली, बल्कि जनगणना के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

### गुरमत कैंप- 2026 का आयोजन

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** श्री गुरु सिंह सभा, राजनांदगांव द्वारा बच्चों के लिए 'गुरमत कैंप - 2026' का आयोजन 26 अप्रैल दिन रविवार 2026 से किया जा रहा है। यह कैंप प्रतिदिन शाम 04:45 बजे से 06:15 बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा परिसर में आयोजित होगा।इस कैंप में बच्चों को गुरमुखी लिपि (पंजाबी पढ़ना-लिखना), गुरबाणी कंठ (नितनेम की बाणियां), गुरबाणी संथिया (शुद्ध उच्चारण), कीर्तन,दस्तार सजाना तथा गतका की शिक्षा दी जाएगी।आयोजकों ने शहर की सिक्ख संगत से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस कैंप में अधिक से अधिक संख्या में शामिल करें, ताकि वे गुरमत के सिद्धांतों से जुड़ सकें और अपनी धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत को समझ सकें।कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु गूगल फॉर्म लिंक उपलब्ध कराया गया है, साथ ही इच्छुक अभिभावक गुरुद्वारा साहिब में आयोजकों से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# राजा दिग्विजय दास की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम संपन्न

■ **सेवा कार्यों से मिला जनसंदेश**

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** शहर के जनहितैषी शासक रहे राजा दिग्विजय दास की स्मृति में 25 अप्रैल को महाकाल चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि एवं सेवा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर उनके योगदान को याद किया और सेवा कार्यों में सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के दौरान राजगामी संपदा न्यास की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी का सम्मान महापौर मधुसूदन यादव की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने राजा दिग्विजय दास के जनसेवा एवं त्यागपूर्ण जीवन को प्रेरणास्रोत बताया। शरबत वितरण में दिखी जनभागीदारी संस्कारधानी सेवा संस्थान द्वारा महाकाल चौक पर आयोजित शरबत वितरण कार्यक्रम में लगभग 3000 गिलास

शरबत आम नागरिकों को वितरित किया गया। कार्यक्रम में शामिल अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, राजगामी सम्पदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने भी आम नागरिकों को शरबत वितरण किया। इस सेवा कार्य में संस्थान के राजू डागा, लक्ष्मण लोहिया, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, मनोज बैद, राजा मखीजा, सुरेश पंजवानी, अमित खंडेलवाल, राजकुमार बाफ्ना, अशोक पांडे सहित अनेक नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

**मातृ शक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति**

कार्यक्रम में मातृ शक्ति की भी बड़ी संख्या में भागीदारी रही। प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद मिथलेश्वरी देवांगन, शैली साहू, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड़, कांति मौर्य, मोना गोसाई, मधु बैद सहित अन्य महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**जनप्रतिनिधि व समाजजन भी रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद शैक्की बग्गा, शरद सिन्हा, संजू बघेल, शेखर लश्करे, राजा मखीजा, वैष्णव समाज के सदस्य एवं शीतला मंदिर के पुजारी गण भी शामिल हुए और आयोजन की सराहना की।

कांग्रेस ने पिछले बजट की फोटोकापी बताते कहा कुछ नहीं हो पाएगा

# पालिकाध्यक्ष ने पेश किया 60 लाख के लाभ का बजट, विपक्षियों का वाकआउट

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** विपक्ष के वाकआऊट के बीच नगरपालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने पालिका में 60 लाख रू से अधिक के लाभ का बजट पेश किया । सामान्य सभा मे विभिन्न प्रस्तावों में चर्चा के बाद अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत बजट मे जानकारी नही होने का हवाला देते विपक्षी कांग्रेस ने बजट का बहिष्कार करते वाकआऊट कर दिया था । हालंकि बहुमत के आधार पर सत्ताधारी भाजपा ने बजट प्रस्ताव पास कर दिया । शहर विकास के लिए प्रावधानो के तहत बजट मे आगामी वित्तीय वर्ष मे भी तालाब सौंदर्यीकरण, पुष्पवाटिका, खेल मैदान,मांगलिक भवन, आश्रय स्थल, सामुदायिक भवन, कांजी हाउस, शांपिंग काम्पलेक्स, स्कूल भवन, मुक्तिधाम उन्नयन, लाइब्रेरी सहित नाली निर्माण, सीसी सडक़, विद्यूतपोल, ट्रांसफार्मर, सार्वजनिक कार्यो के लिए वृहद राशि का प्रावधान किया गया है । अध्यक्ष चंद्राकर द्वारा प्रस्तुत बजट मे नगरपालिका की आय 15 करोड़

33 लाख रू दर्शाया गया है । जबकि वित्तीय वर्ष मे कुल खर्च राशि 14 करोड़ 73 लाख 50 रू का व्यय दिखाया गया है । नगरपालिका को होने वाली आय मे सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, निर्यातकर, शिक्षा उपकर सहित अन्य करो से 3 करोड़ 15 लाख रू, चुंगी क्षतिपूर्ति, मुद्रांक शुल्क, बार लायसेंस, मनोरंजन कर उत्पाद कर आदि से 49 लाख , दुकान एवं भवनो की नीलामी, किराया, विकास शुल्क, लायसेंस, अनुज्ञप्तिशुल्क, यूजर चार्ज, प्रपत्र विक्रय शुल्क से 1 करोड़ 32 लाख रू, मिशन क्लीनसिटी, श्रद्धाज़लि योजना पेंशन परिवार सहायता, प्रधानमंत्री आवास आदि के लिए 4 करोड़29 लाख रू अन्य आय के संसाधनो से 26 लाख 40 हजार रू का प्रावधान किया गया है । खर्च मे वेतनभत्ता,जीपीएफ, ईपीएफ आदि पर 3 करोड़ 81 लाख रू, स्टेशनरी सहित अन्य शुल्क पर 48 लाख 80 हजार रू, विद्यूत देयको, मरम्मत, रखरखाव सफाई चिकित्सा शिविर, जलप्रदाय आदि के लिए 1 करोड़ 7 लाख रू, पेंशन परिवार सहायता, श्रद्धाजलि योजना आवास आदि।

स्वच्छभारत मिशन क्लीन सिटी आदि के लिए 4 करोड़ 17 लाख रू व्यव का प्रावधान किया गया है । पालिका क्षेत्र मे अध्यक्ष निधि, पार्षद निधि, सांसद , विधायक निधि शेड चबूतरा, एसएलआरएम, सार्वजनिक शौचालय पालिका क्षेत्र मे विभिन्न सडक़ो एवं पुल निर्माणके लिए 5 करोड़ 18 लाख रू का प्रावधान भी किया गया है । पार्षदों से प्राप्त विकास कार्यो के प्रस्तावो को भी वित्तीय वर्ष के बजट मे शामिल किया गया है जिसे तैयार कर शासन को भेजा जाएगा ।

> **विकास का बजट**
>
> शहर विकास के लिए विभिन्न विकास कार्यो, पहले से जारी योजनाओ के लिए विशेष प्रावधान किए गए है । शहर का समावेशी विकास होगा ।
>
> **- गिरजा चंद्राकर**
> अध्यक्ष, नपा खैरागढ़
>
> पिछले बजट की फोटोकापी पिछले साल प्रस्तुत नही हो पाए बजट को ही कापी कर इस साल भी सब्ज बाग दिखाया गया है । शहर विकास को तरस रहा है । इस साल भी शहर को कुछ नही मिल सकेगा ।
>
> **- दीपक देवांगन**

ग्राम घुपसाल बना मिसाल

# जल संरक्षण और फसल परिवर्तन से बदली तस्वीर

**राजनांदगांव / नव प्रदेश।** छुरिया विकासखंड का ग्राम घुपसाल जनभागीदारी, जल संरक्षण और फसल चक्र परिवर्तन के चलते आज एक आदर्श मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है। जहां पिछले चार वर्षों से गांव का तालाब गर्मी में सूख जाता था, वहीं इस वर्ष तालाब में पर्याप्त पानी बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों और मवेशियों को राहत मिली है।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने ग्राम भ्रमण के दौरान किसानों और स्वच्छता दीदियों को सम्मानित करते हुए उनके सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कम पानी वाली फसलों को अपनाने और जल संरक्षण के उपायों से भू-जल स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ग्रामवासियों ने धान जैसी अधिक पानी वाली फसल छोड़कर लगभग 300 एकड़ में मक्का और 50 एकड़ में दलहन-तिलहन की खेती कर एक मिसाल पेश की है।

कलेक्टर ने बताया कि इस पहल से न केवल जल संकट कम हुआ है, बल्कि खेती को टिकाऊ बनाने की दिशा में भी

महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पूरे गांव का एकमत होकर फसल परिवर्तन करना सामाजिक एकता और जागरूकता का प्रतीक है। ग्राम घुपसाल का यह मॉडल अब राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना रहा है।

जिला प्रशासन किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए कंपनियों के साथ अनुबंध की प्रक्रिया में जुटा है। वहीं ग्रामीणों की मांग पर पचरी, बोर और सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति भी प्रदान की गई है। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते हुए सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि किसानों और महिला स्व-सहायता समूहों की मेहनत से गांव में जल संकट खत्म हुआ है।

# मोतीपुर नदी घाट में अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, मार्ग व रैंप को तोड़ा

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज कुमरदा तहसील अंतर्गत ग्राम मोतीपुर नदी घाट में राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत उत्खनन के लिए बनाए गए रैम्प को तोड़ दिया।

साथ ही घाट तक पहुंचने

वाले मार्ग को काटकर पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया गया, ताकि भविष्य में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। इससे पहले टीम द्वारा मोतीपुर नदी घाट से अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे दो माजदा वाहनों को रेत सहित जप्त किया गया। दोनों वाहनों को थाना डोंगरगांव के सुपुर्द कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार विजय कोठारी सहित राजस्व विभाग की टीम मौके पर उपस्थित रही।

# विश्व मलेरिया दिवस पर राजनांदगांव में जागरुकता रैली

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शहर में मितानिन प्रेरक किरण यादव एवं मितानिन कार्यकर्ताओं द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य आमजन को मलेरिया के प्रति जागरूक करना एवं इसके रोकथाम के उपायों को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

रैली शहर के बसंतपुर क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गो और मोहल्लों से होकर गुजरी। इस दौरान मितानिन कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर नागरिकों को मलेरिया के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि

मलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाली गंभीर बीमारी है, जिससे समय पर सावधानी अपनाकर बचा जा सकता है।

इस दौरान पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री की सक्रिय सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने रैली में शामिल होकर नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि मलेरिया उन्मूलन के लिए जनभागीदारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने, पानी का ठहराव रोकने एवं स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

**नाम-परिवर्तन**

मैं देवांक्षी नायक (DEVANKSHEE NAYAK) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्री सनातन नायक, निवासी मकान नं. 158/4, टाईप-4, डब्ल्यू. आर.एस. कालोनी, खमतराई-2 रायपुर तह. व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ ने अपना नाम देवांक्षी नायक (DEVANKSHEE NAYAK) (पुराना नाम) से बदल कर देवांशी नायक (DEVANSHEE NAYAK) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
देवांक्षी नायक
सुपुत्री सनातन नायक,
निवासी मकान नं. 158/4, टाईप-4, डब्ल्यू. आर.एस. कालोनी, खमतराई-2 रायपुर तह. व जिला रायपुर ( छ.ग. )

# नगरपालिका में ठेका कंपनी से सांठगांठ कर दोहरी राशि भुगतान किए जाने की शिकायत

**संयुक्त संचालक ने दिए जांच के आदेश**

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** नगरपालिका मे प्रभारी सीएमओ की पदस्थापना के दौरान भ्रष्टाचार के नित नए मामले लगातार सामने आ रहे है । पालिका मे सत्ताधारी दल के नेता ही इन भ्रष्टाचारो की पोल खोलने मे जुटे है । बिना कार्य के भुगतान मामले की शिकायत पर जांच के बाद फिर से नया फर्जीवाड़ा सामने आया है । नगरपालिका मे पदस्थ रहे प्रभारी सीएमओ अविनाश देवांगन द्वारा पालिका मे कार्यरत एक ठेकेदार कंपनी को सांठगांठ कर अतिरिक्त एवं दोहरी राशि भुगतान किए जाने की शिकायत पर नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त संचालक द्वारा जांच के आदेश दिए गए है । मामले की शिकायत पूर्व नपा उपाध्यक्ष रामाधार रजक द्वारा की गई थी । नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक और संयुक्त संचालक को किए गए शिकायत मे पालिका के प्रभारी सीएमओ रहे अविनाश देवांगन पर ठेकेदार पीपी ताम्रकार एंड एसोसिएटस दुर्ग से सांठगांठ कर 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत प्रस्तावित कार्यो में सीएमओ देवांगन द्वारा 26 फरवरी को 2 लाख 77 हजार 240 रू का भुगतान का आरोप है । पूर्व पालिकाध्यक्ष रजक ने बताया है कि इसी फर्म को पूर्व में भी इसी कार्य की इतनी ही राशि का भुगतान साल भर पहले ही किया जा चुका है । फर्म को जानबूझकर दोहरा भुगतान कर गंभीर अनियमितताएं की गई है । रजक ने शिकायत मे व्योरा देते कहा कि 15 वे वित्तमद से टाईड ग्रांट पेयजल प्रबंधन नल कनेक् शन कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति के खिलाफपीपी ताम्रकार दुर्ग को 95900 रू का भुगतान बिना निविदा प्रकाशन एवं स्वीकृति के आर्थिक अनियमितता के साथ किया गया है ।

# महिला आरक्षण विधेयक पर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** महिला आरक्षण विधेयक के लोकसभा मे खारिज होने पर भाजपा ने इसे कांग्रेस की साजिश करार दिया है । भाजपा की प्रदेश मंत्री उषा टावरी ने स्थानीय भाजपा कार्यालय मे आयोजित प्रेसवार्ता मे कहा कि लोकसभा मे महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्ष ने अपना स्वार्थ सिद्ध किया है ।

देश भी महिलाओ को आरक्षण को लेकर बड़ी अपेक्षा थी लेकिन विपक्ष ने महिलाओ के प्रति निदंनीय कार्य कर अपनी सोच स्पष्ट कर दी । टावरी ने कहा कि प्रियंका गांधी लडक़ी हूं लड़ सकती हूं का नारा देती है लेकिन उनकी पार्टी इसे खारिज कराने मे जूटती है ।

**राजनीतिक लाभ, श्रेय लेने भाजपा फैला रही भ्रम, 2023 का बिल लागू करे : छन्नी साहू**

इधर कांग्रेस ने भाजपा द्वारा पेश किए गए महिला आरक्षण विधेयक को केवल भाजपा के राजनीतिक लाभ और श्रेय लेने वाला बताया । विधायक निवास मे आयोजित प्रेस वार्ता मे पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर केवल भ्रम फैला रही हे । साहू ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक 2023 मे पारित हो चुका है । भाजपा मे दम है तो उस बिधेयक को लागू करवा ले । साहू ने कहा कि प्रमं नरेन्द्र मोदी पांच राज्यो मे हो रहे चुनाव के पूर्व राजनीतिक लाभ लेना चाह रहे थे ।

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार परमेश्वर चंद्राकर आ. झूमूक राम चंद्राकर उम्र 61 वर्ष निवासी ई 4/37, चौहान ग्रीन वैली स्मृति नगर भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) का निवासी है, मेरे पक्षकार के आधार कार्ड, बैंक पासबुक, सी.एस.पी.डी.सी.एल. के आई.डी. कार्ड एवं पेमेन्ट स्लीप, पेन कार्ड, अकाउंट स्लीप, में मेरे पक्षकार का नाम परमेश्वर चंद्राकर दर्ज है एवं मेरे पक्षकार के परिचय पत्र, शैक्षणिक दस्तावेज एवं जाति प्रमाण पत्र में मेरे पक्षकार का नाम परमेश्वर दर्ज है मेरा पक्षकार अपना नाम परमेश्वर से परिवर्तित करके परमेश्वर चंद्राकर दर्ज करवाना चाहता है। परमेश्वर एवं परमेश्वर चंद्राकर उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पक्षकार का ही नाम है। जिसके संबंध में मेरे पक्षकार ने दिनांक... को श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग छ.ग. के समक्ष एक शपथपत्र भी निष्पादित करवाया है तथा छ. ग. गजट प्रकाशन में भी नाम परिवर्तन हेतु प्रकाशन करवाना चाहता है । भविष्य में मेरे पक्षकार को परमेश्वर चंद्राकर के नाम से जाना पहचाना, लिखा, पढ़ा, समझा, संबोधित किये जायेगा।

अत: यह आम सूचना मेरे पक्षकार के निर्देश पर मेरे द्वारा जारी किया गया है।

सूरज कुमार धुरवंशी
अधिवक्ता जिला न्यायालय दुर्ग
बार रुम नं. 04, जिला न्यायालय
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग ( छ.ग. )
मो. 9039194594

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.202604100700080 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेशचंद्र जैन पिता पारसमल जैन निवासी महावीर कालोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 524/41 का टु. रकबा 2200 वर्गफीट हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ क्रेता पारसमल जैन आ. फरसमल जैन के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 28.01.2009 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202604100800030 /अ-06/वर्ष 2025-26
ग्राम धमधा, प.ह.न. 15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि आवेदिका श्रीमती आशा गोखले पति हरीश गोखले, उम्र 56 वर्ष निवासी 38 ए, स्ट्रीट एवन्यू सी, सेक्टर 01 वार्ड क्रमांक 38 भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर नामांतरण दर्ज करनें का आवेदन पेश किया गया है, कि मौजा ग्राम धमधा, प.ह.नं. 15 स्थित भूमि खसरा नंबर 2572 का रकबा 0.790 हे. में से 0.013 हे. भूमि को विक्रेता गौतम ढीमर पिता परदेशी राम ढीमर, उम्र 44 वर्ष निवासी ढीमर पारा धमधा, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग से आवेदिका/क्रेता श्रीमती आशा गोखले पति हरीश गोखले ने पंजीकृत विक्रय-विलेख बैनाम क्रमांक सी.जी. -2023-24-114-1-3101 के माध्यम से दिनांक 01/02/2024 को क्रय किया गया है। किन्तु वर्तमान में उक्त क्रय शुदा भूमि आवेदिका / क्रेता के नाम पर दर्ज नहीं होना लेख कर, आवेदिका आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा की छाया प्रति संलग्न कर उक्त क्रय शुदा भूमि खसरा नंबर 2572 का रकबा 0.790 हे. में से 0.013 हे. भूमि को आवेदिका / क्रेता श्रीमती आशा गोखले पति हरीश गोखले, उम्र 56 वर्ष निवासी 38 ए, स्ट्रीट एवन्यू सी, सेक्टर 01 वार्ड क्रमांक 38 भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपनें नाम पर नामांतरण दर्ज किये जानें की निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 29.04.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202604100800029 /अ-06/वर्ष 2025-26
ग्राम धमधा, प.ह.न. 15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि आवेदिका श्रीमती शुभांगी देशपांडे पति अभय देशपांडे, उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 56, हुडको भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर नामांतरण दर्ज करनें का आवेदन पेश किया गया है, कि मौजा ग्राम धमधा, प.ह.नं. 15 स्थित भूमि खसरा नंबर 2572 का रकबा 0. 790 हे. में से 0.013 हे. भूमि को विक्रेता गौतम ढीमर पिता परदेशी राम ढीमर, उम्र 44 वर्ष निवासी ढीमर पारा धमधा, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग से आवेदिका / क्रेता आवेदिका श्रीमती शुभांगी देशपांडे पति अभय देशपांडे ने पंजीकृत विक्रय-विलेख बैनाम क्रमांक सी.जी. -2023-24-114-1-3110 के माध्यम से दिनांक 01/02/2024 को क्रय किया गया है। किन्तु वर्तमान में उक्त क्रय शुदा भूमि आवेदिका / क्रेता के नाम पर दर्ज नहीं होना लेख कर, आवेदिका आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा की छाया प्रति संलग्न कर उक्त क्रय शुदा भूमि खसरा नंबर 2572 का रकबा 0.790 हे. में से 0.013 हे. भूमि को आवेदिका / क्रेता श्रीमती शुभांगी देशपांडे पति अभय देशपांडे, उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 56, हुडको भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ. ग.) द्वारा अपनें नाम पर नामांतरण दर्ज किये जानें की निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 29.04.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ब/121/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा ठाकुर पिता केजुराम ठाकुर निवासी दरबार मोखली तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि स्व. जिवराखन ठाकुर पिता स्व. केजूराम का मृत्यु दिनांक 12.01.2013 को ग्राम दरबार मोखली तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक कृष्णा ठाकुर पिता केजुराम ठाकुर निवासी दरबार मोखली तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 30.04.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.04.2026 को जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202604101000115 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं. 202604101000115/ अ-6/ वर्ष 2025-26 में आवेदिका/आवेदक एम. सांई चरण पिता/पति स्व. एम.ए. एन मूर्ति निवासी मैत्री नगर रिसाली भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 4764 रकबा 0.0200 हे. है। जो भूमिस्वामी एम.ए.एन. मूर्ति आ. स्व. एम वेंकट रमणा के नाम पर दर्ज है । जिसमें भूमिस्वामी एम.ए.एन मूर्ति की मृत्यु दिनांक 25.01.2026 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11.05.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

(धारा 178 प्रारूप ख)
मा.क्र./अ-27/वर्ष 2025-26

क्योंकि मौजा कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग के सहभूमिस्वामी इंदरचंद सुराना आ. स्व. सुगमचंद जी सुराना निवासी मकान नं. 116 वार्ड 36 गंजपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग ने निम्नांकित अनुसूचि में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है एवं सुनवाई का दिनांक 06.05.2026 स्थान तहसील कार्यालय दुर्ग पर दिन 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हों एवं अपने आक्षेपों यदि कोई हो तो पेश करें। उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में आक्षेपों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(खाते का विवरण)
सर्वेक्षण संख्यांक/भूखंडांक- 512/1
क्षेत्रफल- 522/1
भू-राजस्व- 0.1700, 0.0970 हे.

आज दिनांक 23.04.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

**नाम-परिवर्तन**

मैं चंद्रशेखर साहू, उम्र 36 वर्ष, पिता चिंता राम साहू, निवासी हाउस नं. 61, ग्राम रनबोड़, पोस्ट घोघरा, तहसील नवागढ़, जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूं, जो कि निमनलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं :-यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरी पुत्री का नाम चूडामणी (CHUDAMANI) है, जो कि वर्तमान में नाबालिक है। यह कि, मेरी पुत्री के नाम से रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु) ग्राम पंचायत रनबोड़ द्वारा जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है उसमें मेरी पुत्री का नाम चूडामणी (CHUDAMANI) अंकित है, तथा स्कूली दस्तावेज कक्षा पांचवीं की प्रमाण पत्र-सह अंक सूची में मेरी पुत्री का नाम चूडामणी (CHUDAMANI) अंकित है। मेरा यह कि मेरी पत्री के नाम से भारत सरकार का आधार कार्ड जारी किया गया है जिसका नंबर 5336 33775268 है जिसमें मेरी छ.ग. प्रत्री का नाम अदिति (ADITI) अंकित है। यह कि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम चूड़ामणी (CHUDAMANI) के नाम से गजट प्रकाशन करवाने, इसी आधार से मेरी पुत्री के आधार कार्ड में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेज श्रीमान् सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
चंद्रशेखर साहू,
पिता चिंता राम साहू,
निवासी हाउस नं. 61, ग्राम रनबोड़,
पोस्ट घोघरा, तहसील नवागढ़,
जिला बेमेतरा ( छ.ग. )

# शास्त्री चौक में ट्रांसफार्मर के सर्किट बॉक्स में विस्फोट

**■ भीषण आग से केबल जला- 6 घंटे बिजली रही बाधित**

**■ तेज गर्मी और ओवरलोडिंग बनी वजह**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** शहर के व्यस्ततम क्षेत्र बीटीआई रोड स्थित शास्त्री चौक के पास शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर के नीचे स्थित सर्किट बॉक्स में अचानक चिंगारी के साथ विस्फोट हुआ और भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पूरा केबल जलकर खाक हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब 3 बजे तेज गर्मी और अधिक विद्युत लोड के चलते सर्किट बॉक्स से पहले चिंगारी निकली, जो कुछ ही पलों में आग में तब्दील हो गई। मुख्य मार्ग होने के कारण आसपास भारी

आवाजाही रहती है, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई थी। समय रहते आग पर काबू पा लेने और नागरिकों की सतर्कता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन यह घटना विद्युत व्यवस्था की मजबूती और नियमित रखरखाव की आवश्यकता को भी उजागर करती है।

**देर शाम तक चला मरम्मत कार्य**

विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए देर शाम तक जले हुए केबल और सर्किट बॉक्स को बदलने का कार्य किया। आवश्यक सुधार के बाद शाम को बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

## समय रहते बुझी आग, बड़ा हादसा टला

घटना के बाद आसपास के नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल विद्युत विभाग और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड को बुलाया। फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर तेजी से आग पर काबू पाया, जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया।

**5-6 घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति**

इस घटना के कारण शास्त्री चौक और आसपास के क्षेत्रों में करीब 5 से 6 घंटे तक बिजली सप्लाई पूरी तरह प्रभावित रही। गर्मी के मौसम में बिजली बंद रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। **ओवरलोडिंग और गर्मी बनी मुख्य वजह :** प्राथमिक जानकारी के अनुसार, अत्यधिक गर्मी और ट्रांसफार्मर पर बढ़े लोड के कारण यह हादसा हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी के दिनों में बिजली की

## कूंरा नपं में राशन वितरण में गड़बड़ी

**धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश।** नगरपंचायत कूंरा की राशन दुकानों में खाद्य विभाग तीन अप्रैल , मई , जून तीन माह का चांवल वितरण किया जा रहा है पर साथ में नमक एवं शक्कर नहीं मिलने से हितग्राहियों में काफी आक्रोश है । इस मामले को लेकर नगर के कांग्रेस पार्षदों ने चांवल

वितरण के साथ ही नमक रवान शक्कर का भी राशन हितग्राहियों को प्रदाय किए जाने राशन दुकान 02 के सेल्स मैन को ज्ञापन सौंपा गया है । जिनमें लिखा गया है कि सन् 2025 माह जून एवं मार्च 2026 साथ ही माह अप्रैल , मई एवं जून में शक्कर एवं नमक नहीं दिए गए है उसे एक साथ राशन हितग्राहियों को दिए जाने का मांग किया गया है अप्रैल माह भी निकलने की स्थिति में है शीघ्र ही वितरण नहीं किए जाने की स्थिति में राशन दुकान के सामने हितग्राहियों को साथ लेकर प्रदर्शन करने का चेतावनी दिए गए । ज्ञापन दिए जाने के दौरान उपाध्यक्ष राजा भैया , पार्षद प्रधान देवांगन , जगतू राम देवांगन , पूर्व पार्षद प्रेमलाल पाल सहित आदि लोग शामिल हुए थे ।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने की गुणवत्ता जांच

**भाटापारा/नवप्रदेश।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर खाद्य

सुरक्षा टीम ने भाटापारा एवं दामांखेड़ा में जांच अभियान चलाया। दामाखेड़ा में साहु होटल एवं स्वीट्स में खाद्य पदार्थ ढंककर नही रखने व फ्रिज में गन्दगी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 55 के तहत नोटिस जारी किया गया। भाटापारा शहर के आयुष डेयरी व पटेल डेयरी दतरेंगी का औचक निरिक्षण किया।पटेल डेयरी से मलाई क्रीम का नमूना लेकर जाँच हेतु राज्य खाद्य परिक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। पूर्व महीनो में जॉच हेतु लिए गये नमूनों में अविनाश पोहा इंडस्ट्रीज भाटापारा के पैक्ड पोहा व शीतल इंडस्ट्रीज भाटापारा के पैक्ड बेसन में पोषण संबंधी जानकारी अपूर्ण होने के कारण मिथ्याछाप घोषित किया गया है।खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के लेबलिंग व डिस्प्ले रेगुलेशन 2020 के तहत सभी पैक्ड खाद्य उत्पादों में पोषण सुचना संबंधी पूर्ण जानकारी देना अनिवार्य है।

## ताम्रकार समाज आदर्श सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन आज

**धमधा/नवप्रदेश।** ताम्रकार समाज द्वारा आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन आज दिनांक 26 अप्रैल 2026, रविवार को तमेर पारा, धमधा में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन हैहयवंशी क्षत्रिय ताम्रकार समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में हो रहा है। इस वर्ष समारोह में 7 नवदंपत्ति जोड़ों का

विवाह संपन्न कराया जाएगा। यह भव्य आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित होता है, जो अपनी सादगी, सामाजिक एकता और सुव्यवस्थित व्यवस्था के कारण पूरे छत्तीसगढ़ में विशेष ख्याति प्राप्त कर चुका है। समारोह में समाज के कई जोड़े आज वैवाहिक बंधन में बंधेंगे, जिससे सामाजिक एकता, सादगी और सामूहिक सहयोग की परंपरा को बढ़ावा मिलेगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में अनावश्यक खर्चों को कम करना और जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करना है। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्य, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा आयोजन की पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। समाज के अध्यक्ष नीलकमल ताम्रकार एवं सचिव विमलचंद ताम्रकार ने उक्त जानकारी देते हुए समाज के सभी सदस्यों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

संवेदनशील नेतृत्व का प्रभावः मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर वृद्ध हितग्राही को मिली तत्काल राहत

# मुख्यमंत्री की तत्परता से मिनटों में हरकत में आया प्रशासनः जरूरतमंद तक पहुंची राहत

**■ मीडिया में खबर आते ही मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, प्रशासन हरकत में आया**

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के संवेदनशील, सजग और जनकेंद्रित नेतृत्व का एक और सशक्त उदाहरण सामने आया है, जहाँ एक वृद्ध हितग्राही की समस्या पर त्वरित संज्ञान लेते हुए शासन ने तुरंत राहत सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश पर गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पथर्री निवासी श्री भीखलु राम ध्रुव को जिला प्रशासन की सक्रियता से बड़ी राहत मिली है।

मीडिया के माध्यम से प्रसारित एक खबर में यह जानकारी सामने आई थी कि श्री भीखलु राम ध्रुव लंबे समय से पेंशन और राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। इस खबर को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बिना विलंब किए तत्काल संज्ञान लिया और जिला प्रशासन

को निर्देशित किया कि संबंधित हितग्राही को शीघ्र लाभ उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया और प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर श्री बीएस उइके ने स्वयं मामले की जानकारी ली और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जांच में यह तथ्य सामने आया कि श्री भीखलु राम ध्रुव का ई-केवाईसी किसी कारणवश लंबित था, जिसके कारण उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। प्रशासन द्वारा तत्काल ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई, जिससे उन्हें पुनः शासकीय योजनाओं का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। प्रशासन की तत्परता का परिणाम यह रहा कि श्री भीखलु राम ध्रुव को तीन माह की लंबित वृद्धावस्था पेंशन एकमुश्त प्रदान की गई। वहीं खाद्य विभाग द्वारा भी संवेदनशीलता दिखाते हुए उनके घर पहुंचकर 01 क्विंटल चावल उपलब्ध कराया गया है। अब उन्हें नियमित रूप से उचित मूल्य की दुकान से राशन मिलना सुनिश्चित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के इस मानवीय और तत्पर हस्तक्षेप से राहत प्राप्त करने पर श्री भीखलु राम ध्रुव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि पेंशन और राशन मिल जाने से मेरे जीवन में बड़ी राहत आई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की यह संवेदनशीलता मेरे लिए बहुत मायने रखती है। अब मुझे भरोसा है कि सरकार हमारी चिंता करती है। उल्लखेनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रत्येक जरूरतमंद तक उनका लाभ समय पर पहुंचे, इसके लिए निरंतर सजग और प्रतिबद्ध है।

## बिजली कनेक्शन बहाली की मांग पर 27 अप्रैल से आमरण अनशन की चेतावनी

**■ झूठी शिकायत के बाद कटा कनेक्शन, बार-बार आवेदन के बावजूद नहीं मिली राहत**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** शहर के वार्ड क्रमांक 13 थामस गली निवासी आदिवासी एक परिवार का बिजली कनेक्शन बहाल नहीं होने पर पार्षद प्रतिनिधि जसमीत बादल मक्कड 27 अप्रैल 2026 से आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है। इस संबंध में आवेदक द्वारा कलेक्टर को लिखित सूचना भी दी गई है।

आवेदन के अनुसार, थामह गली निवासी रामअवतार ध्रुव का परिवार लंबे समय से उसी मकान में निवास कर रहा है और नियमित रूप से बिजली का उपयोग करता रहा है। लेकिन किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई शिकायत के बाद उनका बिजली कनेक्शन काट दिया गया।

परिवार का आरोप है कि उन्होंने नया कनेक्शन प्राप्त करने के लिए संबंधित विभाग में आवेदन भी किया, लेकिन इसके बावजूद अब तक बिजली कनेक्शन बहाल नहीं किया गया

है। इससे परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आवेदक ने बताया कि बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जब समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो मजबूर होकर उन्होंने आमरण अनशन का रास्ता चुना है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द ही बिजली कनेक्शन बहाल नहीं किया गया, तो वे 27 अप्रैल से अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे।

इस मामले की सूचना कलेक्टर सहित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विद्युत विभाग और सिटी कोतवाली थाना महासमुंद को भी दी गई है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और प्रभावित परिवार को कब तक राहत मिलती है।

## कलेक्टर ने जल संरक्षण महाअभियान के तहत जिले के ग्रामों का किया दौरा

**■ ग्रामीणों को दिलाई गई जल बचाने की शपथ**

**■ पीएम आवास समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश**

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** जिले में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत जल संचयन और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तरीय महाभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने आज जिले के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर सोख्ता गड्ढा (सोक पीट) निर्माण, जल स्रोतों के आसपास सफाई, डबरी निर्माण, तालाब मरम्मत, चेक डेम एवं कूप निर्माण सहित मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मैनपुर विकासखण्ड के छिंदौला, छुरा विकासखण्ड के ग्राम लोहरसी, कुण्डेल एवं सरकड़ा तथा गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम

कोदोबतर में चल रहे कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का अवलोकन किया। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों ने पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग करने की शपथ ली।

कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए प्रत्येक स्तर पर सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि सोख्ता गड्ढा, डबरी, तालाब और चेक डेम जैसे संरचनाएं न केवल वर्षा जल के संचयन में सहायक हैं, बल्कि भू-जल स्तर को बनाए रखने और सूखे की स्थिति से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करें। तथा जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करें। ताकि भविष्य के लिए जल संसाधनों का बेहतर संरक्षण किया जा सके।

## बोरी में दारू पर महाभारतः ग्रामसभा बनी रणभूमि, महिला पर हमला

**■ हाथापाई से बढ़कर हिंसा, ग्रामसभा में मारपीट**

**■ महिला पर हमला, पुलिस मौजूद फिर भी नहीं हुई कार्रवाई**

**■ कलेक्टर के आदेश पर बुलाई गई थी बैठक**

**धमधा/नवप्रदेश।** बोरी ग्राम पंचायत में शराब दुकान (दारू भट्टी) खोलने को लेकर हालात अब पूरी तरह विस्फोटक हो गए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर आयोजित विशेष ग्रामसभा में जहां पहले बहस और हंगामा हुआ, वहीं अब मामला हिंसा तक पहुंच गया है।

सभा में सैकड़ों ग्रामीण, महिलाएं और युवा शामिल हुए। दारू भट्टी के विरोध में 145 लोगों ने हस्ताक्षर किए, जबकि केवल 27 लोगों ने समर्थन किया। इसके बावजूद गांव में शराब दुकान खोलने की चर्चा ने माहौल को गरमा दिया।

इसी बीच एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। ग्राम की महिला सावित्री निषाद अपने पति जितेंद्र निषाद को समझा रही थीं कि वे शराब दुकान नहीं खोलने के पक्ष में हस्ताक्षर करें। इसी दौरान ग्राम के विनोद देशमुख ने बीच में आकर महिला के साथ मारपीट कर दी।

बताया जा रहा है कि महिला को इतनी बुरी तरह पीटा गया कि वह लहूलुहान हो गई। हैरानी की बात यह है कि यह पूरी घटना पुलिस की मौजूदगी में हुई, लेकिन इसके बावजूद अभी तक मामले में कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।

इस घटना के बाद ग्रामसभा में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना है कि जब पुलिस के सामने इस तरह की घटना हो सकती है और फिर भी कार्रवाई नहीं होती, तो यह कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

गौरतलब है कि कुछ महीने पहले भी बोरी में शराब दुकान के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन हुआ था, जिसके चलते दुकान को बंद करना पड़ा था। उस समय सरपंच ने भी वादा किया था कि ÷जब तक जान है, गांव में शराब दुकान नहीं खुलने देंगे।÷

अब इस नए विवाद और हिंसा की घटना ने पूरे मामले को और संवेदनशील बना दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से न केवल शराब दुकान का प्रस्ताव रद्द करने की मांग की है, बल्कि महिला के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है।

## सोंढुर नहर विस्तार योजना पर कलेक्टर सभाकक्ष में अहम बैठक

**173 करोड़ की परियोजना पर हुई विस्तृत चर्चा**

**नगरी/नवप्रदेश।** क्षेत्र के किसानों के लिए बहुप्रतीक्षित सोंढुर नहर विस्तार योजना को लेकर प्रशासनिक स्तर पर गतिविधियां तेज हो गई हैं। नगरी से दुगली गट्टासिल्ली तक प्रस्तावित लगभग 17 किलोमीटर लंबी नहर निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 173 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद परियोजना को लेकर गंभीर पहल शुरू हो गई है।

इसी क्रम में जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार कलेक्टर सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में किसान संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा-परिचर्चा की गई।

बैठक में परियोजना की स्वीकृति, कार्य की रूपरेखा (प्रोजेक्ट प्लान), निर्माण की समयसीमा, तकनीकी पहलुओं तथा किसानों को होने वाले लाभों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस नहर विस्तार योजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलेगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

किसान संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने योजना के शीघ्र क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कार्य में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखने की मांग रखी। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आग्रह किया, ताकि किसानों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

बैठक में सरपंच उत्तम नेताम, रामकुमार समरथ,रुपेश मरकाम विकास नेताम, रमेश मंडावी, दुर्गा कोड़ोपी, अनीता मरकाम, दुर्गा दर्रा, गजेंद्र मंडावी, कांति देवी नेताम,मानकी बाई सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अध्यक्ष ने बताया कि सभी ने एकमत होकर इस महत्वपूर्ण परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशासन को सहयोग देने की बात कही।यह नहर विस्तार योजना क्षेत्र के कृषि विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है, जिससे नगरी, दुगली और गट्टासिल्ली क्षेत्र के किसानों को दीर्घकालिक लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पेज 1 का शेष...

**जिम्मेदारों को बचाने...**

किया। जिंदल का कहना है कि पहले मामले की जांच होनी चाहिए और साक्ष्यों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। मामले की जांच जरूरी है, लेकिन बिना जांच के अनिल अग्रवाल का नाम प्राथमिकी में शामिल करना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने दलील देते हुए कहा कि संयंत्र के संचालन में अग्रवाल की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं है। जिंदल ने सवाल किया कि जब सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) या रेलवे में इस तरह की दुर्घटनाएं होती हैं, तो क्या वहां चेयरमैन को जिम्मेदार ठहराया जाता है।

**महिला ने आरक्षक के ...**

9 साल का बेटा और दो बेटियां मौजूद थीं। इसी बीच सरोजनी भारद्वाज चाकू लेकर घर में दाखिल हुई और परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया।

महिला ने बेटे और मां पर किया हमला

महिला ने सो रहे 9 साल के बच्चे पर से चाकू से वार कर दिया। जब मां रीना अपने बच्चों को बचाने के लिए सामने आई, तो सरोजनी ने उस पर भी ताबड़तोड़ हमला कर दिया। लहूलुहान हालत में भी मां ने अपनी बेटियों को बचाने के लिए आरोपी महिला के पैर पकड़ लिए और बेटियों को वहां से भागने को कहा। बेटी जान बचाकर घर से बाहर भागी और पड़ोसियों को शोर मचाकर जानकारी दी।

**सीएसपी ने दी मामले की जानकारी :** भिलाई सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है। आसपास के लोगों के बयान दर्ज कर हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है।

**तेलंगाना में छत्तीसगढ़ ...**

गया है, जिससे संगठन को करारा झटका लगा है। नक्सलियों के पास से 1 एलएमजी, 4 एके-47, 3 एसएलआर, 2 इंसास, 12 सिंगल शॉट गन, 2 बीजीएल गन, 2 पिस्टल भारी मात्रा में विस्फोटक और कार्डेक्स वायर बरामद किया गया है।

**इकलौती संतान की मौत...**

जांच में डॉक्टरों ने महिला को चिकित्सा रूप से पूरी तरह फिट बताया। डॉक्टरों ने दंपती को बताया कि पति फरवरी 2026 में 55 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं। असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एक्ट 2021 की धारा 21(जी) के मुताबिक- पुरुष की अधिकतम उम्रः 55 वर्ष और महिला की अधिकतम उम्रः 50 वर्ष होनी चाहिए। आयु सीमा के आधार पर आईवीएफ सेंटर ने उपचार देने से इनकार कर दिया।

कोर्ट का निर्देश- इलाज शुरू किया जाएः हाईकोर्ट ने आईवीएफ सेंटर को दंपती का उपचार शुरू करने की अनुमति देते हुए कहा कि तकनीकी सीमा किसी को मातृत्व-पितृत्व सुख से वंचित नहीं कर सकती, खासकर तब जब चिकित्सा परीक्षण महिला की योग्यता साबित करते हों।

**खैरागढ़ में खुलेगी मण्डीप...**

के दुर्लभ दर्शन केवल विशेष तिथि पर ही संभव होते हैं। अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को गुफा खोलने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। गुफा खुलते ही सबसे पहले ठाकुरटोला राजपरिवार पूजा-अर्चना करता है, जिसके बाद आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन शुरू होते हैं।

कोटुमसर गुफा का उदाहरणः डॉ. बिस्वास ने छत्तीसगढ़ की कोटुमसर गुफा का उदाहरण देते हुए बताया, कोटुमसर के अंदर पहले दिया-बाती जलाया जाता था, जिसे हमने 2010 में बंद करवाया दिया था। इसके बाद वहां पर एक शिवलिंग गुफा के बाहर स्थापित किया गया, ताकि लोग अंदर सिर्फदर्शन करें और पूजा-पाठ बाहर करें। उनका सुझाव है कि पूजा-पाठ को गुफा के बाहर तक सीमित रखना ही बेहतर तरीका है।

## अवैध खनन पर सख्ती कलेक्टर के निर्देश पर जिलेभर में कार्रवाई तेज

**■ फर्शी पत्थर खदानों का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था और ई-टीपी से पारदर्शी परिवहन करने के निर्देश**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज अमले द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में संचालित फर्शी पत्थर खदानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है और संबंधित पट्टेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान सभी खदान संचालकों को खदान की निर्धारित सीमा को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के लिए सीमा स्तंभों का संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रत्येक खदान में ग्राम, रकबा, खसरा नंबर एवं पट्टा अवधि की जानकारी दर्शाने वाली नाम पट्टिका अनिवार्य रूप से स्थापित करने को कहा गया है। खनन क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों ने प्राथमिक उपचार, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। खनिजों के परिवहन को पारदर्शी और नियंत्रित बनाने के लिए शासन के निर्देशानुसार ई-टीपी के माध्यम से परिवहन सुनिश्चित करने तथा संबंधित अभिलेखों का नियमित संधारण करने पर जोर दिया गया है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच और निगरानी जारी रखी जाएगी।

# परिवहन संघ की सतत निगरानी से बस्तर में लौह अयस्क का काला कारोबार बेनकाब

■ **परिवहन संघ की निगरानी में एक ट्रक पकड़ा गया,तीन संदिग्ध वाहन फरार**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** बस्तर में लौह अयस्क के अवैध कारोबार और ओवरलोडिंग का एक बड़ा मामला उजागर हुआ है, जिसने खनिज परिवहन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बस्तर परिवहन संघ की सक्रिय निगरानी के दौरान चार संदिग्ध वाहनों की पहचान की गई, जिनमें से एक ट्रक को पकड़ लिया गया,जबकि तीन अन्य वाहन मौके से फरार होने में सफल रहे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इन वाहनों में बिना वैध दस्तावेजों के आयरन ओर का परिवहन किया जा रहा था।

मामले ने तब तूल पकड़ा जब परिवहन संघ ने लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर स्वयं निगरानी अभियान चलाया। संघ के पदाधिकारियों ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी और चार गाड़ियों का पीछा किया। इस दौरान एक वाहन को रोका गया, लेकिन अन्य तीन ट्रक तेजी से निकल गए। पकड़े गए वाहन से जुड़े दस्तावेजों और माल की वैधता को लेकर गंभीर संदेह जताया गया है।

बस्तर परिवहन संघ के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से अवैध परिवहन की सूचनाएं मिल रही थीं। ओवरलोड वाहनों के कारण नियमित सप्लाई चेन प्रभावित हो रही थी और वैध ट्रांसपोर्टरों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि पकड़ी गई गाड़ी रायपुर रेलवे साइडिंग से लौह अयस्क लेकर आई थी और जिस निजी परिसर में वाहन मिला,वहां अवैध भंडारण की भी आशंका है। घटना की लिखित शिकायत प्रशासन और खनिज विभाग को सौंप दी गई है। शिकायत के बाद खनिज विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ कर दी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वाहन के दस्तावेज,मालिकाना हक, माल के स्रोत,परिवहन अनुमति और भंडारण रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की जाएगी। यदि कोई भी अनियमितता या अवैधता पाई गई तो संबंधित पक्षों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। खनिज विभाग के अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया है कि फरार तीन वाहनों की तलाश तेज कर दी गई है। बस्तर परिवहन संघ के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तथा खनिज विभाग अधिकारी शिखर चेरपा ने अवैध परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**अवैध खनिज परिवहन पर बस्तर में बढ़ी सख्ती**

बस्तर परिवहन संघ ने लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर निगरानी अभियान चलाया ।चार संदिग्ध वाहनों की पहचान की गई, जिनमें से एक ट्रक पकड़ा गया। तीन अन्य वाहन पीछा करने के दौरान फरार हो गए। पकड़े गए वाहन पर बिना वैध दस्तावेज लौह अयस्क परिवहन का संदेह है। संघ ने आरोप लगाया कि वाहन रायपुर रेलवे साइडिंग से माल लेकर आया था ।जिस निजी परिसर में ट्रक मिला,वहां अवैध भंडारण की आशंका जताई गई ।प्रशासन और खनिज विभाग को लिखित शिकायत सौंप दी गई ।विभाग ने दस्तावेज,स्रोत और भंडारण रिकॉर्ड की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। वैध कागजात न मिलने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। फरार तीन वाहनों की तलाश जारी है,जिससे पूरे नेटवर्क का खुलासा संभव है।

**खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई**

बस्तर परिवहन संघ की शिकायत पर बड़े आरापुर से अवैध लोह अयस्क परिवहन करते जगदलपुर निवासी भोला झा की ट्रक वाहन को दबोचा गया। जिसे उन्होंने ग्राम पंडरीपानी में छुपाकर रखा था। जब विभाग द्वारा दस्तावेज मांगा गया,प्रस्तुत नही किया गया। जिसके बाद वाहन को थाना में रखा गया। साथ ही आरोपित के विरुद्ध खान एव खनिज विनियम एव विकास अधिनियम के तहत नियमानुसाए कार्रवाई की जाएगी।

– **शिखर शेरपा,** जिला खनिज अधिकारी, बस्तर

## संक्षिप्त खबरें

### रीता जोशी को मिली पीएचडी की गौरवशाली उपाधि

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** बस्तर अंचल के लिए यह गौरव और प्रेरणा का क्षण है। जगदलपुर की शोधार्थी रीता जोशी (पाणिग्राही) ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए ÷डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएच.डी.) की उपाधि प्राप्त की है। यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि बस्तर की शैक्षणिक क्षमता और सामाजिक चिंतन का भी उज्ज्वल प्रमाण है।डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय,कोटा (बिलासपुर) द्वारा उन्हें यह उपाधि प्रदान की गई। विश्वविद्यालय की अधिसूचना के अनुसार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियम 2016 के अंतर्गत उनके शोध प्रबंध का विधिवत मूल्यांकन किया गया। परीक्षकों की रिपोर्ट तथा मौखिक परीक्षा के प्रतिवेदन के आधार पर शोध को स्वीकृति प्रदान करते हुए यह प्रतिष्ठित उपाधि दी गई।रीता जोशी का शोध कार्य ग्रामीण प्रौद्योगिकी संकाय के अंतर्गत संपन्न हुआ।

### नारीशक्ति के अधिकार पर राजनीति करने वालों को देश की महिलाएं देंगी जवाब: आलोक

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** महिला अधिकारों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं पार्षद आलोक अवस्थी ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि महिलाओं के 33 प्रतिशत राजनीतिक आरक्षण के अधिकार को रोकना न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है, बल्कि नारीशक्ति के सम्मान का भी सीधा अपमान है।उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विपक्षी दलों के साथ मिलकर नारीशक्ति वंदन अधिनियम को संसद में रोकने का प्रयास किया,जिससे देश की आधी आबादी के अधिकारों पर कुठाराघात हुआ। उन्होंने कहा कि महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण का विरोध करने के बाद कांग्रेस द्वारा इसे जीत की तरह प्रस्तुत करना उनके राजनीतिक चरित्र को उजागर करता है।

### कलेक्टर अजीत वसंत ने निर्माण विभागों की ली समीक्षा बैठक

**अम्बिकापुर / नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने शनिवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिले के सभी निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी विभाग इस बात का विशेष ध्यान रखें कि शासन के निर्देशानुसार नियम के अनुरूप ही निर्माण कार्य हों, निर्माण कार्यों में किसी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने विभिन्न विभागों में कराए जा रहे निर्माणाधीन, प्रगतिरत, अपूर्ण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विभागों को सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग कार्यों में जोनल प्रक्रिया अपनाएं और अति आवश्यक कार्यों को समय अवधि में पूर्ण करने निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय कुमार अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर श्री डी एन कश्यप सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अंतागढ़ के विकास की अनदेखी कर रहे सांसद और विधायक: विश्राम गावड़े

**अंतागढ़ / नवप्रदेश।** कांग्रेस नेता विश्राम गावड़े ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कांकेर सांसद भोजराज नाग और अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी पर क्षेत्र की उपेक्षा करने और विकास कार्यों में भेदभाव करने का आरोप लगाया है।सांसद भोजराज नाग को नसीहतः सिर्फ माइंस तक सीमित न रहे विकास विश्राम गावड़े ने कहा कि जिस तत्परता से सांसद भोजराज नाग माइंस प्रभावित गांवों के हितों के लिए खड़े रहते हैं। वैसी ही सक्रियता यदि वे अपने गृह ग्राम अंतागढ़ के विकास के लिए दिखाते, तो क्षेत्र की तस्वीर कुछ और होती। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहाःसांसद जी को यह आंकलन करना चाहिए कि ढाई साल बाद जब वे दोबारा जनता के बीच जाएंगे, तो अंतागढ़ के विकास में अपने योगदान के नाम पर उनके पास बताने के लिए क्या होगा?

मई के पहले सप्ताह से फड़ों में शुरू होगा संग्रहण

# तेंदूपत्ता पर मौसम की मार, 30 फीसदी जंगल में संग्रहण के लिए तैयारी ही नहीं

■ **कटघोरा व कोरबा वनमंडल में 1.28 लाख मानक बोरा का लक्ष्य**

■ **वन क्षेत्र में तोड़ाई के लिए तैयार रहे तेंदूपत्ता**

**कोरबा/नवप्रदेश।** जिले के दोनों वनमंडलों के 30 फीसदी वनक्षेत्र में तेंदू पत्ता संग्रहण के लिए अब भी तैयार नहीं हुआ है। मौसमी उतार चढ़ाव जारी होने से अब भी पत्तों के परिपक्व होने का इंतजार किया जा रहा है। जैसे- जैसे पत्ते तैयार होते जाएंगे अलग- अलग स्थानों में मई के पहले सप्ताह में संग्रहण की शुरूआत की जाएंगी। कटघोरा व कोरबा के 82 वन समितियों में संग्रहण के लिए 600 से भी अधिक फड़ बनाए गए हैं। वहीं दोनों वन मंडल में क्रमशः 76,300 और 52,600 बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया।

तेंदूपत्ता संग्रहण की तैयारी वन विभाग ने पूरी कर ली है। चिलचिलाती धूप के चलते अधिकांश स्थानों पत्ते परिपक्व हो चुके हैं। जिन जंगलों में पत्ते तोडने लायक हो गए हैं वहां मई के प्रथम सप्ताह से संग्रहण शुरू हो जाएगा। इधर पिछले पखवाड़े से मौसम में उतार चढ़ाव की स्थिति को का असर पत्तों की परिपक्वता पर पड़ा है। साखकर्तन का काम पिछले वर्ष की अपेक्षा देरी से हुई है। साखकर्तन के बाद गर्मी की तीव्रता पत्तों के पल्लवित होने के लिए सहयोगी होता है।

**हाथियों की निगरानी हुई तेज**

संग्रहण जारी रहने के दौरान हाथियों से खतरा बना रहेगा। वन विभाग ने हाथियों के विचरण क्षेत्र में निगरानी कड़ी कर दी है। इन दिनों कटघोरा वन मंडल में हाथियों को दल पसान के मेरउड़ पहाड़ से जुड़े जंगल में है। वहीं दूसरा दल कोरबा में कुदमुरा में विचरण कर रह है। वन विभाग ने तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान हाथियों से सावधान रहने की चेतावनी देते हुए छोटे बच्चे व बुजुर्गों को सुदूर जंगल में न जाने की हिदायत दी है। हाथी आगमन की सूचना मिलते ही संग्रहण तत्काल निरस्त किया जाएगा।

**प्रति सैकड़ा 550 रुपये कीमत यथावत**

शासन ने पिछले वर्ष की तरह तेंदू पत्ता की दर में प्रति सैकड़ा 550 रुपये यथावत रखा है। पत्तों के संग्रहण दर में पिछले दो वर्षों में वृद्धि नहीं की गई है। माना जा रहा था नए वित्तीय वर्ष कीमत बढ़ाई जाएगी। कीमत यथावत रखे जाने संग्राहकों में निराशा देखी जा रही है। तेंदूपत्ता संग्रहण ऐसा कार्य है जिससे मिली राशि का उपयोग खेती किसानी की शुरूआत व बच्चों की पढ़ाई के लिए करते हैं। संग्राहक अधिक से अधिक पत्ते संग्रहित करने की तैयारी जुड़ गए हैं।

तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए वन विभाग की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई है। अनुकूल मौसम के चलते वन में इस बार पत्ते अच्छे हैं। मई के प्रथम सप्ताह से संग्रहण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

– **प्रेमलता यादव,** वन मंडलाधिकारी, कोरबा

# पखांजूर में आयोजित हुआ दिव्यांगजन मूल्यांकन शिविर

■ **सहायक उपकरण पाकर अभिभूत हुऐ दिव्यांगजन**

**कांकेर / नवप्रदेश।** कलेक्टर कांकेर नीलेश कुमार महादेव श्रीरसागर जी के कुशल निर्देशन में समाज कल्याण द्वारा आयोजित शिविर में दिव्यांगजन का आकलन मूल्यांकन प्रमाणीकरण/यूडीआईड कार्ड बनाये गये एवं सहायक उपकरण वितरण किया गया जिससे दिव्यांगजन एवं उनके परिजनों ने शासन प्रशासन के प्रति विश्वास और पक्का हुआ है। बहुत से दिव्यांग परेशानी के कारण कांकेर जाकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र नही बना पाते और शासन की योजनाओं का लाभ उन्हे नही मिल पाता है। इस शिविर के आयोजन से दिव्यांगों को एक बड़ी राहत मिली है।

शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्याम बती मण्डावी, उपध्याक्ष श्रीमती मंजू सरदार, श्री हरिमोहन दास सदस्य, श्री विश्व जीत देवनाथ, श्रीमती बिना अनिरूध बैरागी सदस्य के कर कमलो से हुआ। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री उदय प्रकाश नाग जनपद पंचायत कोयलीबेडा, श्री संतराम वर्मा समाज शिक्षा संगठक कोयलीबेडा एवं उपसंचाक समाज कल्याण श्रीमती क्षमा शर्मा ने विभागीय योजनाओं और शिविर के उद्देश्य को सभी उपस्थित जन को अवगत कराया शिविर में प्रमाणीकरण चिन्हांकन 15 मेडिकल, 6 नवीनीकरण, 2 व्हील चेयर, 1 श्रवण यंत्र, 2 बैशाखी, 1 सी.पी.चेयर, 1 ट्रायसायकल, 1 बेटरी सायकल, 3 पेंशन कुल 27 हितग्राही को सहायक उपकरण वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी के लिये भोजन, स्वाल्पाहार,टेंट एवं पानी आदि की उतम व्यवस्था की गयी। शिविर में समाज कल्याण की विभागीय टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अमन, सीनियर रेसीडेंट अस्थि रोग विभाग, डॉ. डी.बी.नाग, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. देवेन्द्र भोयर, मेडिसीन विभाग डॉ. अजरा खान, जूनियर रेसीडेंट नेत्र रोग विभाग, श्री एस.एन.शुक्ला सहायक ग्रेड-2 मेडिकल बोर्ड एवं एलिम्को टीम उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ भीम आर्मी पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू, बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) पार्टी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी को विशाल रूप देने सदस्यता अभियान शुरू किया गया है जिसकी शुरुआत न्यायधानी बिलासपुर से की गई है।

पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी श्री मनोज बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि आज बसंत विहार कॉलोनी में पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया था जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पार्टी के विचार से प्रभावित होकर भारी संख्या में लगभग 800 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए पार्टी के स्थानीय नेतृत्व का संपूर्ण नियंत्रण और निर्णय लेने का अधिकार होना चाहिए जो भीम आर्मी पार्टी में है, यहां के फैसले यहीं के नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं जिससे छत्तीसगढ़ के विकास में कोई दिक्कत नहीं होगी।

### छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड की उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को

**अम्बिकापुर / नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 26 अप्रैल 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिला परीक्षा नोडल अधिकारी के निर्देशन में परीक्षा के सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। परीक्षा नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले में परीक्षा हेतु 63 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 19429 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। यह परीक्षा 10:00 बजे से 12:15 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 09:30 बजे बंद कर दिया जाएगा।

# विहान-ओलिविया ने शैक्षणिक क्षेत्र में गाड़े सफलता के झंडे

**फरसगांव / नवप्रदेश।** कहते हैं कि अगर बच्चों को सही मार्गदर्शन और संस्कार मिलें, तो वे सफलता के नए प्रतिमान स्थापित करते हैं। फरसगांव वार्ड नंबर 08 निवासी पंकज राव और श्रीमती ललिता राव के जुड़वा बच्चों, विहान प्रिहल राव और ओलिविया सारा राव ने अपनी अद्भुत प्रतिभा से न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

**नर्सरी से ही कायम है श्रेष्ठता का रिकॉर्ड**-मदर टेरेसा हाई स्कूल, बोरगांव में अध्ययनरत इन दोनों बच्चों ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से ही असाधारण प्रदर्शन किया है। हालिया यूकेजी परीक्षा परिणामों में ओलिविया सारा राव ने 100त्न अंक प्राप्त कर पूर्णता का कीर्तिमान रचा है। वहीं विहान प्रिहल राव ने 99त्न अंक हासिल कर अपनी मेधा का परिचय दिया है।

**सर्वांगीण विकास में भी अव्वल**-केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी दोनों भाई-बहन स्कूल की गतिविधियों में अग्रणी रहते हैं। विद्यालय के शिक्षकों के अनुसार, दोनों का व्यवहार और विद्यालय के प्रति उनका योगदान

हमेशा सराहनीय रहा है। खास बात यह है कि जुड़वा होने के नाते दोनों भाई-बहन पढ़ाई और अन्य गतिविधियों में एक-दूसरे का भरपूर सहयोग करते हैं, जो उनके बीच के अटूट प्रेम और टीम वर्क को दर्शाता है।

**शिक्षा के माहौल का मिला लाभ :** बच्चों की इस अभूतपूर्व सफलता के पीछे उनके माता-पिता का विशेष मार्गदर्शन रहा है। गौरतलब है कि दोनों ही अभिभावक शिक्षा जगत से जुड़े हुए हैं । माता श्रीमती ललिता राव (व्याख्याता अंग्रेजी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आलोर) और पिता पंकज राव (व्याख्याता अंग्रेजी, पी.एम. श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय, फरसगांव) एक ही घर में दो-दो अंग्रेजी विशेषज्ञों के सानिध्य ने बच्चों की नींव को और भी मजबूत बना दिया है।

विहान और ओलिविया की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, वार्डवासियों और इष्ट मित्रों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बधाई दी है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

**ईश्तहार**

नामंतरण प्र.क्र. 30621 दिनांक 24.04.2026
वार्ड का नाम- 70 - संत रविदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR568H00182 जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती LALITA DEVANGAN पिता / पति श्री/ श्रीमती GANESH DEVANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SHRI BASANT SAHU पिता /पति श्री/श्रीमती S/O SHRI MANNULAL SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमति राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)


### लू एवं तापघात से बचाव हेतु शासन द्वारा दिशा-निर्देश जारी

**कोरबा / नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा कलेक्टर कार्यालय कोरबा द्वारा वर्ष 2026 की ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए लू से बचाव और तैयारी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार इन उपायों का मुख्य लक्ष्य भीषण गर्मी के दुष्प्रभावों से आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग नारायणपुर संभाग नारायणपुर**

ज्ञापन क्र. / / मु.लि./2026-27 नारायणपुर, दिनांक / /2026

**अल्पकालीन प्रथम कोटेशन आमंत्रण सूचना**

**वित्तीय वर्ष 2026-27 नारायणपुर जिला अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु टेंट पण्डाल व्यवस्था का दर निर्धारण करने हेतु संबंधित प्रतिष्ठान से मुहरबंद लिफापा में कोटेशन (मूल्य कथनांक) आमंत्रित की जाती है -**

1. सामग्री दर निर्धारण दर प्रपत्र सूची प्राप्त करने की तिथि 04.05.2026 सायं 3:00 बजे तक
2. सामग्री दर निर्धारण प्रपत्र सूची को जमा करने की अंतिम तिथि- 07.05.2026 सायं 3:00 बजे तक (रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कोटेशन को मान्य किया जावेगा)।
3. सामग्री दर निर्धारण प्रपत्र सूची खोलने की तिथि - 08.05.2026 सायं 4:00 बजे।
4. फार्म एवं सामग्री दर का मूल्य 750 रू. प्रति कोटेशन होगा।

**शर्ते -**

कोटेशन (मूल्य कथनांक) आमंत्रण संबंधि नियम / शर्ते संभागीय कार्यालय में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन कार्यालयीन समयावधि में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग
नारायणपुर (छ.ग.)

जी- 262700366/3



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**-:: कार्यालयीन आदेश ::-**

आदेश क्र. 1409 / व.ले.लि./2026

कोरबा, दिनांक 21/04/26

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग शिवनाथ भवन सेक्टर-19 नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर रायपुर (छ.ग.) के पृ.क्र. 4264043/ निविदा प्रकोष्ठ / 2026/4216 (टी.सी.) / नवा रायपुर दिनांक 27.02.2026 के परिपालन में निविदा सूचना क्र. 08/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 13.01.2026 सिस्टम निविदा क्र. 183680 (प्रथम आमंत्रण) कुरहूनाला में स्टाप डेम का निर्माण कार्य राशि 71.60 लाख निविदा के प्रथम आमंत्रण में न्यूनतम ठेकेदार (L1) ने अनुबंध करने से मना करने के फलस्वरूप निविदा निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

जी- 262700347/2



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**
**दूरभाष 0788-2210876**

दुर्ग, दिनांक 20.04.2026

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक **11.05.2026** तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 13/189400 | जिला दुर्ग के इंदिरा नगर जुनवानी मार्ग चैनेज 1/8 से न्यू दीनदयाल कालोनी तक चैनेज 1/10 से दीनदयाल कालोनी तक चैनेज 3/2 से जुनवानी कोहका तक कुल लं. 1.385 कि.मी. निर्माण कार्य | 85.92 |
| 14/189401 | जिला बालोद के सिवनी पहुंच मार्ग लं. 0.90 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य | 147.46 |
| 15/189402 | उपसंभाग क्र. 02 बालोद के अंतर्गत अमोरा से अर्जुनी मार्ग कि.मी. 0.80 में विशेष मरम्मत कार्य | 39.35 |

**टीप**

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग, मण्डल दुर्ग

जी - 262700369/6

# समता और गोंडवाना पटरी पर लौटीं, दिल्ली के लिए अब दिन में 4 ट्रेनें, लेकिन सफर अब भी आसान नहीं

**रायपुर/नवप्रदेश।** 20 दिनों के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर समता, गोंडवाना और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस पटरियों पर लौट आई हैं। इसके बावजूद राजधानी से दिल्ली का सफर यात्रियों के लिए आसान नहीं हुआ है। ट्रेनों का परिचालन शुरू होने से अब दिनभर में दिल्ली के लिए चार ट्रेनों की सुविधा तो मिल गई है, लेकिन यात्रियों की भारी भीड़ के कारण स्लीपर से लेकर थर्ड एसी तक की बुकिंग फुल चल रही है।

**स्लीपर के साथ ही एसी में भी लंबी वेटिंग:** रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनें चलाए जाने के बावजूद दिल्ली जाने वाले यात्रियों को आसानी से कन्फर्म टिकट उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ट्रेनों के लौटने के बाद हरिभूमि ने दिल्ली रूट की बुकिंग स्थिति का जमीनी जायजा लिया। आज 24 अप्रैल को समता और गोंडवाना एक्सप्रेस 20 दिनों के लंबे

अंतराल के बाद पटरियों पर वापसी कर रही हैं, लेकिन 24 अप्रैल की सुबह से ही गोंडवाना एक्सप्रेस के सभी कोच में बुकिंग पूरी तरह बंद हो चुकी थी। इसी तरह समता एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 74 और थर्ड एसी में 70 की लंबी वेटिंग चल रही है। ट्रेनों की संख्या बढ़ने के बाद भी यात्रियों को कंफर्म सीट के लिए भारी जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

**कोलकाता रूट में जून तक कन्फर्म टिकट का टोटा**: दिल्ली के साथ-साथ अब रायपुर से होकर कलकत्ता जाने वाली ट्रेनों में भी यात्रियों की भारी भीड़ के चलते 'नो रूम' की स्थिति बन गई है। गीतांजलि एक्सप्रेस, शालीमार एक्सप्रेस, हावड़ा-अहमदाबाद और हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों में टिकटों की मांग इतनी अधिक बढ़ गई है कि यात्रा की तारीख से तीन दिन पहले ही बुकिंग पूरी तरह बंद हो चुकी है।

### 1 जून के बाद की मिलेगी कन्फर्म टिकट

पूरा मई का महीना वेटिंग में है और यात्रियों को 1 जून के बाद ही दिल्ली के लिए कन्फर्म टिकट मिल पा रहे हैं। स्थिति यह है कि यात्रा की तारीख से एक से दो दिन पहले ही ट्रेनों में बुकिंग बंद हो जा रही है। वहीं, तत्काल टिकट भी चंद मिनटों में ही खत्म हो रहे हैं। ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 50 से 80 के पार पहुंच गई है, जिससे टिकट के कन्फर्म होने की संभावना शून्य के बराबर रह गई है। अब स्लीपर और एसी दोनों ही कोच में वेटिंग का भारी दबाव एक समान हो चुका है।

## न्यूज गैलरी

### ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर मल्टी फंक्शन कॉपलेक्स

**रायपुर/नवप्रदेश।** दिनांक 24 अप्रैल 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन , यांत्रिक , इंजीनियरिंग तथा राजभाषा विभाग के कर्मचारियों के साथ मल्टी फंक्शन काम्पलेक्स, दुर्ग स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई- स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक सिगनल फेलुअर के दौरान दी जानेवाली प्राधिकार और चालक द्वारा लिए जानेवाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां एवं पावर ब्लाक के दौरान स्टेशन कर्मचारियों के द्वारा बरती जाने वाली सावधानियां, विद्युतीकृत सेक्शन एवं विद्युतीकृत पिट में कार्य करने के दौरान लिए जानेवाली सावधानियां, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा बरती जाने वाली गर्मीकालीन सावधानियां एवं कार्यस्थल की संरक्षा, एल एच बि कोच वाली ट्रेन परिचालन के दौरान होने वाली असामान्य घटनायें एवं उसका निवारण, ट्रेन में आग लगने का कारण एवं उसका निवारण, राजभाषा हिंदी का महत्व एवं संरक्षा में योगदान, प्राथमिक उपचार पेटी के उपयोग का प्रदर्शन तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन । इस संरक्षा सेमिनार में श्री प्रवीण कुमार, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर, श्री निकेश कुमार पाण्डेय, राजभाषा अधिकारी/रायपुर के साथ-साथ संरक्षा सलाहकारो ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 64 लोगों ने भाग लिया।

### आवासीय खेल अकादमी में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल, 27 तक आवेदन

**रायपुर/नवप्रदेश।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर में स्थित आवासीय खेल अकादमी में हॉकी, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, एथलेटिक्स (बालक-बालिका) एवं फुटबॉल (बालिका) के नवीन खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जाना है, इसके लिए चयन ट्रायल आयोजन किए जाएंगे। इसके अंतर्गत हॉकी, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, एथलेटिक्स (बालक-बालिका) एवं फुटबॉल (बालिका) खेलों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 से 29 अप्रैल को वेटलिफ्टिंग (बालक-बालिका) एवं फुटबॉल (बालिका) के लिए चयन ट्रायल रायपुर के कोटा में आयोजित होगा। इसी प्रकार तीरंदाजी एरिना (बालक-बालिका) का चयन ट्रायल बालिका छात्रावास के सामने रायपुर में आयोजित होगा। इसी प्रकार 30 अप्रैल से 1 मई तक हॉकी एवं एथलेटिक्स (बालक-बालिका) का चयन ट्रायल कोटा एवं हॉकी स्टेडियम पिच -2, बालक छात्रावास के सामन रायपुर में आयोजित किया जाएगा। चयन ट्रायल में 01 अप्रैल 2026 की स्थिति में 13 से 17 आयु वर्ग के बालक-बालिका शामिल हो सकते हैं। जिले के इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित आवेदन पत्र भरकर अपनी उपलब्धियों के प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति सहित आगामी 27 अप्रैल तक कार्यालय जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण इंडोर स्टेडियम भवन कांकेर में जमा कर सकते हैं।

### संजीवनी बना मेगा सुपर स्पेशलिटी हेल्थ कैंप

**रायपुर/नवप्रदेश।** सुकमा जिले के छिंदगढ़ विकासखंड के मिचवार निवासी आदिवासी महिला बुधरी मड़काम के लिए मेगा सुपर स्पेशलिटी हेल्थ कैंप उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया। गंभीर बीमारी से जूझ रही बुधरी की हालत लगातार बिगड़ रही थी और शुरुआती लक्षणों के आधार पर कैंसर या टीबी जैसी

आशंका जताई जा रही थी। लेकिन समय रहते कैंप में हुई जांच ने स्थिति की गंभीरता को पहचान लिया और प्रशासन की तत्परता से उसे सही उपचार की दिशा में तुरंत आगे बढ़ाया गया। मरीज की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री अमित कुमार के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. आरके सिंह द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और बुधरी को तत्काल एम्स रायपुर रेफर कराया गया। यह निर्णय मरीज के लिए जीवनरक्षक साबित हुआ। जिला स्वास्थ्य विभाग की संवेदनशीलता और प्रशासनिक तत्परता ने यह सुनिश्चित किया कि दूरस्थ इलाके की यह महिला इलाज के लिए बड़े अस्पताल तक सुरक्षित और समय पर पहुंच सके। करीब एक सप्ताह की जांच के बाद बुधरी को दुर्लभ बीमारी सरकॉइडोसिस होने की पुष्टि हुई और 7 अप्रैल से 22 अप्रैल तक 15 दिनों के इलाज के बाद वह पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट आई। सबसे बड़ी राहत यह रही कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पूरा उपचार निःशुल्क हुआ। यह घटना स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के उस संकल्प को भी साकार करती है, जिसमें उन्होंने कहा था कि गंभीर मरीजों को रायपुर ले जाकर बेहतर इलाज दिलाया जाएगा।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की प्रांतीय कार्यशाला शुरू

**रायपुर/नवप्रदेश।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की प्रांतीय कार्यशाला प्रारंभ। कार्यशाला में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जम्वाल जी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण देव जी, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, डॉ नवीन मार्कंडेय, भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय सहित भाजपा पदाधिकारी एवं प्रशिक्षण महाभियान टोली मौजूद।

# खरीफ सीजन 2026 की तैयारी पूरी
## 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित

**■ सरकार ने कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश**

**रायपुर/नवप्रदेश।** खरीफ 2026 की तैयारी के बीच छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के किसानों को आश्वस्त किया है कि इस बार उर्वरकों की किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बावजूद राज्य में खाद आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सरकार ने बताया कि खरीफ सीजन के लिए कुल 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित हुआ है, जबकि गोदामों में 7.48 लाख मीट्रिक टन का पर्याप्त स्टॉक पहले से मौजूद है।

**खरीफ 2026 के लिए 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित:** राज्य

सरकार ने बताया कि केंद्र से प्राप्त आवंटन के आधार पर खरीफ 2026 के लिए 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक सुनिश्चित किया गया है। इसमें यूरिया, डीएपी, एनपीके और पोटाश की पर्याप्त मात्रा शामिल है।

**पश्चिम एशिया तनाव के बीच आपूर्ति पर विशेष निगरानी:** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव का प्रभाव वैश्विक उर्वरक आपूर्ति पर पड़ रहा है। ऐसे में छत्तीसगढ़ सरकार ने जहाजरानी, आयात और लॉजिस्टिक स्थिति पर विशेष मॉनिटरिंग शुरू की है ताकि किसानों को किसी तरह की कमी न झेलनी पड़े।

**किसानों को नैनो यूरिया, जैविक और हरी खाद अपनाने पर जोर:** सरकार ने रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करने और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए किसानों को नैनो यूरिया, जैविक खाद और हरी खाद से खेती को प्रोत्साहित किया है।

**कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई**

सरकार ने स्पष्ट किया है कि उर्वरक की कालाबाजारी, ओवररेटिंग या जमाखोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन को रैंडम चेकिंग और सतत निगरानी के निर्देश जारी किए गए हैं।

**7.48 लाख मीट्रिक टन खाद का स्टॉक तैयार**

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में राज्य के सभी जिलों के गोदामों में 7.48 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। सरकार का कहना है कि यह स्टॉक आगामी वितरण चक्र के लिए पर्याप्त है।

### छत्तीसगढ़ के व्यापारियों के लिए खुले वैश्विक बाजार के द्वार

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित E&port Awareness and Incentive Schemes कार्यशाला होटल किंग्सवे में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों और लघु उद्यमियों को निर्यात की बारीकियों से अवगत कराना और उन्हें वैश्विक व्यापार मंच पर अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के तस्वीर पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने मंचस्थ अतिथियों को पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत करते हुए अपने संबोधन में व्यापारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के उत्पादों में वैश्विक बाजार पर छा जाने की अपार क्षमता है और चेम्बर व्यापारियों को हर कदम पर सहयोग देने के लिए तैयार है।चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने आगे बताया कि आज का यह दिन छत्तीसगढ़ के व्यापारिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। हम अक्सर सोचते हैं कि निर्यात केवल बड़े महानगरों या बड़े घरानों का काम है, लेकिन 'भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी' के आशीर्वाद से आज हम इस धारणा को बदलने आए हैं।

# जशपुर का केरे गांव बन रहा ग्रामीण पर्यटन का नया केंद्र, होमस्टे मॉडल से बढ़ी पहचान

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में जशपुर जिले का केरे गांव तेजी से एक उभरते पर्यटन स्थल के रूप में पहचान बना रहा है। यह पहल स्थानीय लोगों की आजीविका को सशक्त बनाने के साथ-साथ क्षेत्रीय संस्कृति को भी नई पहचान दे रही है। जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से केरे गांव को पर्यटन गांव के रूप में विकसित किया गया है। यहां अब तक 5 होमस्टे स्थापित किए जा चुके हैं। साथ ही, ग्रामीणों को होमस्टे संचालन, अतिथि सत्कार और प्रबंधन से

जुड़ा प्रशिक्षण भी दिया गया है, जिससे वे बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकें। हाल ही में केरे स्थित 'महुआ होमस्टे' में ठहरे यात्रियों का अनुभव इस पहल की सफलता को दर्शाता है। बिलासपुर से रांची जा रहे तीन यात्रियों ने यात्रा के दौरान आरामदायक ठहराव के लिए इस होमस्टे का चयन किया। ऑनलाइन माध्यम से जानकारी मिलने के बाद वे यहां पहुंचे, जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। उन्हें घर जैसा स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन मिला, साथ ही साफ-सुथरी और आरामदायक व्यवस्था का अनुभव भी हुआ। अतिथियों ने मेजबानों के व्यवहार और सुविधाओं की खुलकर सराहना की। यह सकारात्मक अनुभव दर्शाता है कि केरे गांव अब एक भरोसेमंद और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित हो रहा है। जिला प्रशासन के अनुसार, इस पहल से न केवल ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं, बल्कि सामुदायिक भागीदारी भी मजबूत हो रही है।

# सुरक्षा दुरुस्त करने रवि भवन में कैमरे और अग्नि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का निर्णय

**■ थाना प्रभारी की उपस्थिति में व्यापारी संघ ने लिया फैसला**

**रायपुर/नवप्रदेश।** रवि भवन में आज गोल बाजार थाना प्रभारी श्री स्वराज त्रिपाठी जी की टीम के साथ उपस्थिति में 'संवाद से समाधान' अंतर्गत व्यापारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर व्यापारी संघ पदाधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

बैठक में भवन की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से परिसर में चारों ओर ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे लगाने एवं अग्नि सुरक्षा हेतु आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि इन व्यवस्थाओं से वाहनों की चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा तथा संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते कार्यवाही संभव हो सकेगी।

इसके अतिरिक्त व्यापारियों द्वारा सेकेंड हैंड मोबाइल की खरीदी-बिक्री से संबंधित समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। व्यापारी संघ अध्यक्ष ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि उन्हें यथासंभव लागू किया जाएगा। साथ ही, भवन के समग्र विकास एवं सुरक्षा के लिए भविष्य में भी नियमित बैठकें आयोजित कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में व्यापारी वर्ग की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही, जो बाजार की सुरक्षा और व्यवस्था के प्रति उनकी सजगता को दर्शाती है।

# क्रिकेट सट्टा नेटवर्क पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित मास्टरमाइंड बाबू उर्फ गुलशन खेमानी के ठिकाने पर छापा मारा। गंज थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीमों ने आमानाका स्थित मारुति एनक्लेव के मकान में दबिश दी, जहां जांच के दौरान करोड़ों की संपत्ति और महंगी गाड़ियों का पता चला। पुलिस की करीब 10 टीमों ने सर्च वारंट के साथ कार्रवाई की। मौके पर आरोपी की मां और परिवार की अन्य महिलाएं मौजूद थीं। तलाशी के दौरान बीएमडब्ल्यू, क्रेटा सहित पांच लग्जरी कारें बरामद की गईं। इसके अलावा रविभवन क्षेत्र में मोबाइल दुकान, जोरापारा में गोदाम और महासमुंद-बागबाहरा मार्ग पर करीब एक एकड़ जमीन होने की जानकारी सामने आई है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि बाबू और उसके भाई करण ऑनलाइन सट्टा संचालन के लिए 50 से अधिक फर्जी आईडी का उपयोग करते थे। साथ ही लेन-देन के लिए कई म्यूल बैंक खातों का भी सहारा लिया गया।

# रायपुर सेंट्रल जेल में गूंजा सदाचार का मंत्र

गायत्री परिवार ने विचाराधीन बंदियों को पढ़ाया नैतिक शिक्षा का पाठ

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी स्थित केंद्रीय जेल के 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग के विचाराधीन बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जेल प्रशासन के सहयोग से गायत्री परिवार रायपुर द्वारा एक विशेष 'नैतिक शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास' सत्र का आयोजन किया गया। 6 अप्रैल से शुरू हुए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध का मार्ग त्यागकर नेक इंसान बनने के लिए प्रेरित करना था। जेल महानिदेशक श्री हिंमाशु गुप्ता के मार्गदर्शन और जेल अधीक्षक श्री योगेश सिंह के विशेष सहयोग से इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। जेल प्रशासन का मानना है कि इस तरह के आध्यात्मिक और नैतिक कार्यक्रमों से बंदियों के व्यवहार में सकारात्मक सुधार, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे कि वह भविष्य में समाज के मुख्य धारा में पुनः स्थापित हो सके।

**गड़बड़ी:** चावल के बदले हितग्राहियों को नकद दिया जा रहा, पूरा राशन मांगने नहीं दे रहे, खुले मार्केट में बेचा जा रहा चावल

# गरीबों के हक पर डाका डाल रहे, राशन की दुकानों का नया खेल

**■ चावल की जगह नकद देने का दबाव, संचालक पर खुलेआम नियम तोड़ने के आरोप, खाद्य विभाग की निगरानी पर उठे सवाल**

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित राशन दुकानों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। आरोप है कि कुछ दुकानों पर हितग्राहियों को चावल देने के बजाय नकद लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह मामला न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि गरीबों के अधिकारों पर सीधा प्रहार माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ राशन दुकानों के संचालकों ने आपसी तालमेल से चावल का एक तय 'रेट' निर्धारित कर लिया है।

**चावल नहीं, पैसा लो या जाओ**

कार्डधारकों के मुताबिक, दुकान संचालक खुलेआम कहता है कि चावल नहीं मिलेगा, पैसा लेना हो तो ले लो, नहीं तो कहीं और से ले लो। इससे स्पष्ट होता है कि नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है और जरूरतमंदों को उनके हक से वंचित किया जा रहा है।

**दो दुकानों में एक जैसा मामला**

शिकायत के अनुसार, कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड स्थित दुकान और लालपुर, एमएमआई अस्पताल के पास स्थित दुकान में यह गड़बड़ी सामने आई है। दोनों दुकानों का संचालन हेमदुर्गा साहू के नाम पर बताया जा रहा है। हितग्राहियों का आरोप है कि दोनों स्थानों पर समान तरीके से चावल के बदले नकद दिया जा रहा है। हितग्राहियों का कहना है कि जब वे पूरा राशन मांगते हैं तो उन्हें परेशान किया जाता है या मना कर दिया जाता है। इस कारण लोगों में भारी नाराजगी है और वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

**प्रशासन से जांच की मांग**

नागरिकों ने जिला प्रशासन और खाद्य विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो गरीबों को मिलने वाला सस्ता अनाज पूरी तरह खत्म हो सकता है। फूड कंट्रोलर भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राशन दुकानों में अनाज के बदले नकद देने की शिकायतें गंभीर हैं और इसकी जांच कराई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में राशन कार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा में चावल देना अनिवार्य है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

**सिंडिकेट बनाकर तय हो रहा 'रेट'**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ राशन दुकानों के संचालकों ने आपसी तालमेल से चावल का एक तय 'रेट' निर्धारित कर लिया है। बाजार में 30-35 रुपये प्रति किलो बिकने वाला चावल गरीबों से लगभग 20 रुपये प्रति किलो के हिसाब से नकद देकर वापस लिया जा रहा है। कई जगहों पर तीन माह के राशन में से केवल दो माह का चावल दिया जा रहा है और तीसरे माह का पैसा थमा दिया जाता है। वहीं शक्कर और नमक भी नहीं दिया जा रहा है।

# 20 वैज्ञानिकों की रहस्यमयी मौतें और गायब होने की बढ़ रही घटनाएं

**वाशिंगटन/ए.।** अमेरिका और चीन में टॉप डिफेंस वैज्ञानिकों की मौत और गायब होने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ये वैज्ञानिक न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी, हाइपरसोनिक हथियार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस रिसर्च और एडवांस्ड वेपन्स जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्रों में काम कर रहे थे. अमेरिका में अब तक 11 घटनाएं सामने आई हैं, जबकि चीन में 9 से ज्यादा वैज्ञानिकों की मौत हो चुकी है. ये घटनाएं सामान्य लग रही हैं, लेकिन इनका पैटर्न देखकर साजिश की आशंका जताई जा रही है। अमेरिका में कई वैज्ञानिक अचानक गायब हो रहे हैं या उनकी मौत हो रही है. इनमें नासा के इंजीनियर, एयर फोर्स के जनरल और लॉस एलामोस जैसे न्यूक्लियर लैब के वैज्ञानिक शामिल हैं। सबसे चर्चित मामला है मेजर जनरल विलियम नील मैककैसलैंड का. वे यूएफओ (अज्ञात उड़न तश्तरियों) की जांच कर चुके थे. एयर फोर्स रिसर्च लेबोरेटरी के कमांडर रह चुके हैं. फरवरी 2026 में वे घर से वॉक पर निकले और उसके बाद गायब हो गए. उन्होंने फोन, चश्मा और स्मार्टवॉच घर पर छोड़ दी थी, सिर्फ रिवॉल्वर साथ लिया था. अब तक उनकी कोई खोज नहीं हुई है। इसी तरह मोनिका रेजा, NASA जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी की एयरोस्पेस इंजीनियर, कैलिफोर्निया के जंगल में दोस्तों के साथ ट्रेकिंग कर रही थीं. अचानक वे 30 फीट पीछे रह गईं और गायब हो गईं. बचाव टीम ने कई दिनों तक खोज की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।



## आगरा-दिल्ली हाइवे पर भीषण सड़क हादसा

**मथुरा।** मथुरा के रिफाइनरी क्षेत्र में एनएच-19 पर सोमवार सुबह करीब 9 बजे हरियाणा रोडवेज बस, टेम्पो और बोलेरो के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में 12 से अधिक यात्री घायल हो गए, जबकि रोडवेज बस और टेम्पो के चालक गंभीर रूप से घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आगरा से गुड़गांव जा रही हरियाणा रोडवेज बस तेज रफ्तार में ओवरटेक कर रही थी। इसी दौरान बरारी फ्लाईओवर फुट ब्रिज के पास उसने सड़क किनारे चल रहे टेम्पो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि टेम्पो कई पलटी खाकर सड़क पर पलट गया और बस की चपेट में आकर वहां चल रही बोलेरो गाड़ी से भी टकरा गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायलों को तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।

## रणवीर सिंह ने कोर्ट से मांगी माफी

मुंबई। 'कांताराः चैप्टर 1' मिमिक्री विवाद से जुड़े मामले में अभिनेता रणवीर सिंह ने आज कोर्ट में माफी मांगी। रणवीर ने कर्नाटक हाईकोर्ट में संशोधित हलफनामा दाखिल कर बिना शर्त माफी मांगी। अदालत ने इस हलफनामे को रिकॉर्ड पर लेते हुए संकेत दिया कि मामले का निपटारा किया जाएगा। जस्टिस एम. नागप्रसन्ना की अदालत ने रणवीर सिंह की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उनके खिलाफदर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की गई। यह एफआईआर पिछले साल आयोजित कार्यक्रम में रणवीर द्वारा फिल्म के एक पात्र की मिमिक्री करने और एक मंदिर की देवी के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद दर्ज हुई थी।

# आईसीयू के लिए एक समान मानक हो, एससी स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर

**नई दिल्ली/ए.।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में गहन चिकित्सा इकाइयों (ICU) की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बड़ा आदेश दिया है।

अदालत ने कहा है कि आईसीयू के लिए तय न्यूनतम मानकों को लागू करने हेतु सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश व्यावहारिक और यथार्थवादी कार्ययोजना तैयार करें। शीर्ष अदालत की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर महादेवन शामिल थे, ने 20 अप्रैल के आदेश में कहा कि गहन देखभाल सेवाओं के संगठन और वितरण के लिए दिशानिर्देश तैयार कर ली गई हैं, जिन पर व्यापक सहमति है। अदालत ने कहा कि ये दिशानिर्देश व्यावहारिक, लागू करने योग्य और आईसीयू के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक हैं।

### ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश

कोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव या सचिव तत्काल विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं और इन दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें। अदालत ने कहा कि यह योजना जमीन पर लागू होने योग्य और वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाई जानी चाहिए।

अगली सुनवाई 18 मई को होगी

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को भी निर्देश दिया गया है कि अदालत में पेश दिशानिर्देशों को औपचारिक रूप से एडवाइजरी के रूप में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जारी करे व मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करे। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 18 मई को तय की है। सुनवाई के दौरान यह सुझाव भी दिया गया कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नर्सिंग स्टाफ को क्लिष्ट परिस्थितियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाए, क्योंकि वही मरीजों के साथ 24 घंटे रहते हैं, जबकि डॉक्टर समय-समय पर विजिट करते हैं। अदालत ने इस सुझाव को व्यावहारिक और जरूरी बताते हुए भारतीय नर्सिंग परिषद और पैरा मेडिकल परिषद को मामले में पक्षकार बनाया है। कोर्ट ने इन संस्थाओं से कहा है कि वे अगली सुनवाई तक यह योजना पेश करें कि आईसीयू प्रबंधन के लिए नर्सिंग और पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों तथा प्रशिक्षण प्रणाली को कैसे मजबूत किया जाएगा, ताकि भविष्य में प्रशिक्षित कर्मी गंभीर मरीजों की बेहतर देखभाल कर सकें।

### पांच बुनियादी जरूरतों की पहचना कर प्राधमिकता दें

पीठ ने कहा कि शुरुआती चरण में पांच बुनियादी जरूरतों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता दी जाए। इनमें मानव संसाधन, प्रशिक्षित स्टाफ, उपकरण, लॉजिस्टिक्स और जरूरी ढांचे से जुड़े मुद्दे शामिल होंगे। साथ ही इन मानकों के पालन और निगरानी के लिए स्पष्ट व्यवस्था भी बनाई जाए। अदालत ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया तुरंत शुरू होनी चाहिए और पहली बैठक एक सप्ताह के भीतर आयोजित की जाए। संबंधित अधिकारी इस बैठक में व्यक्तिगत रूप से शामिल हों। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा तैयार रिपोर्ट भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग सचिव को भेजी जाएगी, जो उसे सभी राज्यों के साथ साझा करेंगे। इसके बाद एक संयुक्त बैठक कर अंतिम साझा मसौदा तैयार किया जाएगा।

# आप का मतलब है आलीशान आदमी पार्टीः मंत्री प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली/ए.।** भाजपा नेता और दिल्ली कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला किया। उन्होंने केजरीवाल के नए घर को 'शीश महल 2' बताया और 'रहमान डकैत' से तुलना की। मंत्री वर्मा ने कहा कि दिल्ली लूटने के बाद अब पंजाब में भी दूसरा 'शीश महल' तैयार हो गया है।

प्रवेश वर्मा ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में कोविड लहर के दौरान 'शीश महल' बनवाया था। उस समय दिल्ली के लोग दवाएं मांग रहे थे, लेकिन 'शीश महल' का काम नहीं रुका। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के मतदाताओं ने 'रहमान डकैत' को हराया, तो वह पंजाब चले गए।

### 'भगवंत मान के सरकारी घरों पर केजरीवाल का कब्जा'

वहां भगवंत मान के घर के पास चार सरकारी घरों में से एक पर केजरीवाल ने कब्जा कर लिया। अन्य घरों पर सत्येंद्र जैन, संजय सिंह और मनीष सिसोदिया ने कब्जा किया।

### प्रवेश वर्मा के बयान पर आतिशी का पलटवार

प्रवेश वर्मा के आरोपों के बाद आम आदमी पार्टी ने पलटवार किया। आप ने कहा कि रेखा गुप्ता मीडिया के लिए अपना घर खोल दें। दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने कहा कि केजरीवाल के घर की तस्वीर नहीं है। केजरीवाल सबको घर दिखा देंगे। प्रवेश वर्मा द्वारा जारी कि गई सारी तस्वीरें फ़र्ज़ी हैं। वे केजरीवाल जी के घर की तस्वीरें नहीं हैं। किसका घर कितना आलीशान है, इसका पता करने के लिए रेखा गुप्ता जी और रत्न साहिब अपना अपना घर खोल दें और केजरीवाल जी अपना घर खोल देंगे। जनता खुद तय कर लेगी।

# पश्चिम बंगाल में पहले चरण की बंपर वोटिंग के बाद तेज हुआ सियासी संग्राम

### ■ दूसरे चरण के लिए बीजेपी का मेगा मिशन

**कोलकाता/ए.।** पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान ने सियासी माहौल को और गरमा दिया है। 92 फीसदी से अधिक रिकॉर्ड मतदान ने सभी राजनीतिक दलों की धड़कनें तेज कर दी हैं। ममता बनर्जी इसे अपने पक्ष में जनसमर्थन की लहर बता रही हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी इसे बदलाव का संकेत मान रही है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इस भारी मतदान ने टीएमसी खेमे की चिंता बढ़ा दी है। अब सबकी निगाहें दूसरे चरण पर टिकी हैं, जहां 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होना है। बीजेपी ने इसके लिए पूरी ताकत झोंक दी है। अमित शाह 21 अप्रैल से कोलकाता में डेरा डाले हुए हैं और लगातार मैराथन बैठकों के जरिए बूथ स्तर तक तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। पार्टी का फोकस साफहै–हर बूथ को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखना और एक भी वोट छूटने न देना। दूसरा चरण बीजेपी के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि इसमें ग्रेटर कोलकाता और प्रेसिडेंसी क्षेत्र की 100 से ज्यादा सीटें शामिल हैं।

### दावों की जंगः 'विदाई' बनाम 'सुनामी'

पहले चरण के बाद बयानबाज़ी भी तेज हो गई है। अमित शाह ने दावा किया है कि ÷दीदी की विदाई÷ तय हो चुकी है, वहीं ममता बनर्जी इसे अपने समर्थन की सुनामी बता रही हैं। नतीजे भले अभी दूर हों, लेकिन राजनीतिक दावों की जंग अपने चरम पर पहुंच गई है।

### आईपीएल के इतिहास में 800 चौके लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने विराट कोहली

**नई दिल्ली/ए.।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के मुकाबले में शुक्रवार को आरसीबी की टीम ने 5 विकेट से जीत दर्ज की. इस जीत के साथ ही आरसीबी की टीम आईपीएल प्वाइंट टेबल में नंबर दो के पोजिशन पर आ गई है. आरसीबी की टीम ने 7 में से 5 मैच जीते हैं और दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है. शुक्रवार को खेले गए मैच में आरसीबी के स्टार बैटर विराट कोहली ने इतिहास रच दिया और वे आईपीएल के इतिहास में 800 चौके लगाने वाले पहले बैट्समैन बन गए हैं.

# ईरान जंग के बीच पश्चिम अफ्रीकी देश बमाको में भारी गोलीबारी की खबर

**नई दिल्ली/ए.।** पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच पश्चिम अफ्रीकी देश माली की राजधानी बमाको में भारी गोलीबारी की खबर है। यहां शनिवार सुबह-सुबह मोदिबो कीता अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आस-पास भारी हथियारों और ऑटोमैटिक राइफलों से फायरिंग की आवाज सुनी गई। हालांकि अभी तक गोलीबारी का कारण साफनहीं हो पाया है।इसके अलावा किसी भी सशस्त्र समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। एयरपोर्ट शहर के केंद्र से करीब 15 किलोमीटर दूर है और इसके पास ही माली वायुसेना का एयरबेस भी स्थित है। घटना के दौरान इलाके में हेलीकॉप्टर गश्त करते देखे गए,जिससे सुरक्षा स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय निवासियों ने दावा किया कि गोलीबारी की आवाजें धीरे-धीरे उनके इलाकों के करीब आती महसूस हो रही थीं। एक निवासी ने सुरक्षा कारणों से नाम न बताने की शर्त पर कहा कि संभव है हमलावर एयरपोर्ट से भाग रहे हों। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि गोलीबारी की वजह क्या है।

# बांग्लादेश में आतंकी हमले की आशंका

**ढाका/ए.।** बांग्लादेश पुलिस ने देश भर में महत्वपूर्ण ठिकानों पर संभावित आतंकवादी हमलों को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। इस अलर्ट में संसद परिसर, पूजा स्थलों, मनोरंजन सुविधाओं, और सैन्य व पुलिस प्रतिष्ठानों को संभावित लक्ष्यों के रूप में चिह्नित किया गया है। आर्मरियों को विशेष रूप से खतरे में बताया गया है। यह अलर्ट खुफिया रिपोर्टों के आधार पर जारी किया गया है और इसे तत्काल और गोपनीय बताया गया है। पुलिस मुख्यालय के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर इसकी पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार, यह अलर्ट हाल ही में एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के सदस्य इस्तिक अहमद सामी उर्फ अबू बकर की गिरफ्तारी के बाद जारी किया गया है।

बताया जा रहा है कि वह दो बर्खास्त सैन्य कर्मियों के संपर्क में था। रिपोर्टों में संभावित हमलों के पीछे दो कथित प्रमुख योजनाकारों की प्रोफाइल भी शामिल है, हालांकि किसी विशेष संगठन का नाम नहीं लिया गया है। संदिग्धों को देश की समग्र सुरक्षा के लिए 'अत्यंत खतरनाक' बताया गया है। पुलिस मुख्यालय ने आपराधिक जांच विभाग, विशेष शाखा, और आतंकवाद निरोधक और अंतर्राष्ट्रीय अपराध इकाई सहित विशेष पुलिस इकाइयों को सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया है। देश भर की नियमित पुलिस को भी उच्च अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला रायपुर (छ. ग.)**

**// विज्ञापन //**

क्र. /32 / वा-3/अविअ /खाद्य /2026 आरंग दिनांक 21/4/26

सर्व साधारण आम जनता को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि विकास खंड आरंग के तहसील आरंग के अंतर्गत **ग्राम पंचायत भैंसा में युक्तियुक्तकरण के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान क्र. 442003021 भैंसा एवं 442003079 गुल्लू से पृथक एक-एक नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान क्रमशः ग्राम पंचायत भैंसा एवं ग्राम पंचायत गुल्लू में आबंटित करने हेतु,** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की खंड 09 के प्रावधान अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन करने के इच्छुक सहकारी सोसाइटियों / महिला स्वयं सहायता समूह / ग्राम पंचायत / अन्य उपभोक्ता सोसाइटी विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस तक कार्यालयीन समयावधि में अपना **आवेदन, समूह / समिति का प्रस्ताव, पंजीयन प्रमाण पत्र, बैंक खाता की छाया प्रति, ग्रेडिंग एवं अन्य सम्यक दस्तावेज** सहित आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग में जमा कर सकते हैं।

**ग्राम पंचायत भैंसा हेतु** विज्ञापित नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान के लिए आवेदन हेतु नियमावली (शर्ते), आवेदन पत्र का विहित प्रारूप (परिशिष्ट-1), अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग जिला रायपुर, **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत आरंग एवं नगर पालिका परिषद, आरंग एवं नगर पालिका परिषद, मंदिर हसौद, नगर पंचायत चंदखुरी, समोदा** की नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

जी -262700345/3



**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला राजनांदगांव**

**// द्वितीय निविदा सूचना //**

राजनांदगांव, दिनांक 23-4-2026

छत्तीसगढ़ आबकारी देशी / विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 अधिसूचना क्रमांक / एफ-10-10/2018/ वाक. (आब) / पांच / 2024 नवा रायपुर दिनांक 07.03.2018 एवं कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक/आब./ठेका/2025/581, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 28.01.2026 के अनुपालन में -

राजनांदगांव जिला के अंतर्गत नवीन कम्पोजिट देशी मदिरा दुकानें प्रारम्भ करने हेतु वाणिज्यिक एवं राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से उपयुक्त भाड़े पर दुकान / परिसर लेने बाबत् कानूनी भवन मालिकों से निविदाएँ बोली प्रणाली के रूप में अर्थात निर्धारित प्रारूप में तकनीकी बोली (टेक्निकल बिड) अनुबंध-1 एवं वित्तीय बोली (फायनेसिंयल बिड) अनुबंध-2 आमंत्रित की जाती है।

जिले में कम्पोजिट देशी मदिरा दुकान घुमका में आपत्तिरहित स्थल पर एवं आबकारी राजस्व सुरक्षा तथा वाणिज्यिक दृष्टिकोण से जिसका क्षेत्रफल सी.एस.एम.सी.एल की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

इच्छुक निविदादाता निविदा की शर्ते एवं द्वितीय निविदा संबंधी समस्त जानकारी तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 12.05.2026 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी जिला राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 76 से प्राप्त कर सकते है।

मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13.05.2026 को 12:00 बजे तक निर्धारित किया जाता है तथा दिनांक 13.05.2026 को 1:00 बजे अपरान्हः उप समिति के समक्ष निविदा खोले जाने की कार्यवाही की जावेगी। (कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

**प्र. सहायक आयुक्त आबकारी**
**हेतु कलेक्टर**
**राजनांदगांव छ.ग.**

जी -262700355/3



**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया / Union Bank of India** — A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018

परिशिष्ट-IV ए [नियम 6(8) के परंतुक को देखें]

**अचल संपत्ति की विक्रय हेतु बिक्री सूचना**

**ई-नीलामी बिक्री सूचनाः बैंक में बंधक रखे अचल संपतियों का, वितीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सहपठित धारा 8(6) के तहत विक्रय किया जाना है।**

सर्वसाधारण, विशेष रूप से ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिनका **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी ने **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** लिया है, **"जैसा है, जहां है और जैसा है, जो है"** के आधार पर दिनांक **12/05/2026** समय (प्रातः **11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक**) पर नीलाम किया जावेगा, जिसका विवरण नीचे दिए अनुसार है । आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि संपत्ति के विरुद्ध नीचे दर्शाये गये तालिका में उल्लेख किया गया है ।

| क्र. | उधारकर्ता एवं जमानतदार/शाखा का नाम | सपत्तियों का विवरण | बकाया राशि (रू.) | आरक्षित मूल्य अमानत राशि बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री दीपक कुमार पुत्र जनार्दन प्रसाद श्रीमती मीना पत्नी दीपक कुमार शाखा- भिलाई सुपेला | ख.नं. 303/15, 303/2, 303/10, ब्लॉक-ई, साई विलास एवं अपार्टमेंट, टाईप-1, तृतीय तल, मौजा- जांजगिरी, वार्ड नं. 24, प.ह.नं. 44/49, आरएनएम- अहिरवारा, तहसील- धमधा, जिला- दुर्ग छ.ग., क्षेत्रफल- 0.720 हेक्टेयर, निर्मित क्षेत्रफल- 350.02 वर्गफीट में स्थित फ्लैट नं. 305. | ₹ 17.77 लाख + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 9.00 लाख<br>₹ 0.90 लाख<br>₹ 0.10 लाख |
| 02 | ऋणी- बाबा महंत दास एवं मिताली दास शाखाः घड़ी चौक, सुपेला (छ.ग.) | प्लॉट नं. ईडब्ल्यूएस- 115ए, वार्ड नं. 7, फरीद नगर, छ.ग. हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, कोहका, भिलाई (छ.ग.) | ₹ 12,88,844.34 + 01.06.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 14.00 लाख<br>₹ 1.40 लाख<br>₹ 0.15 लाख |
| 03 | मेसर्स. माँ चंडी स्टील ट्रेडर्स (सभी साझेदारों एवं गारंटरों के माध्यम से) श्री चंद्रिका सिंह यादव, श्री घनश्याम सिंह साहू, श्री डागेश्वर साहू, शाखा- चरोदा | खसरा नं. 106/17 (106/01 का पुराना भाग), मौजा- बोरियाखुर्द, प.ह.नं 71 (पुराना प.ह.नं 118/51), आरआईसी- रायपुर, 14 बोरियाखुर्द में लगभग 93 वर्ग मीटर का मकान। | ₹ 18,28,000.00 + 31.07.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 23.00 लाख<br>₹ 2.30 लाख<br>₹ 0.23 लाख |
| 04 | श्री अरविंद कुमार शुक्ला एवं श्रीमती ज्योति शुक्ला चरोदा शाखा | स्वामित्व- अरविंद शुक्ला, ख.नं. 63/10 भाग, मौजा- कुम्हारी, कबीर नगर के पास, वार्ड पीसी नं. 3, आरआईसी- भिलाई 3, पाटन, कुम्हारी, क्षेत्रफल- 1890 वर्गफीट। | ₹ 9,33,000.00 + 01.01.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 6.00 लाख<br>₹ 0.60 लाख<br>₹ 0.06 लाख |

**उपरोक्त संपत्तियों पर ऋणभार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है - ज्ञात नहीं है ।**

**ई-नीलामी की तिथि व समयः 12/05/2026, सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक ।**

पंजीकरण, लॉगिन एवं बोली नियमों के लिए देखें **ऑनलाइन ई-नीलामी वेब पोर्टल/वेबसाइट https://baanknet.in** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, किसी भी विस्तृत पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें: **क्र. 01 व 02 के लिए: श्री प्रदीप बारिक/ मोबा. 7077103753. एवं नं. 03 व 04 के लिए: श्री सुनील मौर्य/ मोबा. 9919175656.**

**उधारकर्ताओं और गारंटरों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।**

दिनांकः 25.04.2026, प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

## 'आप' से बेअसर छत्तीसगढ़



दिल्ली में आम आदमी पार्टी में बगावत का असर छत्तीसगढ़ में होगा या नही इस पर कुछ लोग राजनीतिक जुगाली कर रहे है। हालांकि इसकी वजह है कि छत्तीसगढ़ी मूल के संदीप पाठक आप से राज्यसभा में थे वे भी भाजपा में चले गए है सो स्वाभाविक तौर पर राज्य की राजनीति पर बात तो होगी, लेकिन आम आदमी पार्टी राज्य में पहले भी मैदानी तौर पर बेअसर ही रही है। राज्य बनने के बाद 2018 को यदि छोड़ दे तो राज्य की द्विदलीय राजनीतिक चेतना ने बसपा तक को विधानसभा से बाहर कर दिया हैं तो फिर आप की गुंजाइश कहा? जिस जोगी पिता-पुत्र ने 2018 में बसपा के साथ मिलकर 7 सीटे और 12 फीसदी वोट पाए थे वे आज शून्य पर है। बहरहाल तीसरे मोर्चे के रूप में गोंडवाना गंणतंत्र पार्टी का एक विधायक है। लेकिन यदि कोई कहे कि संदीप पाठक के भाजपा में जाने से छत्तीसगढ़ की राजनीतिक सेहत पर कोई असर होगा तो ऐसा संभव दिखता नहीं है।

## आबकारी, शराबखोरी और चिन्दी चोरी

प्रदेश में बहुचर्चित शराब घोटाले की कई परतें खुल चुकी हैं। लेकिन घोटाले के नए मामले अभी भी लगातार खुल रहे हैं। आबकारी विभाग के अफसरों ने शराब दुकानों में ठेके पर सेल्समैन का काम करने वाले कर्मचारियों को भी नहीं छोड़ा। पूरे प्रदेश की शराब दुकानों में एजेंसियों के छोटे कर्मचारियों को ओवरटाइम, बोनस और अवकाश के दिनों में ड्यूटी का मेहनताना नहीं दिया गया। कुल 115 करोड़ की रकम ओवरटाइम करने पर कर्मचारियों को मिलनी थी। यह रकम डकार ली गई। अवकाश के दौरान काम करने और बोनस के रूप में मिलने वाले 67 करोड़ भी हजम कर लिये गए। इस मामले की जांच कर रही ईओडब्लू ने खुलासा किया है। नकली होलोग्राम और अवैध शराब बिक्री के जरिये हजारों करोड़ रुपए का वारा न्यारा करने वाले अफसरों ने साबित कर दिया है कि सेल्समैन जैसे छोटे कर्मचारियों के साथ चिंदीचोरी करने में भी आबकारी विभाग का कोई मुकाबला नहीं है।

## आगे कौन, नेता या अफसर?

आम तौर पर करप्शन के मामलों में सबसे ज्यादा निशाने पर राजनेता ही रहते हैं। लेकिन, छत्तीसगढ़ में नदी की धारा उल्टी बह रही है। यहां नेताओं ने अपनी गर्दन बचा रखी हैं लेकिन अफसर गले तक फंसे हैं। पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में डीएमएफ, कोल लेवी, शराब घोटाले, धान लेवी घोटाले और हेल्थ विभाग में गड़बड़ी के अलावा महादेव सट्टा सहित अन्य मामलों में प्रदेश के 47 अफसरों के खिलाफ जांच चल रही है। सबसे अहम बात ये है कि प्रदेश के 26 आईएएस अफसरों के खिलाफ जांच चल रही है। इसी तरह पुलिस महकमे के 6 आईपीएस भी अलग-अलग मामलों में फंसे हैं। जंगल विभाग के 15 अफसर भी जांच के दायरे में हैं। हालांकि इस तरह के मामलों में अफसरों के मुकाबले राजनेताओं की संख्या काफी कम है। लेकिन खुद को बचाने में प्रदेश के नेताओं की जमात ज्यादा सयानी निकली। अब भविष्य ही बताएगा कि आगामी दिनों में ईडी, सीबीआई और आईटी के शिकंजे में फंसने वालों में पलड़ा किसका भारी रहता हैं।

## पेंडेंसी निपटाओं नहीं तो खुद निपट जाओ

*आगामी 1 मई से शुरू होने वाले 'सुशासन तिहार' को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सख्त तेवर से नौकरशाही खौफजदा है। दरअसल कलेक्टरों और विभागीय सचिवों को शुद्ध हिन्दी में समझा दिया गया है कि 30 अप्रैल तक राजस्व समेंत सभी विभागों के पेंडिंग प्रकरणों का निपटारा कर दिया जाए। एक मई से राज्य भर में घूमकर अपनी सरकार के ढाई साल के कामकाज का मूल्यांकन करने निकल रहे मुख्यमंत्री को यदि इस दरम्यान किसी ग्रामीण ने भरी भीड़ में बता दिया कि उसके प्रकरण का निपटारा अफसर नहीं कर रहे हैं तो अफसर या कर्मचारी वही निपट सकते हैं। क्योकि पिछले सुशासन तिहार में साय के सख्त तेवरों का खामियाजा अफसर भुगत चुके है।*

## साहब का तोता पकड़ने में फायर ब्रिगेड के उड़ने लगे तोते

फायर ब्रिगेड की टीम को हमेशा आग लगने पर ही याद किया जाता है। लेकिन छत्तीसगढ़ में पहली बार ऐसा हुआ जब तोते को पकड़ने फायर ब्रिगेड बुलाई गई। इस काम में फायर ब्रिगेड कर्मियों को काफी संघर्ष भी करना पड़ा। दरअसल, बस्तर इलाके के एक प्रमुख शहर में होम गार्ड के जिला सेनानी का तोता ऊंचे पेड़ की ऊंची टहनी पर बैठ गया। अब तोता प्रेमी साहब ने अपने होमगार्ड के जवानों को तोते को नीचे लाने का आदेश दे दिया। तोता नीचे आने को तैयार नहीं था। किसी ने सलाह दी कि फायर ब्रिगेड की टीम अगर पानी की बौछार करे तो ऊंची टहनी पर बैठा तोता उड़कर नीचे आ सकता है। इस सलाह पर अमल करने के आदेश दिये गए। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने तोते पर पानी की बौछार की। फलतः पानी के प्रेशर से एक भवन की छत पर गिरे तोते को वन विभाग का कर्मचारी तोते की तीमारदारी करने ले गया है। पद का दुरुपयोग किये जाने का मामला गरमाने के बाद अब जवाब देने में साहब के तोते उड़ रहे है। साहब कह रहे हैं कि पानी का प्रेशर चेक करने के लिये पेड़ पर पानी की बौछार की गई। अपनी तरह के अनोखे विवाद में उलझ चुके साहब के बारे में कहा जा रहा है कि अब उन्होंने भविष्य में तोते पालने से तौबा कर ली है।

## ऑफलाइन बिजली बिल में गड़बड़ी

मुख्यालय में बैठकर बिजली की समस्याओं को लेकर रायशुमारी करने वाले अफसरों के लिए एक नई मुसीबत आफलाईन ने खड़ी कर दी है। कवर्धा के एक गांव रवेलीडीह में उपभोक्ताओं ने ऑफलाइन बिजली बिल जमा किया लेकिन विभाग के खाते में वहा के कर्मचारियों ने जमा नहीं किया सो लगभग 20 लाख रुपए का फटका बिजली कंपनी को लगा। अब यह देखा जाना है बाकि है कि बिजली बिल की रकम उड़ाने में और कहां-कहां गड़बड़ घोटाले किये गए हैं। कुछ साल पहले प्रदेश में करीब 12 करोड़ की रकम हजम किये जाने के बाद पॉवर कंपनी के कई अफसर, कर्मचारी सस्पेंड किये गए थे। बाद में सब बहाल हो गए। पता चला है कि 12 करोड़ की रकम भी बिजली कंपनी को वापस नहीं मिली। यानी रकम की वसूली करने में पॉवर कंपनी नाकाम रही। गबन के इस मामले से प्रेरणा लेकर बिजली विभाग में अब 20 लाख के गबन के खुलासे से नई शुरुआत हुई है। पॉवर कंपनी के अफसर अब पूरे प्रदेश में बिजली बिल की चोरी के मामलों की जांच कर रहे हैं।

## जंगल में मंगल

जंगल की निगरानी के लिये बीट गार्ड की ड्यूटी लगाई जाती है। उदंती सीतानगर टाइगर रिजर्व के वन्यप्राणी रहवास क्षेत्र में करीब एक लाख पेड़ कट गए और बीट गार्ड को कानोंकान खबर नहीं हुई। दिलचस्प बात ये रही कि कटाई के बाद यहां सुनियोजित तरीके से अतिक्रमण भी कर लिया गया। जंगल विभाग की ढाई सौ एकड़ से ज्यादा जमीन पर कब्जा भी हो गया। बीते कई साल से कटाई जारी रहने के बावजूद जंगल की निगरानी क्यों नहीं की गई। अब यह शोध का विषय है कि बीट गार्ड इतनी गहरी नींद में क्या खा-पी कर सोते रहे। इस मामले में 166 कब्जेधारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। देखना ये है कि इस समयकाल में वहां पदस्थ रहे अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है या नहीं। वैसे भी यह सर्वविदित है कि जंगल विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जंगल में ही मंगल है।

## प्लास्टिक की बोतल में शराब और राजस्व की चिन्ता

*राज्य सरकार के राजस्व की रीढ़ के नाम से प्रसिद्ध आबकारी विभाग को शराब से मिलने वाले राजस्व की कमी का अजीबोगरीब कारण सामने आ रहा है। दरअसल विभाग ने तय किया है कि चीफ रेंज के ब्रांड अब प्लास्टिक के बोतल में दिए जाएंगे लेकिन इसकी टेंडर और बाकि प्रक्रिया में हो रही देरी से शराब प्रेमी तो परेशान है विभाग भी राजस्व की कमी को लेकर चिन्तित है। दरअसल शराब घोटाले में की आंच अभी ठंडी नहीं हुई है इसलिये दूध के जले अफसर छांछ भी फूंक कर पी रहे है इसलिए जो नुकसान होना है होता रहे कोई अफसर अपनी गर्दन फंसाने तैयार नही है। क्योकि प्लास्टिक की बोतल में 6 दिन से ज्यादा शराब रहने पर पीने वाले के स्वास्थ्य पर असर पड़ने संबधी रिसर्च रिपोर्ट के लेकर विभाग भी संजीदा है।*

## करेंसी ने दिखाया कमाल, अब पावर की बारी

पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के बड़े नौकरशाहों में से एक महिला आईएएस लिफ्ट में फंस गई। वे राजधानी स्थित करेंसी टॉवर के जिम में एक्सरसाइज के लिये जा रही थी। लिफ्ट अचानक बंद हो गई और करीब 40 मीनट तक लिफ्ट में फंसी रहने के बाद उन्होंने इसकी सूचना दूसरे अफसरों को दी। आनन फानन में अफसरों की टीम पहुंची और सीनियर महिला आईएएस को लिफ्ट से बाहर निकाला गया। इसके बाद इसी लिफ्ट में एक कांग्रेस नेता भी फंस गए। उन्हें भी बाहर निकाला गया। मजे की बात ये है कि वे कौनसे अफसर होते है जो जांच कर लिफ्ट को क्लीन चिट देते है। लोग सवाल कर रहे हैं कि एक हफ्ते के भीतर एक सीनियर आईएएस और कांग्रेस नेता के लिफ्ट में फंसने के बावजूद क्लीन चिट कैसे मिल गई। जानकार बता रहे हैं कि क्लीनचिट देने का कमाल करेंसी टॉवर की करेंसी ने दिखाया है। अब इस करेंसी टावर को पावर दिखाने का इन्तजार हैं।

# मनमानी फीस नहीं बढ़ाएं स्कूल, विशेष दुकान से बुक-ड्रेस खरीदने बाध्य न करें

**रायपुर/नवप्रदेश।** पालकों की लगातार शिकायतों के बाद राज्य सरकार ने निजी स्कूलों की मनमानी पर सख्ती दिखाते हुए कड़े निर्देश जारी किए हैं। मुख्य सचिव ने सभी जिलों के कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को स्पष्ट रूप से कहा है कि स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से फीस वृद्धि, किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए दबाव डालने जैसी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया है कि प्रत्येक निजी स्कूल में फीस विनियमन समिति को सक्रिय किया जाए और नियमों के विपरीत फीस बढ़ाने वाले स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्कूल को पालकों को किसी विशेष दुकान से किताबें या ड्रेस खरीदने के लिए बाध्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### 8 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि पर रोक

प्रदेश में लागू छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन अधिनियम 2020 के तहत निजी स्कूल अपने स्तर पर अधिकतम 8 प्रतिशत तक ही फीस बढ़ा सकते हैं। इससे अधिक वृद्धि के लिए जिला फीस समिति से अनुमति लेना अनिवार्य है। बावजूद इसके कई स्कूलों द्वारा 10 से 12 प्रतिशत तक फीस बढ़ाने की शिकायतें सामने आई हैं। शासन ने इस पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टरों को निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

### फीस समितियों को सक्रिय करने के निर्देश

मुख्य सचिव ने कहा कि कई स्कूलों में फीस समिति केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। वहीं जिला और राज्य स्तर की समितियों की बैठकें भी नियमित नहीं हो रही हैं। ऐसे में सभी स्तरों पर समितियों को सक्रिय कर पारदर्शिता सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## सीजी पीएससी: असिस्टेंट लाइब्रेरियन आवेदन की 29 अप्रैल अंतिम तारीख

**रायपुर (नवप्रदेश)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी पीएससी) ने उच्च न्यायालय के तहत सहायक ग्रंथपाल (असिस्टेंट लाइब्रेरियन) पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती के तहत कुल 7 पद भरे जाएंगे, जिनमें अनारक्षित, एससी और ओबीसी के लिए एक-एक पद तथा एसटी वर्ग के लिए 4 पद आरक्षित हैं। आवेदन प्रक्रिया 24 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 23 मई 2026 तक चलेगी, जबकि प्रारंभिक परीक्षा की संभावित तिथि 26 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है।

### ऐसे करें आवेदन

- सबसे पहले छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।
- होमपेज पर ऑनलाइन आवेदन लिंक पर क्लिक करें।
- नए अभ्यर्थी पहले रजिस्ट्रेशन करें, फिर लॉगिन करें।
- आवेदन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी सावधानीपूर्वक भरें।
- आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें।
- आवेदन शुल्क का भुगतान करें (यदि लागू हो)।
- फॉर्म सबमिट कर उसका प्रिंट आउट सुरक्षित रखें।

### चयन प्रक्रिया

- उम्मीदवारों का चयन प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को पे-लेवल 10 के तहत 43,200 से 1,36,500 प्रतिमाह तक वेतन दिया जाएगा।

### शैक्षणिक योग्यता

- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से लाइब्रेरी साइंस या लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री अनिवार्य है।

### आयु सीमा

- न्यूनतम आयु: 21 वर्ष
- अधिकतम आयु: 30 वर्ष
- छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष तय की गई है
- आरक्षित वर्गों को नियमानुसार छूट मिलेगी

## पेट्रोल-डीजल पर अफवाहें बेबुनियाद, स्टॉक पर्याप्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग ने कहा है कि राज्य में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसलिए लोगों को अफवाहों से सावधान रहना चाहिए। कुछ औद्योगिक उपभोक्ताओं द्वारा रिटेल आउटलेट से डीजल खरीदने से अस्थायी दबाव बन रहा है। इसे नियंत्रित किया जा रहा है। इसी के साथ जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सभी जिलों में छापेमारी की जा रही है। शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन भी सक्रिय है। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 2516 पेट्रोल पंपों और ऑयल कंपनियों के डिपो में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल मौजूद है।

## साय कैबिनेट 29 अप्रैल को

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक 29 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में होगी। बैठक में छत्तीसगढ़ विधानसभा के 30 अप्रैल को होने वाले विशेष सत्र की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन विधेयक-2026 के पारित नहीं होने के बाद छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा विधानसभा के विशेष सत्र में विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। कैबिनेट की बैठक में निंदा प्रस्ताव के प्रारूप का अनुमोदन किया जा सकता है। इसके अलावा विभिन्न विभागों के अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दिए जाने की संभावना है। कैबिनेट में खरीफ सीजन 2026 के लिए प्रदेश में खाद-बीज की उपलब्धता तथा पश्चिम एशिया की मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए एलपीजी सिलेंडर तथा पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में भी तैयारियों की समीक्षा की जा सकती है।

## युवक को जिंदा जलाने की कोशिश, आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक गंभीर घटना सामने आई है, जहां सोशल मीडिया पर किए गए एक स्टेटस ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। जानकारी के मुताबिक भरवाडीह थाना पलारी निवासी 19 वर्षीय भीमवली साहू ने 21 अप्रैल को इंस्टाग्राम पर एक आपत्तिजनक स्टेटस पोस्ट किया था, जिसके बाद कुछ युवकों के साथ उसकी कहासुनी शुरू हो गई।

बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 2 बजे खरोसी नाला के पास राहुल भारती, मानु साहू, अनुग्रह बंजारे सहित अन्य साथियों ने युवक को घेर लिया। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर उस पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान युवक की दाहिनी आंख के पास गंभीर चोट आई है। घटना ने उस वक्त और खौफनाक रूप ले लिया जब आरोपियों ने युवक के ऊपर पेट्रोल डालकर उसे आग लगाने की कोशिश की। हालांकि मौके पर आसपास मौजूद लोगों के पहुंचने से युवक की जान बच गई और आरोपी घबराकर मौके से फरार हो गए।

घायल युवक की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस मामले में आधा दर्जन से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## क्लब्रियंट हॉस्पिटैलिटी एजेंसी ने सस्ते में विदेश टूर कराने का झांसा देकर की ठगी

**रायपुर/नवप्रदेश।** मैग्नेटो मॉल स्थित क्लब्रियंट हॉस्पिटैलिटी एजेंसी ने सस्ते में विदेश टूर कराने का झांसा देकर आधा दर्जन लोगों से ठगी की है। तीन पीड़ितों ने ढाई लाख से ज्यादा की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, कोटा निवासी शेरसिंह राजपूत (40) ने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखकर क्लब्रियंट हॉस्पिटैलिटी से संपर्क किया। उनकी एजेंसी के कर्मचारी से बातचीत हुई, जिसने उन्हें मैग्नेटो मॉल स्थित ऑफिस बुलाया। शेरसिंह 15 अप्रैल को वहां पहुंचे और दो साल की स्कीम के लिए 70 हजार जमा कर दिए। दो दिन पहले जब वह दोबारा मॉल पहुंचे, तो पाया कि कंपनी का ऑफिस बंद है।

## भीषण गर्मी से हलाकान लगातार बढ़ रहा पारा, रायपुर में ग्रीष्मलहर चलने की चेतावनी

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानीवासी शनिवार को भीषण गर्मी से हलाकान रहे। दिनभर ग्रीष्म लहर जैसे हालात रहे। वहीं शाम-रात में भी गर्म हवाएं चलती रही। मौसम विभाग ने रायपुर समेत मध्य छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों में 26 अप्रैल और 27 अप्रैल तक ग्रीष्म लहर चलने की चेतावनी दी है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान राजनांदगांव में 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। रायपुर में अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से दक्षिण बांग्लादेश तक बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका / हवा की अनियमित गति पूर्वी विदर्भ से कोमोरिन क्षेत्र तक तेलंगाना, अंदरूनी कर्नाटक और तमिलनाडु होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक चक्रवात महाराष्ट्र और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 26 अप्रैल से दक्षिण बस्तर के जिलों में गर्मी से राहत रहने की संभावना बन रही है।

ग्राफिक्स एआई

**प्रदेश के अधिकांश भागों में पारा 40 के पार:** प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ी जगदलपुर को छोड़कर प्रदेश के अधिकांश भागों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। रायपुर में अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस, माना में 42.8 डिग्री, बिलासपुर में 43.6 डिग्री, पेंड्रारोड में 40.9 डिग्री, अम्बिकापुर में 40.4 डिग्री, जगदलपुर में 39.1 डिग्री, दुर्ग में 42.8 डिग्री और राजनांदगांव में 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com